ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर

सत्यमेव जयते

झारखण्ड सरकार GOVERNMENT OF JHARKHAND



श्रीमती द्रौपदी मुर्मु
भारत की माननीय राष्ट्रपति

का वीर भूमि झारखण्ड में
अभिनंदन और
जोहार

दिनांक: 26 फरवरी, 2026



श्री संतोष कुमार गंगवार
माननीय राज्यपाल, झारखण्ड



श्री हेमन्त सोरेन
माननीय मुख्यमंत्री, झारखण्ड

PR No. 373628 (IPRD) 2025-26

सूचना एवं जनसम्पर्क विभाग, झारखण्ड सरकार

## ट्रेन की चपेट में आने से मजदूर की दर्दनाक मौत

**हैदरनगर।** पलामू जिले के हैदरनगर क्षेत्र में मंगलवार देर रात एक दर्दनाक हादसे में 34 वर्षीय मजदूर नन्हू राम की ट्रेन की चपेट में आने से मौत हो गई। घटना हैदरनगर बाजार रेलवे क्रॉसिंग और हाईस्कूल क्रॉसिंग के बीच की बताई जा रही है। मृतक की पहचान डालटनगंज के बारालोटा निवासी नन्हू राम के रूप में हुई है, जो हैदरनगर के एक होटल में मजदूरी कर अपने परिवार का भरण-पोषण करता था। आशंका जताई जा रही है कि वह रात में शौच के लिए निकला था, इसी दौरान तेज गति से गुजर रही ट्रेन की चपेट में आ गया। घटना की सूचना मिलते ही स्थानीय पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर अनुमंडलीय अस्पताल, हुसैनाबाद भेज दिया। परिजनों के पहुंचने की प्रतीक्षा की जा रही है। इस हृदय विदारक घटना से पूरे क्षेत्र में शोक की लहर है।

# पांकी के जांजो में 2.5 एकड़ में लगी अफीम की फसल नष्ट

नवीन मेल संवाददाता



**पांकी।** थाना क्षेत्र के ग्राम जांजो में वन भूमि एवं गैर मजरूआ भूमि पर अवैध रूप से की जा रही अफीम/पोस्ता की खेती के विरुद्ध पुलिस ने बड़ी कार्रवाई की। बुधवार दोपहर चलाए गए अभियान में लगभग ढाई एकड़ में लगी अवैध फसल को नष्ट कर दिया गया। यह कार्रवाई पांकी थाना, ताल पिकेट एवं वन विभाग की संयुक्त टीम द्वारा की गई। थाना प्रभारी राजेश रंजन ने बताया कि अवैध खेती में संलिप्त व्यक्तियों की पहचान एवं सत्यापन की प्रक्रिया जारी है। वन विभाग द्वारा वन अधिनियम के तहत वाद दायर कर अग्रेतर कानूनी कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि मादक पदार्थों की अवैध खेती और तस्करी के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा।

## भीमचूल्हा पार्क में सिंचाई की समुचित व्यवस्था का अभाव

**मोहम्मदगंज।** भीमचूल्हा को पर्यटक स्थल के रूप में विकसित किए जाने के पांच वर्ष बाद भी पार्क में लगाए गए घास एवं फूल-पौधों की सिंचाई की मुकम्मल व्यवस्था नहीं हो सकी है। हालांकि विवाह मंडप के समीप सोलर सिस्टम से जलमीनार स्थापित कर पेयजल की सुविधा दी गई है, उसी के सहारे प्लास्टिक पाइप के माध्यम से पुजारी सह गाइड पंडित गंगा तिवारी पौधों की सिंचाई कर हरियाली बचाने का प्रयास कर रहे हैं। कोयल नदी के तट पर स्थित होने के बावजूद सिंचाई की स्थायी व्यवस्था नहीं होना लोगों के लिए चिंता का विषय है। स्थानीय लोगों ने गर्मी से पहले सिंचाई की ठोस व्यवस्था सुनिश्चित करने की मांग की है, ताकि इस ऐतिहासिक स्थल की रौनक बरकरार रह सके।

## 24 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध मौत में प्राथमिकी दर्ज




नवीन मेल संवाददाता

**हुसैनाबाद (पलामू)।** हुसैनाबाद थाना क्षेत्र के देवरी ओपी अंतर्गत देवरी पहाड़ी गांव में 24 वर्षीय विवाहिता की संदिग्ध परिस्थितियों में मौत का मामला सामने आया है। मृतका के पिता अमरदेव चौधरी (निवासी कटुअल कला, चैनपुर) के आवेदन पर पुलिस ने पति समेत पांच लोगों के विरुद्ध प्राथमिकी दर्ज की है। आवेदन में आरोप लगाया गया है कि वर्ष 2023 में सन्ध्या कुमारी की शादी रविन्द्र चौधरी के साथ हुई थी। विवाह के कुछ माह बाद से ही दहेज को लेकर प्रताड़ना दी जा रही थी। इस संबंध में पूर्व में पंचायत भी हुई थी। परिजनों का आरोप है कि मंगलवार को ससुराल पक्ष द्वारा हत्या कर दी गई और घटना के बाद सभी घर छोड़कर फरार हो गए। सूचना मिलते ही पुलिस मौके पर पहुंची और शव को कब्जे में लेकर पोस्टमार्टम के लिए भेज दिया। देवरी ओपी प्रभारी बबलू कुमार ने बताया कि आवेदन के आधार पर मामला दर्ज कर लिया गया है और पुलिस विभिन्न पहलुओं से जांच कर रही है।

# रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट जपला ने रेलवे एक्ट में 94 पर की कार्रवाई

नवीन मेल संवाददाता




**हुसैनाबाद।** वरीय अधिकारियों के निर्देशन में रेलवे सुरक्षा बल पोस्ट जपला द्वारा जनवरी 2026 से अब तक रेलवे एक्ट के विभिन्न प्रावधानों के तहत विशेष अभियान चलाया गया। इस दौरान अनधिकृत रूप से लाइन क्रॉस करने, महिला एवं विकलांग कोच में यात्रा करने, चेन पुलिंग तथा अवैध वेंडरिंग करने वाले कुल 94 लोगों के विरुद्ध कार्रवाई की गई। सभी आरोपियों को रेलवे न्यायिक दंडाधिकारी, डाल्टनगंज की अदालत में प्रस्तुत किया गया, जहां न्यायालय द्वारा आर्थिक जुर्माना लगाकर रिहा किया गया। आरपीएफ निरीक्षक प्रभारी राजेश कुमार मीणा के नेतृत्व में जनजागरूकता अभियान भी चलाया जा रहा है। यात्रियों को रेलवे नियमों का पालन करने, हेल्पलाइन 139 का उपयोग करने, अनजान व्यक्तियों से सावधान रहने तथा यात्रा के दौरान सुरक्षा मानकों का पालन करने की अपील की गई है।

## जनता व प्रशासन का होली मिलन समारोह 1 मार्च को

**हरिहरगंज (पलामू)।** शहर के अररूआ खुर्द मिडिल स्कूल मैदान में 1 मार्च को जनता व प्रशासन के संयुक्त तत्वावधान में होली मिलन समारोह का आयोजन किया जाएगा। इसकी जानकारी कार्यक्रम संयोजक कमलेश कुमार यादव एवं अमित कुमार सिंह ने प्रेस वार्ता में दी। कमलेश कुमार यादव ने बताया कि वर्ष 2017 से क्षेत्र में यह आयोजन निरंतर किया जा रहा है। होली प्रेम, सद्भाव और भाईचारे का पर्व है, जिसे सभी वर्गों को मिलजुलकर मनाना चाहिए। अमित कुमार सिंह ने बताया कि समारोह में पूर्व मंत्री गिरीनाथ सिंह, के.एन. त्रिपाठी, पूर्व विधायक डब्लू सिंह, सपा प्रदेश अध्यक्ष रंजन यादव, झामुमो जिलाध्यक्ष राजन सिन्हा सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहेंगे।

# हरिहरगंज थाना कांड में चोरी की पल्सर बाइक बरामद, दो गिरफ्तार

नवीन मेल संवाददाता

**हरिहरगंज/मेदिनीनगर।** हरिहरगंज थाना कांड संख्या 13/26, दिनांक 23.01.2026, धारा 303 (2)/317 (5)/3 (5) बीएनएस के तहत दर्ज मोटरसाइकिल चोरी मामले में पुलिस को महत्वपूर्ण सफलता मिली है। चोरी की गई पल्सर मोटरसाइकिल को औरंगाबाद (बिहार) से बरामद कर दो आरोपियों को गिरफ्तार किया गया है। 24 फरवरी 2026 को नरारी कला खुर्द थाना, औरंगाबाद (बिहार) से दूरभाष पर सूचना प्राप्त हुई कि वाहन चेकिंग के दौरान बिना नंबर की एक पल्सर मोटरसाइकिल पकड़ी गई है। वाहन के सत्यापन में



यह हरिहरगंज थाना क्षेत्र से चोरी गई बाइक पाई गई। सूचना मिलते ही वरीय पदाधिकारियों को अवगत कराते हुए पुलिस टीम का गठन किया गया। टीम ने नगरी कला खुर्द थाना, औरंगाबाद (बिहार) पहुंचकर औपचारिक कार्रवाई के बाद उक्त मोटरसाइकिल को बरामद किया। वाहन के साथ पकड़े गए युवक की पहचान गोलू कुमार गिरी (उम्र लगभग 21 वर्ष), पिता जयहिंद गिरी उर्फ जहिन गिरी, निवासी पीपरा, थाना माली, जिला औरंगाबाद (बिहार) के रूप में हुई। पूछताछ के दौरान उसने अपराध में अपनी संलिप्तता स्वीकार की। उसके बयान के आधार पर दूसरे आरोपी अभिषेक कुमार उर्फ गोलू (उम्र लगभग 22 वर्ष), पिता सरोज सिंह, निवासी ओंकाराहा, थाना एनटीपीसी खैरा, जिला औरंगाबाद (बिहार) को भी छापेमारी कर गिरफ्तार किया गया। पूछताछ में एक अन्य आरोपी अरविंद का नाम सामने आया है, जिसकी गिरफ्तारी के लिए पुलिस छापेमारी कर रही है। गिरफ्तार दोनों आरोपियों को 25 फरवरी 2026 को न्यायिक हिरासत में भेजा जा रहा है। पल्सर मोटरसाइकिल बरामद किया गया है। कार्रवाई में थाना प्रभारी देवबत पोद्दार, पु०अ०नि० संतोष कुमार, पु०अ०नि० राकेश कुमार सिंह, स०अ०नि० बिनोद कुमार राय सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं जवान शामिल थे। पुलिस ने बताया कि क्षेत्र में चोरी की घटनाओं पर अंकुश लगाने के लिए विशेष अभियान जारी रहेगा।

# सड़क के अभाव में कोठी टोला में आवागमन दूभर, लोग परेशान

नवीन मेल संवाददाता



**मोहम्मदगंज।** स्थानीय पंचायत अंतर्गत अफीम कोठी टोला आज भी बुनियादी सड़क सुविधा से वंचित है। प्रखंड मुख्यालय के समीप स्थित होने के बावजूद यहां के ग्रामीणों को आवागमन के लिए कच्ची और संकरी पगडंडी का सहारा लेना पड़ता है। टोला तक पहुंचने के लिए मुख्य नहर के दाहिने किनारे की सड़क से होकर जाना पड़ता है, लेकिन वहां से अंदर जाने के लिए अब तक पक्की सड़क का निर्माण नहीं हो सका है। परिणामस्वरूप लोग छोटी गलीनुमा कच्चे रास्ते से घरों तक पहुंचते हैं। विशेषकर बरसात के मौसम में यह रास्ता कीचड़मय और फिसलन भरा हो जाता है, जिससे बच्चों, बुजुर्गों और महिलाओं को काफी कठिनाई का सामना करना पड़ता है। ग्रामीणों का कहना है कि कई बार पंचायत एवं प्रशासनिक स्तर पर सड़क निर्माण की मांग उठाई गई, लेकिन अब तक ठोस पहल नहीं हो सकी। लोगों ने सड़क निर्माण के साथ-साथ फेवर ब्लॉक या पीसीसी सड़क बनाने की मांग की है, ताकि वर्षभर आवागमन सुगम रह सके। ग्रामीणों ने यह भी कहा कि जब राज्य स्थापना की रजत जयंती वर्ष मनाया जा चुका है, तब भी प्रखंड मुख्यालय के समीप स्थित इस टोले का सड़क जैसी बुनियादी सुविधा से वंचित रहना चिंता का विषय है। बेहतर सड़क सुविधा मिलने से क्षेत्र में विकास और नगरीय सुविधाओं का विस्तार संभव हो सकेगा। बताया जाता है कि अंग्रेजी शासनकाल में इस क्षेत्र में अफीम तैयार करने की कोठी हुआ करती थी, जिसके कारण इसका नाम 'अफीम कोठी' पड़ा। वर्तमान में यहां विभिन्न रैयतों की खतियानी भूमि पर कई परिवार बसे हुए हैं, लेकिन सड़क के अभाव में उनका दैनिक जीवन अब भी कठिनाइयों से घिरा है।

## अमृत भारत मिशन के बीच चिल्ड्रेन पार्क उपेक्षित



शंभू चौरसिया

**मोहम्मदगंज।** स्थानीय रेलवे स्टेशन पर अमृत भारत मिशन के तहत आधुनिक भवन, प्लेटफॉर्म और यात्री सुविधाओं का विकास किया जा रहा है, लेकिन पूर्व में बने चिल्ड्रेन पार्क के संरक्षण की दिशा में अब तक कोई पहल नहीं हुई है। करीब एक दशक पूर्व लाखों रुपये खर्च कर बनाए गए इस पार्क का उद्घाटन तत्कालीन रेल महाप्रबंधक ने किया था। उस समय यह यात्रियों और स्थानीय लोगों के आकर्षण का केंद्र बना था। वर्तमान में रखरखाव के अभाव में पार्क उपेक्षित स्थिति में है। स्थानीय लोगों ने अमृत भारत मिशन के तहत ही इस पार्क के पुनर्विकास की मांग की है, ताकि स्टेशन परिसर की सुंदरता के साथ बच्चों के लिए भी मनोरंजन का सुरक्षित स्थान उपलब्ध हो सके।

# आशिक नगर में 195 छात्र-छात्राओं को आयरन व फोलिक एसिड की दवा

- साप्ताहिक कार्यक्रम के तहत बच्चों ने अनुशासनपूर्वक ग्रहण की दवा

नवीन मेल संवाददाता



**मोहम्मदगंज।** प्रखंड अंतर्गत भजनियां पंचायत के राजकीयकृत उत्क्रमित मध्य विद्यालय, आशिक नगर में बुधवार को 195 छात्र-छात्राओं को फोलिक एसिड और आयरन की दवा खिलाई गई। प्रधानाध्यापक सह सचिव अरविंद कुमार गुप्ता ने बताया कि दवा प्राप्त छात्र-छात्राओं में कक्षा 1 से 5 के 124 तथा कक्षा 6 से 8 के 71 विद्यार्थी शामिल हैं। उन्होंने बताया कि बीआरसी से प्राप्त दवाएं प्रत्येक बुधवार को शिक्षकों द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के तहत बच्चों को दी जाती हैं। विद्यालय में बच्चों ने अनुशासित एवं रुचिपूर्ण तरीके से दवा ग्रहण की। कार्यक्रम को सफल बनाने में सहायक आचार्य संतोष कुमार गुप्ता तथा सहायक अध्यापक दुर्गा प्रजापति और विनोद कुमार मेहता का सराहनीय योगदान रहा।

# हुसैनाबाद के अंबेडकर चौक के समीप ठेला लगने से प्रतिदिन जाम, लोगों की बढ़ी परेशानी

### प्रशासन की पहल के बाद भी नहीं मिली स्थायी राहत

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद।** नगर के अंबेडकर चौक के समीप प्रतिदिन चार से पांच ठेले लगाए जाने के कारण सड़क जाम की समस्या आम हो गई है। जपला-छतरपुर, जपला-दंगवार, जपला-हैदरनगर मार्गों के साथ-साथ अंबेडकर चौक से थाना रोड तक अतिक्रमण के कारण आवागमन बाधित रहता है, जिससे आम नागरिकों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ता है। बताया जाता है कि नगर पंचायत के प्रशासक शशि शेखर सुमन द्वारा पूर्व में अंबेडकर चौक से ठेले हटवाए गए थे, किंतु उनके स्थानांतरण के बाद पुनः वही स्थिति उत्पन्न हो गई है। स्थानीय प्रशासन के निर्देशों के बावजूद अनियंत्रित रूप से खड़ी बाइकें और ठेले जाम की समस्या को बढ़ा रहे हैं। सिद्धनाथ पेट्रोल पंप के समीप मुख्य सड़क पर वाहनों की अव्यवस्थित पार्किंग के कारण स्थिति और भी गंभीर हो जाती है। फ्लाईओवर से उतरने के बाद सड़क दुर्घटना की आशंका भी बनी रहती है। इसके बावजूद स्थायी समाधान की दिशा में अपेक्षित कदम नहीं उठाए जा रहे हैं। आये दिन घंटों तक जाम लगने से आम जनता, राहगीरों और स्कूली बच्चों को कठिनाइयों का सामना करना पड़ता है। हुसैनाबाद पुलिस के हस्तक्षेप के बाद ही यातायात सामान्य हो पाता है। क्षेत्र से प्रतिदिन करीब सौ से अधिक हाइवा सहित विभिन्न प्रकार के भारी वाहनों का परिचालन भी जाम की समस्या को बढ़ा रहा है। नगर पंचायत द्वारा अब तक स्थायी बस और टैक्सी स्टैंड का निर्माण नहीं किए जाने के कारण छोटे-बड़े वाहन सड़कों पर ही खड़े रहते हैं, जो जाम का मुख्य कारण बनता है। स्थानीय नागरिकों का कहना है कि शहरी क्षेत्र से थोड़ी दूरी पर सभी रूटों के लिए स्थायी बस और टैक्सी स्टैंड विकसित कर दिया जाए तो समस्या का स्थायी समाधान संभव है। हालांकि अस्थायी रूप से चिह्नित स्थल पर वाहन संचालक गाड़ियां खड़ी नहीं करते, जिससे स्थिति यथावत बनी हुई है।

# हैदरनगर में विंध्यवासिनी हॉस्पिटल बना नई संजीवनी केंद्र

नवीन मेल संवाददाता

**हैदरनगर।** स्थानीय हाईस्कूल के समीप स्थापित विंध्यवासिनी हॉस्पिटल क्षेत्रवासियों के लिए बेहतर स्वास्थ्य सुविधाओं का नया केंद्र बनकर उभरा है। आधुनिक उपकरणों और अनुभवी चिकित्सकों की टीम के साथ यह अस्पताल ग्रामीण एवं कस्बाई क्षेत्र के लोगों को सस्ती, सुलभ और गुणवत्तापूर्ण चिकित्सा सेवा उपलब्ध करा रहा है। अस्पताल में डॉ. निधि रानी (एमबीबीएस, क्रिटिकल केयर मेडिसिन में फेलोशिप) स्त्री एवं प्रसूति रोग विशेषज्ञ के रूप में सेवाएं दे रही हैं। यहां महिला रोग, प्रसूति, नवजात एवं





शिशु रोग, जनरल फिजिशियन, चर्म रोग तथा क्रिटिकल केयर मेडिसिन की सुविधा उपलब्ध है। डॉ. श्रीकांत कुमार (एमबीबीएस, एमएस, एफएएमएस), जो एम्स नई दिल्ली के पूर्व रेजिडेंट रह चुके हैं, लैप्रोस्कोपिक एवं जनरल सर्जरी की सेवा दे रहे हैं। वहीं डॉ. नीरज कुमार मिश्रा (एमडी, एनेस्थीसिया) ऑन कॉल उपलब्ध हैं। अस्पताल की प्रमुख विशेषता 24×7 इमरजेंसी सेवा है, जिससे गंभीर मरीजों को त्वरित उपचार मिल रहा है। स्थानीय जनप्रतिनिधियों और नागरिकों ने कहा कि पहले गंभीर मरीजों को मेदिनीनगर या अन्य शहरों में ले जाना पड़ता था, जिससे समय और धन दोनों की हानि होती थी। अब स्थानीय स्तर पर बेहतर इलाज संभव हुआ है। अस्पताल के निदेशक डॉ. एस. डी. वर्मा (बीडीएस ऑनर्स) ने बताया कि अस्पताल का उद्देश्य ग्रामीण क्षेत्र में उच्चस्तरीय चिकित्सा सुविधा उपलब्ध कराना है। अस्पताल से सटे 'बालपन हॉस्पिटल' में शिशु रोग विशेषज्ञ डॉ. मुकेश कुमार की देखरेख में नवजात एवं बच्चों की आपात चिकित्सा सुविधा भी उपलब्ध है।

## जेसीएसटीआई से जीईसी पलामू को तीन शोध परियोजनाओं की स्वीकृति, 16.40 लाख का अनुदान

नवीन मेल संवाददाता

**नीलांबर पीतांबरपुर।** सरकारी इंजीनियरिंग कॉलेज (जीईसी) पलामू ने शोध के क्षेत्र में उल्लेखनीय उपलब्धि हासिल की है। संस्थान को जेसीएसटीआई, रांची से एक साथ तीन महत्वपूर्ण अनुसंधान परियोजनाओं के लिए कुल 16.40 लाख की वित्तीय स्वीकृति प्राप्त हुई है। इसे कॉलेज में सुदृढ़ होते शोध परिवेश और बढ़ती शैक्षणिक उत्कृष्टता का प्रमाण माना जा रहा है। स्वीकृत परियोजनाओं में डॉ. अभिषेक शर्मा (मैकेनिकल इंजीनियरिंग) एवं डॉ. मुरली मनोहर (इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग) सह-अन्वेषक के रूप में 8 लाख की परियोजना संचालित करेंगे। यह शोध कृषि अवशेष और प्लास्टिक कचरे से सतत ऊर्जा उत्पादन के व्यावहारिक समाधान विकसित करने पर केंद्रित है। इसके अतिरिक्त डॉ. दीपेश कुमार (इलेक्ट्रिकल इंजीनियरिंग) को 3 लाख की परियोजना स्वीकृत हुई है, जो कृत्रिम बुद्धिमत्ता के माध्यम से कोयला खदानों में विद्युत उपकरणों की सुरक्षा और विश्वसनीयता बढ़ाने पर आधारित है। वहीं प्रो. भवेश कुमार (कंप्यूटर साइंस एंड इंजीनियरिंग) को 5.40 लाख का अनुदान प्राप्त हुआ है। उनका शोध ग्रामीण विद्यार्थियों में संज्ञानात्मक समस्याओं की प्रारंभिक पहचान से संबंधित है। जीईसी के प्राचार्य प्रो. संजय कुमार सिंह ने इसे संस्थान के लिए गौरवपूर्ण क्षण बताते हुए कहा कि ये परियोजनाएं झारखंड के तकनीकी और सामाजिक विकास में मील का पत्थर साबित होंगी।

## देवरी खुर्द पंचायत में अधूरी सड़क से बढ़ी परेशानी

**हुसैनाबाद।** पलामू जिले के हुसैनाबाद प्रखंड अंतर्गत देवरी खुर्द पंचायत में दो वर्ष बाद भी सड़क निर्माण कार्य पूरा नहीं होने से ग्रामीणों को भारी परेशानी का सामना करना पड़ रहा है। बनकट मोड़ से देवरी खुर्द चौक तक राज्य संपोषित योजना के तहत पीसीसी एवं कालीकरण सड़क का शिलान्यास वर्ष 2024 में हुआ था। छह माह में कार्य पूर्ण होना था, लेकिन दो वर्ष बीत जाने के बावजूद निर्माण अधूरा है। अधूरी पुलिया और डायवर्सन के कारण आवागमन बाधित है। गर्मी में उड़ती धूल से स्थिति और गंभीर हो गई है। ग्रामीणों ने पलामू उपायुक्त एवं ग्रामीण विकास विभाग से शीघ्र निर्माण कार्य पूरा कराने की मांग की है, ताकि लोगों को राहत मिल सके।

### लंगरकोट में शिव शक्ति प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ, भक्तिमय हुआ माहौल

# 'कर्म पर विश्वास रखें, चिंता छोड़ें' : राघवेन्द्र आचार्य

नवीन मेल संवाददाता



**हुसैनाबाद (पलामू)।** लंगरकोट गांव स्थित महाकालेश्वर ज्योतिर्लिंग शिवधाम परिसर में आयोजित नौ दिवसीय शिव शक्ति प्राण प्रतिष्ठा महायज्ञ के आठवें दिन पूरा वातावरण भक्तिमय बना रहा। श्रद्धालुओं की भीड़ और भक्ति की बयार से यज्ञ स्थल गूंज उठा। मुख्य आचार्य श्री श्री 1008 महाराज फालहारी बाबा राघवेन्द्र आचार्य जी ने श्रद्धालुओं को संबोधित करते हुए कहा कि मनुष्य को अपने कर्म पर विश्वास रखना चाहिए, चिंता करने की आवश्यकता नहीं है। उन्होंने कहा कि जीवन में कर्म और सिद्धांत ही मनुष्य को ऊंचाइयों तक पहुंचाते हैं। मेहनत हमेशा मायने रखती है, इसलिए निरंतर कर्म करते रहें और चिंता छोड़ दें। उन्होंने कहा कि हर इंसान में कुछ न कुछ अवगुण अवश्य होते हैं, लेकिन व्यक्ति अपनी अच्छाइयां ही सुनना चाहता है। सत्य कड़वा जरूर होता है, पर वही जीवन का वास्तविक मार्गदर्शन करता है। जब तक मनुष्य स्वयं हार नहीं मानता, तब तक दुनिया उसे हरा नहीं सकती। कार्यक्रम में वृंदावन से आए रासलीला कलाकार श्री राम व्यास, लक्ष्मण पायला जी, आकाश गौरव शर्मा, बनवारीलाल, सत्यप्रकाश और श्री हरिदास ने अपनी प्रस्तुति से श्रद्धालुओं को भावविभोर कर दिया। इस अवसर पर भाजपा किसान मोर्चा अध्यक्ष सह बंगाल चुनाव सह प्रभारी अशोक सिंह मुख्य अतिथि के रूप में उपस्थित रहे। यज्ञशाला परिसर में महिलाओं द्वारा परिक्रमा का सिलसिला निरंतर जारी रहा। महंत विनय कुमार सिंह त्यागी, मुख्य यजमान संतोष कुमार सिंह सहित समिति के सदस्य एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु मौजूद रहे।

वर्ष-32, अंक- 133, पृष्ठ-12 | फाल्गुन शुक्ल पक्ष 10, संवत 2082 | डालटनगंज (मेदिनीनगर) एवं रांची से एक साथ प्रकाशित | रजिस्ट्रेशन नं: आरएनआई. 61316/94 | www.rastriyanaveenmail.com

डालटनगंज (मेदिनीनगर)
गुरुवार
26 फरवरी 2026

ईश्वर में हमारा विश्वास

# राष्ट्रीय नवीन मेल

सत्यमेव जयते

मूल्य 2 रु

हर पक्ष की खबर | हर पक्ष पर नजर







### वियतनाम संसदीय मैत्री समूह का नेतृत्व पलामू सांसद को

## अंतरराष्ट्रीय मंच पर बढ़ा पलामू का मान, संसदीय कूटनीति में नई जिम्मेदारी

नवीन मेल संवाददाता



**मेदिनीनगर।** पलामू लोकसभा निर्वाचन क्षेत्र के लिए गर्व और सम्मान का क्षण है। लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला ने पलामू के सांसद को वियतनाम के लिए संसदीय मैत्री समूह का लीडर मनोनीत किया है। यह दायित्व केवल एक पद नहीं, बल्कि भारत की संसदीय परंपराओं और लोकतांत्रिक मूल्यों का प्रतिनिधित्व करने का अवसर है। भारत द्वारा 60 से अधिक देशों के साथ गठित संसदीय मैत्री समूहों का उद्देश्य वैश्विक स्तर पर लोकतांत्रिक संवाद को सशक्त करना है। वियतनाम जैसे महत्वपूर्ण देश के साथ इस समूह का नेतृत्व मिलना पलामू के लिए विशेष महत्व रखता है। इससे 'संसद से संसद' और 'जनता से जनता' के बीच संवाद का दायरा विस्तृत होगा। इस जिम्मेदारी से क्षेत्र की जनता में उत्साह और आत्मगौरव का भाव है। यह विश्वास जताया गया कि सांसद अपने अनुभव और प्रतिबद्धता से भारत की संसदीय गरिमा को नई ऊंचाई देंगे। क्षेत्रवासियों ने प्रधानमंत्री एवं लोकसभा अध्यक्ष ओम बिरला के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे पलामू के सम्मान से जोड़ा है।

### कदमा में आयोजित कार्यक्रम में राष्ट्रपति के साथ राज्यपाल और सीएम भी लेंगे भाग

## द्रौपदी मुर्मू आज आएंगी झारखंड

- राष्ट्रपति जमशेदपुर में दो कार्यक्रमों में करेंगी शिरकत



**जमशेदपुर/नई दिल्ली (आईएएनएस)।** राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मू गुरुवार (26 फरवरी) को जमशेदपुर के दौरे पर रहेंगी। वे शहर के कदमा मरीन ड्राइव स्थित श्री जगन्नाथ आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक धर्मार्थ केंद्र ट्रस्ट के भूमि पूजन कार्यक्रम तथा बारीडीह स्थित मणिपाल टाटा मेडिकल कॉलेज के एक भवन का शिलान्यास करने के बाद छात्रों से संवाद करेंगी।

आधिकारिक कार्यक्रम के अनुसार, राष्ट्रपति नागपुर (महाराष्ट्र) से भारतीय वायु सेना के बीबीजे विमान से गुरुवार को दिन में 11:00 बजे रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट पहुंचेंगी। वहां से वे एमआई-17 हेलीकॉप्टर से जमशेदपुर के सोनारी एयरपोर्ट पहुंचेंगी। निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार, राष्ट्रपति दोपहर 12:00 बजे सोनारी एयरपोर्ट पहुंचेंगी और 12:20 बजे कदमा स्थित कार्यक्रम स्थल पर पहुंचेंगी। वहां से दिन में 2:30 बजे प्रस्थान कर 2:50 बजे टाटा मणिपाल मेडिकल कॉलेज परिसर पहुंचेंगी। कार्यक्रम समाप्ति के बाद वे 3:40 बजे पुनः सोनारी एयरपोर्ट पहुंचकर रांची लौटेंगी और इसके बाद जैसलमेर के लिए प्रस्थान करेंगी। राष्ट्रपति जमशेदपुर में जिस कदमा स्थित श्री जगन्नाथ आध्यात्मिक एवं सांस्कृतिक धर्मार्थ केंद्र ट्रस्ट के प्रस्तावित केंद्र का भूमि पूजन करने वाली हैं, उसका निर्माण लगभग 100 करोड़ रुपए की लागत से किया जाएगा। ट्रस्ट के प्रमुख एसके बेहरा ने बताया कि यह केंद्र धार्मिक पर्यटन को बढ़ावा देने के साथ-साथ युवाओं के नैतिक और सांस्कृतिक विकास का प्रमुख केंद्र बनेगा। भूमि पूजन कार्यक्रम में राज्यपाल संतोष कुमार गंगवार, मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन और केंद्रीय मंत्री धर्मेंद्र प्रधान सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे। राष्ट्रपति के आगमन को लेकर जमशेदपुर और रांची में जिला प्रशासन ने व्यापक सुरक्षा इंतजाम किए हैं। जमशेदपुर में पूरे मार्ग और कार्यक्रम स्थलों को पांच जोन और 14 सेक्टर में विभाजित किया गया है। शेष पेज 09 पर...

### एक नजर

### गिद्धौर में भीषण सड़क हादसा: हाईवा की चपेट में आईं दो बाइक, एक युवक की मौत, दो गंभीर

**गिद्धौर (चतरा)।** गिद्धौर थाना क्षेत्र में बुधवार को एक दर्दनाक सड़क हादसे में एक युवक की मौके पर ही मौत हो गई, जबकि एक महिला समेत दो लोग गंभीर रूप से घायल हो गए। यह दुर्घटना गांगपुर चौक से आगे यादव होटल के समीप उस समय हुई, जब तेज रफ्तार हाईवा ने दो मोटरसाइकिलों को अपनी चपेट में ले लिया। प्रत्यक्षदर्शियों के अनुसार, हाईवा की जोरदार टक्कर से दोनों मोटरसाइकिल सवार सड़क पर गिर पड़े। हादसा इतना भयावह था कि एक युवक ने घटनास्थल पर ही दम तोड़ दिया। वहीं, एक महिला और एक अन्य युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। ग्रामीणों की तत्परता से दोनों घायलों को तत्काल बेहतर इलाज के लिए चतरा सदर अस्पताल भेजा गया, जहां उनकी स्थिति चिंताजनक बताई जा रही है। मृत युवक की पहचान चतरा सदर थाना क्षेत्र के जांगी गांव निवासी सच्चिदानंद पांडेय के छोटे पुत्र सौरभ कुमार पांडेय के रूप में हुई है। गिद्धौर थाना प्रभारी शिवा यादव की पहल पर 108 एंबुलेंस के माध्यम से शव को गिद्धौर स्वास्थ्य केंद्र लाया गया। आवश्यक कागजी प्रक्रिया पूरी कर पोस्टमार्टम के लिए शव को चतरा सदर अस्पताल भेजा जाएगा। हादसे के बाद क्षेत्र में शोक और आक्रोश का माहौल है। स्थानीय लोगों ने प्रशासन से तेज रफ्तार वाहनों पर अंकुश लगाने और दुर्घटना संभावित स्थलों पर सुरक्षा व्यवस्था सुदृढ़ करने की मांग की है। पुलिस मामले की जांच में जुटी है।

### बजट अभिभाषण पर चर्चा के बाद वित्त मंत्री ने सरकार की ओर से दिया जवाब

## डीएमएफटी फंड में बिचौलियागिरी पर होगी कड़ी कार्रवाई : राधाकृष्ण

### विधानसभा का बजट सत्र

नवीन मेल डेस्क



- बजट 2026-27 में किया गया है सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में संतुलन बनाने का प्रयास

**रांची।** राज्य के वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने बुधवार को झारखंड विधानसभा में कहा कि बजट सत्र 2026-27 के दौरान सदन में मुख्यमंत्री और उनकी ओर से की गई घोषणाएं इसी वर्ष धरातल पर उतारी जाएंगी। इसके लिए विकास आयुक्त की अध्यक्षता में एक समिति बनाई जाएगी, जो मुख्यमंत्री, राज्यपाल और वित्त मंत्री की घोषणाओं की समीक्षा करेगी। वित्त मंत्री सदन में बजट अभिभाषण पर हुई चर्चा के बाद सरकार की ओर से जवाब दे रहे थे। वित्त मंत्री राधाकृष्ण किशोर ने ऑडिट में पाई गई 10 हजार करोड़ रुपए की गड़बड़ी पर कहा कि यह पैसा झारखंड की जनता का है। यदि डीएमएफटी फंड में बिचौलियागिरी हुई होगी, तो सख्त से सख्त कार्रवाई की जाएगी। उन्होंने कहा कि जब तक पूंजी निवेश नहीं होगा, तब तक संसाधनों के दम पर राज्य आगे नहीं बढ़ सकता। शेष पेज 09 पर...

### झारखंड को विकसित करे केंद्र सरकार : रामेश्वर



**रांची।** कांग्रेस के विधायक रामेश्वर उरांव ने बजट सत्र के दौरान बुधवार को कहा कि जब देश में ही बेरोजगारी है, फिर झारखंड राज्य इससे कैसे अछूता रह सकता है। उन्होंने कहा कि राज्य के सिमडेगा खूंटी, गुमला सहित कई जिलों में भारी आर्थिक असामानताएं हैं। वहीं, धनबाद और पूर्वी सिंहभूम जैसे जिले संपन्न हैं। इन जिलों के समकक्ष आर्थिक असमानता वाले जिलों को लाना, राज्य सरकार के लिए चुनौती है। रामेश्वर उरांव ने कहा कि झारखंड का जीडीपी तभी बढ़ेगा, जब सभी राज्यों की स्थिति में सुधार होगी। विकसित भारत देखने के लिए केंद्र सरकार को झारखंड को विकसित करना होगा। उन्होंने कहा कि झारखंड में वर्ष 2026-27 की बजट में महिलाओं को प्रोत्साहित किया गया है। राज्य में सरकार की ओर से शिक्षा पर जोर दिया गया है। साथ ही पूंजीगत व्यय को बढ़ाया गया है। शेष पेज 09 पर...

### सदन में उठा धनबाद एयरपोर्ट का मुद्दा

**रांची।** विधानसभा के बजट सत्र के छठे दिन बुधवार को निरसा विधायक अरूप चटर्जी ने सदन में धनबाद में एयरपोर्ट बनाने का मुद्दा उठाया। विधायक ने कहा कि लोग बार-बार धनबाद में एयरपोर्ट बनाने की मांग करते हैं। अरूप चटर्जी के सवाल पर विधायक मथुरा महतो ने भी साथ दिया और एयरपोर्ट की मांग रखी। विधायक ने सदन में कहा कि धनबाद में एयरपोर्ट बनाने के सवाल का जवाब सरकार की ओर से आ चुका है। इसमें कहा गया है कि जमीन की कमी और नजदीक में 50 किलोमीटर की दूरी पर बोकारो एयरपोर्ट का काम प्रगति पर है, इससे धनबाद में पर्याप्त जमीन के अभाव में एयरपोर्ट नहीं बनाया जा सकता है। इसके जवाब में प्रभारी मंत्री दीपक बरुआ ने कहा कि धनबाद में बरवाअड्डा हवाई पट्टी है, जो 37-ए में है। कैटेगरी 1 के लिए 113 एकड़ जमीन की आवश्यकता होती है। जहां एयरपोर्ट है, वहां सघन आबादी का इलाका है। इसलिए इसका विस्तार वहां संभव नहीं है। शेष पेज 09 पर...

### एशिया कप खेलने वाली झारखंड की पहली महिला फुटबॉलर बनेंगी अष्टम उरांव

## भारतीय टीम में झारखंड की बेटी अष्टम का चयन



- अभी भारतीय टीम के साथ ऑट्रेलिया में प्रशिक्षण शिविर में ले रहीं भाग
- गुमला जिले के बिशनपुर प्रखंड की बनारी पंचायत की हैं रहने वाली

### सीएम हेमंत सोरेन ने दी बधाई व शुभकामनाएं



सीनियर एशियन कप महिला फुटबॉल चैंपियनशिप के लिए झारखंड की गुमला निवासी अष्टम उरांव के भारतीय टीम में चयनित होने पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन बधाई एवं शुभकामनाएं दी हैं। खेल मंत्री सुदीव्य कुमार सोनू ने भी अष्टम उरांव को बधाई दी है। खेल सचिव मुकेश कुमार, खेल निदेशक आसिफ इकराम, खेल उपनिदेशक राजेश कुमार, झारखंड ओलंपिक संघ के महासचिव डॉ मधुकांत पाठक, झारखंड फुटबॉल संघ के गुलाम रब्बानी, साझा के देवेंद्र सिंह, मणिकांत, प्रवीण कुमार, डीएसओ गुमला, फुटबॉल कोच बीणा केरकेट्टा, रिजवान अली, सोनी कुमारी समेत राज्य के खेल प्रेमियों ने भी बधाई दी है।

नवीन मेल डेस्क

**रांची।** महिला फीफा वर्ल्ड कप 2027 का आयोजन ब्राजील में होगा। इसमें टीम के चयन को लेकर 1 मार्च से 21 मार्च तक सीनियर एशियन कप महिला फुटबॉल (एएफसी) चैंपियनशिप होगी। सीनियर एशियन कप महिला फुटबॉल के लिए भारतीय फुटबॉल संघ ने 26 सदस्यीय भारतीय टीम की घोषणा कर दी है। इस भारतीय टीम में झारखंड की अष्टम उरांव का भी चयन किया गया है। वे टीम में डिफेंडर के रूप में खेलेंगी। इस समय अष्टम उरांव भारतीय महिला फुटबॉल टीम के साथ ऑट्रेलिया में प्रशिक्षण शिविर में भाग ले रही हैं।

अष्टम उरांव गुमला जिले के बिशनपुर प्रखंड की निवासी हैं। उनका घर बनारी पंचायत के बनारी गोरा टोली गांव में है। उनके पिता का नाम हीरा उरांव और माता का नाम तारा उरांव है। प्रतिभा की धनी अष्टम उरांव खेल विभाग द्वारा संचालित आवासीय बालिका फुटबाल प्रशिक्षण केंद्र, हजारीबाग की पूर्व प्रशिक्षु रह चुकी हैं। वह हजारीबाग प्रशिक्षण केंद्र के बाद गुमला में प्रशिक्षण प्राप्त कर रही थीं। वर्तमान में वह ईस्ट बंगाल एकेडमी टीम से खेलती हैं। वे अंडर-17 वर्ल्ड कप बालिका फुटबॉल 2022 में भारतीय टीम की कप्तान रह चुकी हैं।

भारत, जापान, वियतनाम एवं चाइनीज ताइपेई को सीनियर एशियन कप महिला फुटबॉल चैंपियनशिप के ग्रुप-सी में रखा गया है। इसमें देश का पहला मैच 04 मार्च 2026 को ऑस्ट्रेलिया में पर्थ रेक्टेंगुलर स्टेडियम में भारत बनाम वियतनाम होगा। दूसरा मैच 07 मार्च 2026 को पर्थ रेक्टेंगुलर स्टेडियम में ही भारत बनाम जापान होगा। तीसरा मैच वेस्टर्न सिडनी स्टेडियम, ऑस्ट्रेलिया में 10 मार्च 2026 को भारत बनाम चाइनीज ताइपेई के बीच खेला जाएगा।

## अम्बेडकर पार्क के पीछे ब्राउन शुगर के साथ दो युवक गिरफ्तार

- शहर थाना की कार्रवाई में 8.46 ग्राम मादक पदार्थ बरामद, एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज

नवीन मेल संवाददाता

**मेदिनीनगर।** शहर थाना क्षेत्र अंतर्गत अम्बेडकर पार्क तालाब के पीछे मादक पदार्थ की खरीद-बिक्री की सूचना पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए दो युवकों को गिरफ्तार किया है। दोनों के पास से कुल 8.46 ग्राम ब्राउन शुगर एवं नगद राशि बरामद की गई है।

पुलिस को 24 फरवरी 2026 को गुप्त सूचना मिली थी कि कुछ अज्ञात लोग तालाब के पीछे हेरोइन/ब्राउन शुगर की बिक्री कर रहे हैं। सूचना मिलते ही वरीय पदाधिकारियों को अवगत कराते हुए टीम का गठन किया गया और सशस्त्र बल के साथ छापेमारी की गई। मौके पर पहुंचते ही दो युवक पुलिस को देखकर भागने लगे, जिन्हें घेराबंदी कर पकड़ लिया गया। पूछताछ में उन्होंने अपना नाम विशाल कुमर, जेलहाता, थाना-शहर, पलामू तथा राहुल कुमार, जेलहाता, थाना-शहर, जिला-पलामू बताया।

तलाशी के क्रम में राहुल कुमार के पास से जींस की जेब में रखे पारदर्शी प्लास्टिक के छोटे पैकेट में 20 पुड़िया ब्राउन शुगर (कुल वजन लगभग 3.40 ग्राम) एवं 800 रुपये नगद बरामद किए गए। वहीं विशाल कुमार के पास से माचिस के डिब्बे में रखी 17 पुड़िया ब्राउन शुगर (कुल वजन लगभग 5.06 ग्राम) एवं 270 रुपये नगद बरामद हुए। जब्त मादक पदार्थ का कुल वजन 8.46 ग्राम पाया गया।

शेष पेज 09 पर...

## चंपाई सोरेन के पोते की कुल्लू-मनाली में मौत



- पर्यटन के उद्देश्य से कुछ मित्रों के साथ कुल्लू-मनाली गए थे वीर सोरेन
- वीर के असामयिक निधन से परिवार पर टूट पड़ा है दुख का पहाड़

**जमशेदपुर/कुल्लू (हि.स.)।** पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के पोते और बाबूलाल सोरेन के बड़े पुत्र वीर सोरेन (21 वर्ष) की हिमाचल प्रदेश के कुल्लू-मनाली में संदिग्ध परिस्थितियों में मौत हो गई। घटना की खबर मिलते ही सोरेन परिवार सहित समर्थकों और शुभचिंतकों में शोक की लहर दौड़ गई। प्राप्त जानकारी के अनुसार, वीर सोरेन अपने कुछ मित्रों के साथ पर्यटन के उद्देश्य से कुल्लू-मनाली गए थे। क्षेत्र में इन दिनों बर्फबारी हो रही है और पर्यटकों की काफी भीड़ है। बताया जाता है कि वीर अपने दोस्तों के साथ बर्फ में खेलने और हिम क्रीड़ा का आनंद लेने गए थे। इस दौरान उन्होंने स्कीइंग भी की। दिनभर घूमने-फिरने के बाद वे अपने ठहरने के स्थान पर लौट आए। जानकारी के अनुसार, आवासीय विश्राम गृह लौटने के कुछ समय बाद ही उनकी तबीयत अचानक बिगड़ गई। वे अचेत हो गए, जिसके बाद साथ मौजूद मित्रों ने घबराकर तत्काल उन्हें निकटवर्ती चिकित्सालय पहुंचाया। चिकित्सकों ने जांच के बाद उन्हें मृत घोषित कर दिया। प्रारंभिक स्तर पर मृत्यु के कारणों का स्पष्ट खुलासा नहीं हो पाया है। चिकित्सकों ने हृदय गति रुकने या अत्यधिक ठंड के प्रभाव की आशंका जताई है। घटना की सूचना मंगलवार देर शाम परिवार को दी गई। जानकारी मिलते के बाद से पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन और बाबूलाल सोरेन गहरे सदमे में हैं।

शेष पेज 09 पर...

### सीएम हेमंत सोरेन को मिली सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत

**नई दिल्ली/रांची (एजेंसी)।** प्रवर्तन निदेशालय (ईडी) के समन की अवहेलना से जुड़े केस में झारखंड के मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को सुप्रीम कोर्ट से बड़ी राहत मिली है। शीर्ष अदालत ने रांची की एमपी-एमएलए विशेष अदालत में इस मामले में चल रही कार्यवाही पर फिलहाल रोक लगा दी है और ईडी को नोटिस जारी कर जवाब तलब किया है। यह मामला ईडी के समन की कथित अवहेलना से जुड़ा है। ईडी की ओर से रांची सीजेएम कोर्ट में हेमंत सोरेन के खिलाफ 19 फरवरी 2024 को शिकायतवाद दर्ज कराया गया था। एजेंसी का कहना है कि रांची के बड़गाईं अंचल से संबंधित जमीन घोटाले में पूछताछ के लिए हेमंत सोरेन को पहली शेष पेज 09 पर...

व्हाट्सएप से सीधे जुड़ें

1994 से अनवरत हम आपके लिए समाचारों को प्रमुखता की नीति पर कार्य करते रहे हैं। इसे और सुगम बनाने के लिए एक विशेष व्हाट्सएप नंबर 72094 53444 पर आप सीधे अपनी परखी हुई सच्ची खबर फोटो सहित संक्षेप में भेज सकते हैं। आपत्तिजनक बातें भेजने पर आइटी एक्ट के अंतर्गत कार्रवाई हो सकती है। यदि आपको अखबार की प्रति नहीं मिल पा रही है या विज्ञापन देना चाहते हैं तो इस नंबर पर 72094 03444 संपर्क करें।

### आज / कल




### महत्वपूर्ण पहल : एफजेसीसीआई और झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम के बीच एमओयू

## रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे : आदित्य मल्होत्रा

- एफजेसीसीआई अध्यक्ष ने कहा
- प्रदेश के उद्योग और स्किल डेवलपमेंट इकोसिस्टम के लिए महत्वपूर्ण कदम
- तकनीकी शिक्षा और उद्योग की जमीनी जरूरतों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित होगा

नवीन मेल संवाददाता



### टूल रूम के छात्रों को मिलेंगे बेहतर प्लेसमेंट के अवसर

एमओयू के तहत टूल रूम के छात्रों को इंटर्नशिप, इंडस्ट्रीयल विजिट और बेहतर प्लेसमेंट अवसर मिलेंगे। वहीं, व्यापारियों व उद्यमियों को इंडस्ट्री-रेडी टेक्नीकल मैनपावर, तकनीकी कंसल्टेंसी, रिसर्च एंड डेवलपमेंट सपोर्ट और एडवांस मैन्युफैक्चरिंग सुविधाओं का लाभ मिलेगा। दोनों संस्थान मिलकर स्किल-गैप एनालिसिस, इंडस्ट्री-ओरिएंटेड ट्रेनिंग मॉड्यूल, सस्टेनेबल इंडस्ट्रीयल प्रैक्टिस और वोकेशनल ट्रेनिंग को भी बढ़ावा देंगे।

**रांची।** झारखंड के औद्योगिक एवं कौशल विकास को मजबूती देने की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम उठाते हुए बुधवार को फेडरेशन ऑफ झारखंड चैंबर ऑफ कॉमर्स एंड इंडस्ट्रीज (एफजेसीसीआई) और झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम के बीच एक मेमोरेंडम ऑफ अंडरस्टैंडिंग (एमओयू) पर हस्ताक्षर किए गए। इस समझौते का उद्देश्य तकनीकी शिक्षा को उद्योग की वास्तविक आवश्यकताओं से जोड़ना तथा क्लासरूम लर्निंग और इंडस्ट्रीयल प्रैक्टिस के बीच की खाई को कम करना है। एफजेसीसीआई के अध्यक्ष आदित्य मल्होत्रा ने कहा कि झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम के साथ किया गया यह एमओयू प्रदेश के उद्योग और स्किल डेवलपमेंट इकोसिस्टम के लिए एक महत्वपूर्ण कदम है। इससे तकनीकी शिक्षा और उद्योग की जमीनी जरूरतों के बीच बेहतर तालमेल स्थापित होगा। शेष पेज 09 पर...

## धनबाद सिविल कोर्ट को बम से उड़ाने की धमकी

नवीन मेल संवाददाता

- ईमेल में कही गई आरडीएक्स प्लांट करने और साइनाइड से हमला करने की बात
- पूरा न्यायालय परिसर एहतियातन खाली करा लिया गया, पुलिस अलर्ट मोड में
- नहीं मिली विस्फोटक या आपत्तिजनक सामग्री, एक बाइक से रिमोट बरामद, हो रही जांच

**धनबाद।** धनबाद सिविल कोर्ट परिसर को आरडीएक्स और बम से उड़ाने की धमकी भरा ईमेल बुधवार को मिलते वहां अफरातफरी मच गई। धमकी की जानकारी मिलते ही धनबाद जिला प्रशासन और पुलिस महकमा अलर्ट मोड में आ गया तथा एहतियातन पूरे न्यायालय परिसर को खाली करा लिया गया। बताया जा रहा है कि न्यायालय के आधिकारिक ईमेल आईडी पर भेजे गए संदेश में कोर्ट परिसर में आरडीएक्स प्लांट करने और साइनाइड से हमला करने की धमकी दी गई थी। वहीं, सूचना मिलते ही 28 कोर्ट बिल्डिंग और एमपी-एमएलए कोर्ट परिसर को तत्काल खाली कराया गया। बम की खबर फैलते ही अधिवक्ताओं, कर्मचारियों और वादियों में दहशत का माहौल बन गया। मौके पर एसएसपी प्रभात कुमार, सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव, डीएसपी लॉ एंड ऑर्डर, बाघमारा एसडीपीओ समेत कई थानों की पुलिस बल पहुंची। पूरे कोर्ट परिसर को पुलिस छावनी में तब्दील कर दिया गया।

शेष पेज 09 पर...

## डालटनगंज से धनबाद–भोपाल एक्सप्रेस का शुभारंभ

# नई रेल सेवा से पलामू-गढ़वा को मिली बड़ी राहत, वर्षों की मांग हुई पूरी

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** लंबे समय से बहुप्रतीक्षित रेल सुविधा को लेकर पलामू और गढ़वा वासियों की प्रतीक्षा आखिरकार समाप्त हुई। विष्णु दयाल राम के सतत प्रयासों से डालटनगंज रेलवे स्टेशन से धनबाद–भोपाल (त्रिसाप्ताहिक) एक्सप्रेस ट्रेन संख्या 01631/01632 का विधिवत शुभारंभ किया गया।



हरी झंडी दिखाते ही स्टेशन परिसर में उपस्थित लोगों के चेहरों पर खुशी साफ झलक रही थी। यह ट्रेन न केवल यात्रियों को सीधे भोपाल और धनबाद से जोड़ेगी, बल्कि शिक्षा, रोजगार और इलाज के लिए बाहर जाने वाले लोगों के लिए बड़ी सहूलियत साबित होगी। क्षेत्रवासियों ने इसे विकास की दिशा में ठोस कदम बताते हुए आशा जताई कि जल्द ही अयोध्या और लखनऊ के लिए भी सीधी रेल सेवा शुरू होगी। कार्यक्रम में जनप्रतिनिधियों, रेलवे अधिकारियों और स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति ने इस अवसर को और भी भावपूर्ण बना दिया। नई रेल सेवा के साथ पलामू की उम्मीदों को नई रफ्तार मिली है।

## मेदिनीनगर बस स्टैंड में कंडक्टर-चेकर के बीच मारपीट

# विवाद के दौरान कंडक्टर के सिर में गंभीर चोट, एमएमसीएच में भर्ती

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** निजी बस पड़ाव में बुधवार सुबह करीब 9 बजे कंडक्टर और चेकर के बीच हुआ विवाद अचानक हिंसक हो गया। मारपीट की इस घटना में एक कंडक्टर गंभीर रूप से घायल हो गया, जिसे इलाज के लिए मेडिनीराय मेडिकल कॉलेज एंड हॉस्पिटल (एमएमसीएच) में भर्ती कराया गया है।



घायल की पहचान उपेंद्र सिंह (निवासी सांगबार, लेस्लीगंज थाना क्षेत्र) के रूप में हुई है। वहीं दूसरे पक्ष की पहचान गुड्डू त्रिपाठी (निवासी रेड़मा) के रूप में बताई जा रही है।

मिली जानकारी के अनुसार, उपेंद्र सिंह ने बताया कि बस चालक नाश्ता करने गया था और बस खुलने का समय हो रहा था। इस दौरान वे ड्राइवर सीट पर बैठकर बस को थोड़ा आगे बढ़ाने लगे। इसी बात पर चेकर ने आपत्ति जताई और दोनों के बीच बहस शुरू हो गई। आरोप है कि विवाद के दौरान लाठी चलने से उपेंद्र सिंह के सिर में गंभीर चोट लग गई और खून बहने लगा।

दूसरी ओर, गुड्डू त्रिपाठी का कहना है कि उपेंद्र सिंह ने पहले गाली-गलौज की, जिसके बाद विवाद बढ़ा। बस स्टैंड पर मौजूद लोगों ने हस्तक्षेप कर दोनों को अलग किया और घायल कंडक्टर को तत्काल अस्पताल पहुंचाया। घटना को लेकर आगे की कार्रवाई की प्रक्रिया जारी है।

## नगर निकाय चुनाव : 79 टेबल पर होगी मतों की गिनती

# 27 फरवरी को सुबह 8 बजे से जीएलए कॉलेज में शुरू होगी मतगणना





**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले के पांचों नगर निकायों के लिए 23 फरवरी को 246 मतदान केंद्रों पर शांतिपूर्ण मतदान संपन्न होने के बाद अब 27 फरवरी को मतगणना की प्रक्रिया शुरू होगी। राज्य निर्वाचन आयोग द्वारा निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार जीएलए कॉलेज में सुबह 8 बजे से मतों की गिनती की जाएगी। मतगणना कार्य के लिए कुल 79 टेबल लगाए गए हैं। मेदिनीनगर नगर निगम के लिए 27 टेबल पर 5 राउंड में मतों की गिनती होगी। विश्रामपुर नगर परिषद के लिए 13 टेबल पर 3 राउंड में मतगणना की जाएगी। छतरपुर नगर पंचायत में 12 टेबल पर 2 राउंड, हुसैनाबाद नगर पंचायत में 15 टेबल पर 2 राउंड तथा हरिहरगंज नगर पंचायत में 12 टेबल पर 2 राउंड में मतगणना पूरी की जाएगी। मतगणना की पारदर्शिता और निष्पक्षता सुनिश्चित करने के लिए 90 से अधिक पर्यवेक्षकों और 170 से अधिक मतगणना सहायकों की प्रतिनियुक्ति की गई है। प्रशासन ने सुरक्षा, व्यवस्था और सभी आवश्यक संसाधनों की तैयारी पूरी कर ली है ताकि मतगणना शांतिपूर्ण एवं सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न हो सके।

## मतगणना की तैयारियों का डीसी-एसपी ने लिया जायजा

# 27 फरवरी को सख्त सुरक्षा व्यवस्था बिना वैध पास किसी को प्रवेश नहीं

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** नगर निकाय चुनाव 2026 की मतगणना को शांतिपूर्ण एवं पारदर्शी ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से जिला निर्वाचन पदाधिकारी (नगरपालिका) सह उपायुक्त समीरा एस एवं पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने बुधवार को गणेश लाल अग्रवाल कालेज स्थित मतगणना केंद्र का निरीक्षण किया।

निरीक्षण के दौरान उन्होंने नगर निकायवार बनाए गए मतगणना कक्षों का अवलोकन किया और संबंधित निर्वाची पदाधिकारियों को स्पष्ट निर्देश दिया कि 27 फरवरी को बिना वैध पास किसी भी व्यक्ति को काउंटिंग सेंटर में प्रवेश की अनुमति नहीं दी जाएगी। केवल अधिकृत पास वाले वाहनों को ही परिसर में प्रवेश मिलेगा।



उपायुक्त ने मतगणना कार्य में लगे कर्मियों की सुविधा पर विशेष ध्यान देने को कहा। उन्होंने निर्देश दिया कि 26 फरवरी की शाम तक सभी मतगणना कर्मियों के लिए भोजन एवं पेयजल की समुचित व्यवस्था का आकलन कर लिया जाए। साथ ही राज्य निर्वाचन आयोग के दिशा-निर्देशों का हर हाल में पालन सुनिश्चित करने पर जोर दिया।

भवन निर्माण विभाग के कार्यपालक अभियंता को मतगणना हॉल में पर्याप्त रोशनी एवं बैरिकेडिंग की व्यवस्था सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया। प्रत्येक टेबल पर आवश्यक सामग्रियों की उपलब्धता सुनिश्चित करने की भी बात कही गई। अधिकारियों ने स्ट्रॉन्ग रूम का भी निरीक्षण कर सुरक्षा इंतजामों की समीक्षा की। इस अवसर पर पुलिस अधीक्षक रीष्मा रमेशन ने संबंधित पुलिस पदाधिकारियों को सुरक्षा, यातायात व्यवस्था, भीड़ नियंत्रण और विधि-व्यवस्था बनाए रखने को लेकर आवश्यक दिशा-निर्देश दिए। निरीक्षण के दौरान सदर एसडीएम सुलोचना मीणा, नगरपालिका उप निर्वाचन पदाधिकारी रतन सिंह, डीएसपी सहित अन्य प्रशासनिक एवं पुलिस पदाधिकारी उपस्थित रहे।

# लंबित मानदेय व सुविधाओं को लेकर प्रशासन से संवेदनशील निर्णय की अपेक्षा

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले की स्वास्थ्य सेवाओं को जमीनी स्तर तक पहुंचाने में अहम भूमिका निभाने वाली सहिया, सहिया साथी, बीटीटी एवं एसटीटी कर्मियों ने अपनी लंबित मांगों को लेकर समाहरणालय परिसर में शांतिपूर्ण और गरिमापूर्ण प्रदर्शन किया। वर्षों से ग्रामीण क्षेत्रों में मातृ-शिशु स्वास्थ्य, टीकाकरण और जनजागरूकता अभियानों को सफल बनाने में जुटे इन कर्मियों ने प्रशासन से सकारात्मक पहल की उम्मीद जताई।



प्रदर्शनकारियों ने बताया कि राष्ट्रीय स्वास्थ्य मिशन (एनएचएम) झारखंड के अंतर्गत कार्यरत सहिया, सहिया साथी एवं बीटीटी को पिछले चार-पांच माह से प्रोत्साहन राशि एवं मानदेय का भुगतान लंबित है। 'एसएनए स्पर्श' प्रक्रिया के कारण भुगतान अटका हुआ है, जिससे उनके समक्ष आर्थिक कठिनाइयां उत्पन्न हो गई हैं। बावजूद इसके, वे पूरी निष्ठा और जिम्मेदारी के साथ अपने दायित्वों का निर्वहन कर रहे हैं।

उन्होंने उपायुक्त को सौंपे गए ज्ञापन में कहा कि सहिया, सहिया साथी, बीटीटी एवं एसटीटी के सभी लंबित भुगतानों की समीक्षा कर शीघ्र एकमुश्त भुगतान सुनिश्चित किया जाए, सहिया ऐप के सुचारु संचालन के लिए टैब या लैपटॉप उपलब्ध कराया जाए तथा मोबाइल रिचार्ज व्यय का प्रावधान किया जाए, ऐप में व्याप्त तकनीकी त्रुटियों और नेटवर्क समस्याओं के समाधान तक पूर्व की तरह भुगतान व्यवस्था जारी रखी जाए, मासिक मानदेय को बढ़ाकर सहिया के लिए 18 हजार रुपये, सहिया साथी के लिए 20 हजार रुपये, बीटीटी के लिए 30 हजार रुपये एवं एसटीटी के लिए 40 हजार रुपये निर्धारित किया जाए, साथ ही पीएफ, मातृत्व लाभ, महंगाई भत्ता और अन्य सामाजिक सुरक्षा सुविधाएं प्रदान की जाएं तथा कार्य के दौरान मृत्यु या विकलांगता की स्थिति में समुचित मुआवजा और परिवार के एक सदस्य को रोजगार का अवसर दिया जाए।

स्वास्थ्यकर्मियों ने विश्वास जताया कि जिला प्रशासन उनकी परिस्थितियों को संवेदनशीलता से समझते हुए शीघ्र सकारात्मक निर्णय लेगा, ताकि ग्रामीण स्वास्थ्य सेवाओं की निरंतरता और मजबूती बनी रहे।

## मेदिनीनगर में नियमित टीकाकरण की समीक्षा

# मनातू व सदर सीएचसी का प्रदर्शन अपेक्षाकृत कमजोर, आरसीएच विभाग ने दिए सुधार के निर्देश

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** जिले में नियमित टीकाकरण अभियान के तहत अधिकांश सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्रों ने संतोषजनक प्रदर्शन किया है, लेकिन मनातू और मेदिनीनगर सदर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लक्ष्य प्राप्ति में पीछे रह गए हैं। जहां जिले के अधिकतर सीएचसी ने 90 प्रतिशत से अधिक उपलब्धि दर्ज की है, वहीं इन दोनों केंद्रों का प्रदर्शन 90 प्रतिशत से नीचे रहा है। राज्य स्तर से प्राप्त निर्देश के आलोक में जिला आरसीएच विभाग ने दोनों केंद्रों को पत्र जारी कर तत्काल सुधारात्मक कदम उठाने का निर्देश दिया है। जिला प्रजनन एवं शिशु स्वास्थ्य पदाधिकारी (डीआरसीएचओ) डॉ. अवधेश सिंह ने बताया कि सभी सीएचसी, अनुमंडलीय अस्पताल एवं मुख्य अस्पतालों के लिए 95 प्रतिशत से अधिक टीकाकरण उपलब्धि का लक्ष्य निर्धारित किया गया है। उन्होंने बताया कि जिले में औसतन 90 प्रतिशत से अधिक लक्ष्य प्राप्त कर लिया गया है, किंतु मनातू एवं सदर केंद्रों की प्रगति अपेक्षाकृत कम रहने के कारण विशेष निगरानी की जा रही है। डीआरसीएचओ के अनुसार जन्म से वयस्कता तक कुल 11 प्रकार के टीके निर्धारित हैं, जिनमें बीसीजी, हेपेटाइटिस-बी, ओरल पोलियो, पेंटा, रोटा, पीसीवी, आईपीवी, एमआर, जेई, डिप्थीरिया एवं टेटनस शामिल हैं। ये टीके टीबी, काली खांसी, मिजिल्स-रूबेला, निमोनिया और पोलियो जैसी गंभीर बीमारियों से सुरक्षा प्रदान करते हैं। जिले में वर्तमान में 15 कोल्ड चेन प्वाइंट संचालित हैं। टीकाकरण कार्यक्रम को सुदृढ़ बनाने के लिए प्रत्येक सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र में दो तथा अन्य स्थानों पर एक-एक कोल्ड चेन हैंडलर की तैनाती की गई है। वित्तीय वर्ष 2025-26 में अब तक सात जिला स्तरीय एवं दो क्षेत्रीय प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किए जा चुके हैं। इन प्रशिक्षणों में टीकाकरण प्रक्रिया को प्रभावी बनाने तथा प्रखंड स्तर पर नियमित मॉनिटरिंग सुनिश्चित करने पर विशेष बल दिया गया है। जिला स्वास्थ्य विभाग ने संबंधित केंद्रों को लक्ष्य की शत-प्रतिशत प्राप्ति के लिए समन्वित प्रयास तेज करने का निर्देश दिया है।

## होटवार में 25 केवीए ट्रांसफार्मर की व्यवस्था ग्रामीणों ने जताया आभार

**मेदिनीनगर।** पांकी विधानसभा क्षेत्र अंतर्गत प्रखंड पांकी के ग्राम होटवार में बिजली आपूर्ति की समस्या को देखते हुए पांकी विधायक डॉ. कुशवाहा शशिभूषण मेहता ने बिजली विभाग से समन्वय स्थापित कर ग्रामीणों के लिए तत्काल 25 केवीए का ट्रांसफार्मर उपलब्ध करवाया। ग्रामीणों ने बताया कि ट्रांसफार्मर की कमी के कारण क्षेत्र में विद्युत आपूर्ति बाधित हो रही थी, जिससे दैनिक कार्य प्रभावित हो रहे थे। विधायक की पहल पर त्वरित कार्रवाई से लोगों को राहत मिली है। इस अवसर पर लोहरसी भाजपा मंडल अध्यक्ष रौशन सिंह, संदीप कुमार यादव, विनोद पासवान, जगदीश यादव, सुकेश यादव सहित सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे। ग्रामीणों ने विधायक के प्रति आभार व्यक्त करते हुए इसे जनसमस्या के समाधान की दिशा में सकारात्मक पहल बताया।

# दहेज हत्या मामले में पति ससुर व देवर को उम्रकैद

- साक्ष्य के आधार पर अदालत का फैसला, 20-20 हजार रुपये जुर्माना भी लगाया




**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** पलामू जिला व्यवहार न्यायालय के षष्टम अपर जिला एवं सत्र न्यायाधीश राजकुमार मिश्रा की अदालत ने दहेज हत्या के एक गंभीर मामले में पति, ससुर और देवर को दोषी ठहराते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई है। अदालत ने प्रत्येक दोषी पर 20-20 हजार रुपये का अर्थदंड भी लगाया है। जुर्माना अदा नहीं करने की स्थिति में तीन माह का अतिरिक्त साधारण कारावास भुगतना होगा।

यह मामला हैदरनगर थाना कांड संख्या 42/2021 (दिनांक 20 अप्रैल 2021) से संबंधित है, जिसमें भारतीय दंड संहिता की धारा 302, 201 एवं 34 के तहत प्राथमिकी दर्ज की गई थी। लातेहार थाना क्षेत्र के जालिम निवासी संपत्ति कुंवर ने अपने दामाद संजय साव, समधी सोहरी साव एवं छोटेलाल साव (सभी निवासी बभनडीह, थाना हैदरनगर, जिला पलामू) के विरुद्ध नामजद मामला दर्ज कराया था।

अभियोजन के अनुसार रूबी देवी की शादी वर्ष 2005 में संजय साव के साथ हुई थी। विवाह के बाद से ही उसे दहेज को लेकर प्रताड़ित किया जाता था। आरोप है कि 20 अप्रैल 2021 की रात आरोपियों ने मिलकर रूबी देवी की गला दबाकर हत्या कर दी और मायके पक्ष को बिना सूचना दिए शव का अंतिम संस्कार कर दिया, ताकि साक्ष्य छिपाया जा सके।

मामले की सुनवाई सत्र वाद संख्या 174/2022 के तहत हुई। अदालत ने प्रस्तुत साक्ष्यों और गवाहों के आधार पर तीनों आरोपियों-संजय साव, छोटेलाल साव एवं सोहरी साव को दोषी पाते हुए उम्रकैद की सजा सुनाई। अदालत के इस फैसले को दहेज उत्पीड़न और घरेलू हिंसा के मामलों में कड़ा संदेश माना जा रहा है।

## भुवनेश्वर में राष्ट्रीय नाट्य महोत्सव में पलामू की दमदार प्रस्तुति

# 'संध्या तारा' के मंचन से मासूम आर्ट ग्रुप ने लहराया पलामू का परचम

**नवीन मेल संवाददाता**

**मेदिनीनगर।** उड़ीसा की राजधानी भुवनेश्वर में आयोजित 28वें कलिंग नाट्य महोत्सव में पलामू की नाट्य संस्था मासूम आर्ट ग्रुप ने अपनी सशक्त प्रस्तुति से जिले का नाम रोशन किया। 20 से 25 फरवरी तक आयोजित इस राष्ट्रीय स्तर के महोत्सव में देश की अग्रणी नाट्य संस्थाओं ने भाग लिया, जिसमें पलामू की भागीदारी को विशेष सम्मान के रूप में देखा गया। महोत्सव में मासूम आर्ट ग्रुप ने अपनी बहुचर्चित प्रस्तुति 'संध्या तारा' का मंचन किया, जिसने दर्शकों को भावनात्मक रूप से झकझोर दिया। संस्था के अध्यक्ष विनोद कुमार पांडेय ने बताया कि राष्ट्रीय स्तर के इस प्रतिष्ठित आयोजन में आमंत्रण मिलना पूरे झारखंड, विशेषकर पलामू के लिए गौरव की बात है।



यह नाटक मूल रूप से प्रख्यात नाटककार मनोज मित्र की रचना पर आधारित है, जिसे सैकत चटर्जी ने रूपांतरित और निर्देशित किया। मंचन के उपरांत लेखक व निर्देशक सैकत चटर्जी को सम्मानित भी किया गया।

'संध्या तारा' एक मार्मिक पारिवारिक कथा है, जो बदलते सामाजिक परिवेश में रिश्तों के बीच बढ़ती दूरियों को उजागर करती है। नाटक में बुजुर्ग दंपति ताराशंकर और संध्या लता के जीवन के माध्यम से उस अकेलेपन और भावनात्मक संघर्ष को दर्शाया गया है, जो आज के समय में कई परिवारों की सच्चाई बन चुकी है।

ताराशंकर की भूमिका में सैकत चटर्जी और संध्या की भूमिका में मुनमुन चक्रवर्ती ने अपने प्रभावशाली अभिनय से दर्शकों को अंत तक बांधे रखा। दामाद शिवनाथ की भूमिका में उज्ज्वल सिन्हा ने हास्य के माध्यम से प्रस्तुति में संतुलन बनाए रखा। अन्य कलाकारों में कनक लता तिर्की, अमर कुमार भांजा, राहुल कुमार तथा श्यामली घोष शामिल रहीं। पहली बार मंच पर उतरी श्यामली घोष ने भी सराहनीय अभिनय किया।

# कक्षा 6, 7, 8 व 9 के प्रश्न पत्र स्कूल तक पहुंचाने की नहीं है कोई निश्चित प्रक्रिया

**नवीन मेल संवाददाता**

- बीपीओ को प्रखंड तक पहुंचाने का जारी होता है तुगलकी फरमान
- महीनों से भुगतान लंबित, जिम्मेदारी निभाने वालों की अनदेखी पर उठे सवाल
- मेदिनीनगर: परीक्षा व्यवस्था में अव्यवस्था से बढ़ा आक्रोश

**मेदिनीनगर।** जिले में कक्षा 6, 7, 8 और 9 के प्रश्न पत्र विद्यालयों तक पहुंचाने की कोई स्पष्ट और निर्धारित प्रक्रिया नहीं होने से व्यवस्था पर सवाल उठने लगे हैं। कर्मियों का आरोप है कि बिना ठोस दिशा-निर्देश के ही बीपीओ को प्रखंड तक प्रश्न पत्र पहुंचाने का मौखिक आदेश दे दिया जाता है, जिससे भ्रम और अव्यवस्था की स्थिति बनती है।

प्रश्न पत्र वितरण का कार्य अत्यंत संवेदनशील और गोपनीय होता है। इसके बावजूद न तो परिवहन की समुचित व्यवस्था की जाती है और न ही सुरक्षा मानकों का स्पष्ट खाका तैयार किया जाता है। कई बार कर्मियों को तड़के सुबह या देर रात दूरस्थ क्षेत्रों में प्रश्न पत्र पहुंचाना पड़ता है। खराब सड़क, सीमित संसाधन और जोखिम भरी परिस्थितियों के बीच वे अपनी जिम्मेदारी निभाते हैं।

सबसे गंभीर मुद्दा भुगतान को लेकर है। कर्मियों का कहना है कि कई परीक्षाओं का पारिश्रमिक महीनों से लंबित है। यात्रा भत्ता और अन्य देय राशि भी समय पर नहीं मिलती। संबंधित विभाग से संपर्क करने पर केवल आश्वासन मिलता है, ठोस समाधान नहीं। कर्मियों ने मांग की है कि प्रश्न पत्र वितरण के लिए स्पष्ट प्रक्रिया निर्धारित की जाए और भुगतान की समयसीमा तय हो। उनका कहना है कि जिम्मेदारी निभाने वालों की लगातार अनदेखी से न केवल उनका मनोबल गिर रहा है, बल्कि परीक्षा व्यवस्था की पारदर्शिता और विश्वसनीयता पर भी प्रश्नचिह्न लग रहा है।

## धुरकी: सड़क निर्माण में गुणवत्ता की अनदेखी, ग्रामीणों ने जताया आक्रोश



नवीन मेल संवाददाता

**धुरकी।** प्रखंड मुख्यालय से सटे ग्राम शिवरी से टाटीदीरी तक बन रही सड़क के निर्माण कार्य में अनियमितता को लेकर ग्रामीणों ने विरोध जताया है। ग्रामीणों का आरोप है कि संवेदक द्वारा निर्धारित मानकों की अनदेखी करते हुए सड़क पर पिच (अलकतरा) की मात्रा कम दी जा रही है। शिवरी गांव के ग्रामीणों ने निर्माण कार्य का निरीक्षण करने के बाद गुणवत्ता पर गंभीर सवाल उठाए। उनका कहना है कि कालीकरण के दौरान अलकतरा की मात्रा मानक से काफी कम है, जिससे सड़क जल्द उखड़ने की आशंका है। मौके पर मौजूद तौफिक आलम, नंद किशोर यादव, डबलू चंद्रवंशी और अक्षय सहित अन्य ग्रामीणों ने नाराजगी जताते हुए कहा कि सरकार करोड़ों रुपये सड़क निर्माण पर खर्च करती है, लेकिन ठेकेदार घटिया सामग्री का उपयोग कर रहे हैं। उन्होंने चेतावनी दी कि यदि कार्य में सुधार नहीं हुआ तो वे निर्माण कार्य रुकवाने और उच्चाधिकारियों से लिखित शिकायत करने को बाध्य होंगे।

### 'बाल विवाह मुक्ति रथ' को हरी झंडी

# गढ़वा में डीडीसी ने किया जन-जागरूकता अभियान का शुभारंभ

नवीन मेल संवाददाता



**गढ़वा।** सामाजिक कुरीतियों के उन्मूलन की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल करते हुए गढ़वा जिला प्रशासन ने समाहरणालय परिसर से 'बाल विवाह मुक्ति रथ' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। यह अभियान लोहरदगा ग्राम स्वराज्य संस्थान एवं एसोसिएशन फॉर वालंटरी एक्शन के संयुक्त तत्वावधान में संचालित किया जा रहा है। कार्यक्रम में उप विकास आयुक्त पशुपतिनाथ मिश्रा, अपर समाहर्ता राज महेश्वरम, जिला समाज कल्याण पदाधिकारी धीरज प्रकाश, जिला जनसंपर्क पदाधिकारी पंकज कुमार गिरी, जिला शिक्षा पदाधिकारी कैसर रज़ा तथा जिला शिक्षा अधीक्षक अनुराग मिंज सहित अन्य अधिकारियों ने हस्ताक्षर कर बाल विवाह उन्मूलन के प्रति अपनी प्रतिबद्धता व्यक्त की। इस अवसर पर उप विकास आयुक्त ने कहा कि बाल विवाह एक गंभीर एवं दंडनीय अपराध है। इसे समाप्त करने के लिए समाज के सभी वर्गों की सक्रिय भागीदारी आवश्यक है। उन्होंने कहा कि जागरूकता, शिक्षा और सामुदायिक सहयोग से ही बाल विवाह मुक्त गढ़वा के संकल्प को साकार किया जा सकता है। 'बाल विवाह मुक्ति रथ' जिले के सभी प्रखंडों, थानों, पंचायत सचिवालयों एवं प्रमुख हाट-बाजारों में भ्रमण करेगा। इसके माध्यम से बाल विवाह के दुष्परिणामों की जानकारी दी जाएगी, शपथ ग्रहण कार्यक्रम आयोजित होंगे तथा हस्ताक्षर अभियान चलाकर आमजनों को इस सामाजिक बुराई के खिलाफ जागरूक किया जाएगा। कार्यक्रम में एसोसिएशन फॉर वालंटरी एक्शन के दीपक कुमार पाठक, जिला बाल संरक्षण इकाई एवं चाइल्ड हेल्पलाइन के कर्मी सहित अन्य प्रतिनिधि उपस्थित रहे।

## मझिगावां विद्यालय में फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत दवा वितरण



नवीन मेल संवाददाता

**खरौंधी (गढ़वा)।** प्रखंड अंतर्गत उत्क्रमित मध्य विद्यालय मझिगावां में राष्ट्रीय फाइलेरिया उन्मूलन अभियान के तहत विशेष दवा वितरण कार्यक्रम आयोजित किया गया। इस दौरान लगभग 200 छात्र-छात्राओं एवं शिक्षकों को फाइलेरिया से बचाव की दवा दी गई। कार्यक्रम स्वास्थ्य विभाग के निर्देशानुसार आयोजित हुआ। स्वास्थ्य सहिया रीना देवी एवं एएनएम चंचला कुमारी की देखरेख में दवा वितरण किया गया। बच्चों को दवा के लाभ एवं संभावित हल्के दुष्प्रभावों की जानकारी भी दी गई। प्रधानाध्यापक कामेश्वर प्रसाद सिंह ने कहा कि फाइलेरिया से बचाव के लिए समय पर दवा लेना आवश्यक है। विद्यालय प्रबंधन समिति के अध्यक्ष मुहब्बत हुसैन ने भी अभिभावकों से अभियान में सहयोग की अपील की। कार्यक्रम शांतिपूर्ण ढंग से संपन्न हुआ। स्वास्थ्य विभाग का यह अभियान क्षेत्र को फाइलेरिया मुक्त बनाने की दिशा में महत्वपूर्ण पहल माना जा रहा है।

## तीसरी मंजिल से गिरकर महिला मजदूर की मौत, चार बच्चे हुए अनाथ

नवीन मेल संवाददाता



**चिनियां।** बुधवार को थाना मुख्यालय क्षेत्र में एक दर्दनाक हादसे में महिला मजदूर राजपति कुंवर (पति स्व. मनोज सिंह) की तीसरी मंजिल से गिरकर मौत हो गई। वह नसीरुद्दीन अंसारी के निर्माणाधीन मकान में कार्यरत थीं। प्रत्यक्षदर्शी मजदूरों ने बताया कि वह छत ढलाई से पहले सेंटरिंग प्लाई में टेप लगा रही थीं, तभी संतुलन बिगड़ने से लिफ्टिंग गैप से नीचे पक्की फर्श पर गिर गईं। गंभीर रूप से घायल अवस्था में उन्हें स्थानीय निजी क्लीनिक ले जाया गया, जहां से गढ़वा रेफर किया गया। सदर अस्पताल पहुंचने पर चिकित्सकों ने उन्हें मृत घोषित कर दिया। मृतका अत्यंत गरीब परिवार से थीं और मेहनत-मजदूरी कर अपने चार बच्चों का पालन-पोषण कर रही थीं। घटना के बाद गांव में शोक और आक्रोश का माहौल है। थाना प्रभारी अमित कुमार ने पुलिस बल के साथ मौके पर पहुंचकर जांच शुरू कर दी है।

### चिनिया में मजदूर की मौत पर बवाल मुआवजा मिलने के बाद खुला मार्ग



**चिनिया (गढ़वा)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित नसरुल्लाह अंसारी के निर्माणाधीन मकान में कार्य के दौरान मजदूर राजपति देवी की गिरकर दर्दनाक मौत हो गई। घटना से आक्रोशित परिजनों और ग्रामीणों ने पोस्टमार्टम के बाद शव को चिनिया-गढ़वा मुख्य सड़क पर रखकर लगभग दो घंटे तक जाम कर दिया। सड़क जाम के कारण यातायात पूरी तरह बाधित रहा और दोनों ओर वाहनों की लंबी कतार लग गई। सूचना मिलते ही थाना प्रभारी अमित कुमार मौके पर पहुंचे और परिजनों व निर्माण कार्य करा रहे नसरुल्लाह अंसारी के बीच वार्ता कराई। काफी मशक्कत के बाद समझौते के तहत मृतका के बच्चों के भरण-पोषण के लिए डेढ़ लाख रुपये तथा दाह-संस्कार हेतु 50 हजार रुपये तत्काल दिए गए। साथ ही डेढ़ लाख रुपये बच्चों के बैंक खाते में जमा कराने पर सहमति बनी। इसके बाद ग्रामीणों ने जाम हटा लिया और करीब दो घंटे बाद आवागमन सामान्य हो सका। मौके पर पंचायत प्रतिनिधि, जनप्रतिनिधि एवं सैकड़ों ग्रामीण उपस्थित रहे।

## श्री बंशीधर नगर: सरस्वती विद्या मंदिर में परीक्षार्थियों का पारंपरिक स्वागत



**श्री बंशीधर।** नगर स्थित सरस्वती विद्या मंदिर में ग्यारहवीं बोर्ड परीक्षा के प्रथम दिन परीक्षार्थियों का पारंपरिक तरीके से स्वागत किया गया। विद्यालय के मुख्य द्वार पर आचार्याओं ने विद्यार्थियों को तिलक लगाकर एवं प्रसाद देकर परीक्षा केंद्र में प्रवेश कराया। प्रधानाचार्य रविकांत पाठक ने विद्यार्थियों को शुभकामनाएं देते हुए कहा कि यह उनके परिश्रम के मूल्यांकन का समय है और वे अपने उज्ज्वल भविष्य के निर्माण में सफल हों। परीक्षा संचालन में विभिन्न विद्यालयों से आए शिक्षकों का योगदान रहा। परीक्षा शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न हुई।


**उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी का कार्यालय, चतरा**
**(झा0गृ0र0वा0)**

**अति अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना–01/2025–26**

चतरा जिला अन्तर्गत गृह रक्षकों के नव–नामांकन के शारीरिक जाँच में R.F.I.D के माध्यम से दौड़ कराने का निर्णय लिया गया है। इस कार्य हेतु सक्षम ऐजेन्सियों से प्रति आवेदक मूल्य दर निर्धारण हेतु सीलबन्द लिफाफा में निविदा आमंत्रित की जाती है।

1. विज्ञापनदाता का नाम :– उपायुक्त–सह–जिला दण्डाधिकारी, चतरा।
2. निविदा प्राप्त करने की तिथि एवं समय :– दिनांक–28.02.2026 के कार्यालय अवधि से दिनांक–15.03.2026 अपराह्न 05:00 बजे तक।
3. निविदा जमा करने का स्थान :– जिला समादेष्टा का कार्यालय, झारखण्ड गृह रक्षा वाहिनी, चतरा।
4. निविदा खोलने का स्थान, तिथि एवं समय :– समाहरणालय, सभा कक्ष चतरा। दिनांक–16.03.2026 समय 11:00 बजे अपराह्न

**निविदा की शर्तें एवं अन्य विस्तृत जानकारी जिला के अधिकारिक वेबसाईट www.chatra.nic.in पर उपलब्ध है, जिसे देखा जा सकता है।**

PR 373615 Home, Prison And Disaster Management(25-26)#D

उपायुक्त–सह–अध्यक्ष
गृह रक्षक नव–नामांकन समिति, चतरा


## रमना: बैठक के बाद भी अतिक्रमण बरकरार, प्रशासन सख्त

नवीन मेल संवाददाता



**रमना।** मुख्य बाजार एवं उससे जुड़ी सड़कों को अतिक्रमण मुक्त करने को लेकर प्रमुख करुणा सोनी की उपस्थिति में बैठक आयोजित की गई थी। बैठक में दुकानदारों से स्वेच्छा से अतिक्रमण हटाने और सड़कों को स्वच्छ रखने का निर्णय लिया गया था। बैठक में अंचल पदाधिकारी सह बीडीओ विकास पांडेय, सांसद प्रतिनिधि प्रभात कुमार, विधायक प्रतिनिधि रोहित वर्मा सहित स्थानीय जनप्रतिनिधि मौजूद थे। हालांकि दो सप्ताह बीत जाने के बाद भी स्थिति में अपेक्षित सुधार नहीं हुआ है। प्रशासन ने सख्त रुख अपनाते हुए कहा है कि यदि लोग स्वेच्छा से अतिक्रमण नहीं हटाते हैं तो नियमानुसार कार्रवाई की जाएगी। अधिकारियों ने आम लोगों से शहर को स्वच्छ और अतिक्रमण मुक्त रखने में सहयोग की अपील की है।

## खरौंधी: राम-रावण युद्ध प्रसंग से गूंजा महायज्ञ परिसर

नवीन मेल संवाददाता



**खरौंधी (गढ़वा)।** शतचंडी महायज्ञ के निमित्त विधिवत झंडा स्थापना एवं देवी-देवताओं की पूजा-अर्चना के साथ कार्यक्रम का शुभारंभ हुआ। वैदिक मंत्रोच्चार के बीच ध्वज स्थापना से पूरा क्षेत्र भक्तिमय हो उठा। प्रवचन के दूसरे दिन बिहार से पधारे पंडित विनय कांत ने रामायण के भगवान श्रीराम और रावण युद्ध प्रसंग का मार्मिक वर्णन किया। उन्होंने धर्म, कर्तव्य और परिवार के प्रति निष्ठा का संदेश देते हुए कहा कि विपरीत परिस्थितियों में भी अपनों का साथ नहीं छोड़ना चाहिए। 5 मार्च से 9 मार्च तक आयोजित महायज्ञ को लेकर क्षेत्र में उत्साह और श्रद्धा का माहौल है। आयोजन में यज्ञ समिति के पदाधिकारी एवं बड़ी संख्या में श्रद्धालु उपस्थित रहे।


**कार्यालय-झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा**

**अति–अल्पकालीन पुनर्निविदा संबंधी आवश्यक सूचना (2025–26)**

राज्य परियोजना निदेशक, झारखण्ड शिक्षा परियोजना परिषद्, राँची के पत्रांक– 5094 दिनांक– 27.11.2025 एवं पत्रांक– 6251 दिनांक– 10.12.2025 के आलोक में राष्ट्रीय आविष्कार अभियान के तहत जिले में अध्ययनरत कक्षा 6–8 तक के 200 मेधावी छात्र–छात्राओं को राज्य के अन्दर (दक्षिणी छोटानागपुर/उत्तरी छोटानागपुर/कोल्हान प्रमण्डल अंतर्गत) शैक्षणिक भ्रमण हेतु अति–अल्पकालीन पुनर्निविदा आमंत्रित किया जाता है। उक्त कार्य हेतु इंडियन टुरिज्म या झारखण्ड राज्य से पंजीकृत संस्थान पुनर्निविदा प्रपत्र एवं शर्तों के अधीन दिनांक– 27.02.2026 से 07.03.2026 तक गढ़वा जिले के आधिकारिक वेबसाईट– https://garhwa.nic.in से डाउनलोड करते हुए भरा हुआ पुनर्निविदा प्रपत्र दिनांक– 07.03.2026 के अपराह्न 1:00 बजे तक झारखण्ड शिक्षा परियोजना कार्यालय, गढ़वा समाहरणालय परिसर (पुराना भवन), विकास भवन– बी0 प्रथम तल में स्वयं/प्रतिनिधि के माध्यम से जमा कर सकते हैं, निर्धारित तिथि के बाद कोई भी निविदा प्राप्त होने पर स्वीकार नहीं किया जायेगा। उक्त मुहरबंद निविदा जिला स्तरीय क्रय/निविदा समिति के समक्ष दिनांक–07.03.2026 को अपराह्न 03:00 बजे खोली जायेगी।

उक्त पुनर्निविदा विज्ञापन से संबंधित विस्तृत जानकारी कार्यालय अवधि में अधोहस्ताक्षरी कार्यालय से प्राप्त की जा सकती है।

जिला शिक्षा अधीक्षक–सह–
अपर जिला कार्यक्रम पदाधिकारी
झारखण्ड शिक्षा परियोजना, गढ़वा

PR 373625 Human Resource Developement(25-26).D


## रंका: कस्तूरबा विद्यालय में बीईईओ रंभा चौबे को भावभीनी विदाई

नवीन मेल संवाददाता



**रंका।** कस्तूरबा गांधी बालिका आवासीय विद्यालय परिसर में प्रखंड शिक्षा प्रसार पदाधिकारी (बीईईओ) रंभा चौबे के सम्मान में भव्य विदाई सह सम्मान समारोह आयोजित किया गया। विद्यालय परिसर को आकर्षक ढंग से सजाया गया था तथा छात्राओं ने तिलक एवं पुष्पवर्षा से अतिथियों का स्वागत किया। कार्यक्रम की शुरुआत दीप प्रज्वलन एवं सरस्वती वंदना से हुई। छात्राओं ने स्वागत गीत, नृत्य और लघु नाटिका प्रस्तुत कर वातावरण को भावनात्मक बना दिया। वक्ताओं ने कहा कि श्रीमती चौबे के नेतृत्व में शैक्षणिक निरीक्षण व्यवस्था मजबूत हुई, छात्राओं की उपस्थिति बढ़ी और शिक्षण गुणवत्ता में सकारात्मक सुधार आया। बालिका शिक्षा सशक्तिकरण और अधोसंरचना विकास में उनकी भूमिका सराहनीय रही। अंत में उन्हें शॉल, सम्मान पत्र और स्मृति चिन्ह प्रदान किया गया। अपने संबोधन में उन्होंने छात्राओं को अनुशासन, आत्मविश्वास और निरंतर प्रयास का संदेश दिया।

## रांची में 15 मार्च को क्षत्रिय समागम मुख्य अतिथि होंगे रविंद्र सिंह भाटी

नवीन मेल संवाददाता




**रांची/मेदिनीनगर।** क्षत्रिय गौरव एकता मंच की ओर से झारखंड की राजधानी रांची में पहली बार विशाल क्षत्रिय समागम का आयोजन किया जा रहा है। यह समागम एचईसी स्थित पुराना विधानसभा मैदान में 15 मार्च को आयोजित होगा। कार्यक्रम में झारखंड के गांव-गांव से समाज के लोगों के पहुंचने की संभावना है। समागम के मुख्य अतिथि राजस्थान के विधायक रविंद्र सिंह भाटी होंगे। इसके अलावा क्षत्रिय समाज से जुड़े झारखंड के पूर्व सांसद, पूर्व विधायक एवं वर्तमान विधायक भी कार्यक्रम में शामिल होंगे। समागम की सफलता को लेकर पूरे राज्य में तैयारी तेज कर दी गई है। यह जानकारी पूर्व एमएलसी और क्षत्रिय गौरव एकता मंच के प्रदेश संयोजक प्रवीण सिंह ने बुधवार को हरमू में आयोजित संवाददाता सम्मेलन में दी। प्रवीण सिंह ने बताया कि समागम का मुख्य उद्देश्य क्षत्रिय समाज की एकजुटता को मजबूत करना है। समागम की तैयारी को लेकर 27 मार्च को प्रेस क्लब में दिन के ढाई बजे एक बैठक भी आयोजित की जाएगी। इस अवसर पर भाजपा नेता सत्यनारायण सिंह, जीवेश सिंह सोलंकी, सुनील सिंह और अभिषेक सिंह सहित कई लोग उपस्थित थे।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय**
**पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लातेहार**

**आम सूचना**

आगामी ग्रीष्म को देखते हुए लातेहार जिला के सर्व साधारण को सूचित किया जाता है कि ग्रामीण क्षेत्रों में अवस्थित नलकूपों तथा ग्रामीण जलापूर्ति योजना से संबंधित पेयजल की समस्या से निपटने हेतु **जिला स्तरीय नियंत्रण कक्ष** का गठन किया गया है जो निम्न प्रकार हैः–

1. पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लातेहार में जिला स्तर पर श्री सरयु प्रसाद मेहता, प्राक्कलक, पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लातेहार को नियंत्रण कक्ष का नोडल पदाधिकारी बनाया गया है, जिनका मोबाईल नम्बर सह Whatsapp No 9430186764 है। श्री राजीव रंजन निम्न वर्गीय लिपिक, पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल लातेहार जिनका मोबाईल सं0– 7903562848, को नियंत्रण कक्ष का प्रभारी बनाया गया है। Control Room में कार्यालय दिवस के कार्यालीय अवधि में शिकायत दर्ज करा सकते है।
2. पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल लातेहार अन्तर्गत अवर प्रमंडल/प्रशाखा स्तर पर भी शिकायत पुस्तिका संधारित है, तथा संबंधि ग्राम जल एवं स्वच्छता समिति के जल सहिया को भी शिकायत दर्ज करा सकते है।

| क्र0 सं0 | नियंत्री पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम | मोबाईल सं0 | नोडल पदाधिकारी का नाम एवं पदनाम | आवंटित प्रखण्ड | मोबाईल संख्या |
|---|---|---|---|---|---|
| 01 | श्री राजेश कुजूर सहायक अभियंता पेयजल एवं स्व0 अवर प्रमंडल लातेहार। | 9431054379 | भरत प्रसाद कनीय अभियंता | लातेहार | 9973467400 |
| | | | श्री प्रभात कुमार सिंह कनीय अभियंता | मनिका | 7050799752 |
| 02 | श्री अरूण कुमार मेहता, सहायक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल चन्दवा। | 8340573562 | श्री अनिल कुमार सामड़ कनीय अभियंता | चन्दवा | 9934373981 |
| | | | श्री मंगल मिंज कनीय अभियंता | बालूमाथ | 7070064214 |
| | | | दीपक कुमार मेहता कनीय अभियंता | हेरहंज एवं बारियातु | 7631077726 |
| 03 | श्री प्रशान्त कुमार पाण्डेय, सहायक अभियंता पेयजल एवं स्वच्छता अवर प्रमंडल बरवाडीह। | 8797128296 | श्री राहुल कुमार कनीय अभियंता | गारू | 7004702759 |
| | | | श्री पियुष कुमार रंजन कनीय अभियंता | बरवाडीह | 7667679642 |
| 04 | श्री राजेश कुजूर सहायक अभियंता पेयजल एवं स्व0 अवर प्रमंडल लातेहार। | 9431054379 | श्री ओमकार कुमार कनीय अभियंता | महुआडाड़ | 9229339123 |
| | | | मो0 मुस्तकिम अंसारी कनीय अभियंता | नेतरहाट | 8010827148 |

कार्यपालक अभियंता,
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमंडल, लातेहार

PR 373627 (Drinking Water and Sanitation)25-26*D


### राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन से बदली चम्पा की जिंदगी

## केतार की बेटी बनी आत्मनिर्भर उद्यमी, अब अन्य महिलाओं के लिए प्रेरणा

बिट्टू सिंह



**केतार (गढ़वा)।** आर्थिक तंगी और दिहाड़ी मजदूरी के सहारे जीवन यापन करने वाली केतार की चम्पा कुमारी आज ग्रामीण महिलाओं के लिए प्रेरणा बन गई हैं। शीतल आजीविका सखी मंडल से सितंबर 2018 में जुड़ने के बाद उनकी जिंदगी ने नई दिशा पकड़ी और आत्मनिर्भरता की राह खुली। समूह से जुड़ने से पहले उनका परिवार गंभीर आर्थिक संकट से गुजर रहा था। मजदूरी ही आय का एकमात्र साधन था। काम नहीं मिलने पर घर चलाना मुश्किल हो जाता था और आवश्यक जरूरतों को पूरा करने के लिए कई बार महाजन से कर्ज लेना पड़ता था। समूह से जुड़ने के बाद चम्पा कुमारी को प्रशिक्षण और आर्थिक सहयोग मिला। बीपीएम अरविंद पासवान द्वारा राष्ट्रीय ग्रामीण आजीविका मिशन के तहत उन्हें एक लाख रुपये का ऋण दिलाया गया, जिससे उन्होंने गांव में श्रृंगार की दुकान खोली। धीरे-धीरे दुकान चल निकली और आमदनी बढ़ने लगी। इस पहल से वे महाजन के कर्ज से मुक्त हुईं और नियमित आय का साधन स्थापित हुआ। आज उनकी वार्षिक आय लगभग 1,10,000 रुपये है। इस आय से वे अपने दो बच्चों की पढ़ाई, घर-परिवार के खर्च और खेती-बाड़ी की जिम्मेदारी सफलतापूर्वक निभा रही हैं। आर्थिक स्थिति सुधरने के साथ समाज में उनका सम्मान भी बढ़ा है। जो परिवार कभी अभाव में जीवन बिता रहा था, आज आत्मनिर्भर और खुशहाल है।चम्पा कुमारी अब अन्य महिलाओं को भी स्वयं सहायता समूह से जुड़कर स्वरोजगार अपनाने के लिए प्रेरित कर रही हैं। भविष्य में वे अपनी बचत से एक और छोटी दुकान खोलने की योजना बना रही हैं, ताकि आय के स्रोत बढ़ें और बच्चों को बेहतर शिक्षा दिला सकें।

## फरार अभियुक्त के घर इश्तेहार चस्पा आत्मसमर्पण की चेतावनी



**महुआडांड़ (लातेहार)।** महुआडांड़ थाना पुलिस ने लंबे समय से फरार अभियुक्त के विरुद्ध न्यायालय के आदेश पर उसके घर इश्तेहार चस्पा किया। यह कार्रवाई नेतरहाट व महुआडांड़ थाना कांड में वांछित अनिल तुरी (उज्ज्वल तुरी), निवासी चैनपुर, थाना पेशरार, जिला लोहरदगा के घर पर की गई। पुलिस के अनुसार अभियुक्त के विरुद्ध कई गंभीर धाराओं में मामला दर्ज है। थाना प्रभारी मनोज कुमार ने बताया कि न्यायालय द्वारा अंतिम अवसर दिया गया है। निर्धारित समय सीमा में आत्मसमर्पण नहीं करने पर कुर्की-जप्ती सहित आगे की कठोर कार्रवाई की जाएगी।

### होली, ईद व रामनवमी को लेकर प्रशासन अलर्ट

# 24 घंटे सक्रिय रहेगा कंट्रोल रूम अफवाह फैलाने वालों पर कड़ी नजर

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** आगामी होली, ईद और रामनवमी को शांतिपूर्ण व सौहार्दपूर्ण माहौल में संपन्न कराने के लिए जिला स्तरीय शांति समिति की बैठक समाहरणालय सभागार में आयोजित की गई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता और पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने संयुक्त रूप से की।



प्रशासन ने पर्वों के मद्देनजर विशेष सतर्कता बरतने के निर्देश दिए हैं। अनुमंडल पदाधिकारियों, अंचल अधिकारियों और थाना प्रभारियों को अपने क्षेत्रों में शांति समिति की बैठक, फ्लैग मार्च और संवेदनशील स्थलों पर निगरानी सुनिश्चित करने को कहा गया। पटाखों के भंडारण और बिक्री के लिए वैध लाइसेंस अनिवार्य बताया गया है। बिना लाइसेंस बिक्री पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है। होली के दिन शराब दुकानों को बंद रखने तथा 'ड्रिंक एंड ड्राइव' के विरुद्ध विशेष अभियान चलाने का निर्देश दिया गया है। सोशल मीडिया पर अफवाह फैलाने वालों पर साइबर सेल की 24 घंटे नजर रहेगी। आपात स्थिति में जिला कंट्रोल रूम नंबर 06565-247981, मोबाइल 08987796308, साइबर सेल 6206159795 या 112 पर सूचना देने की अपील की गई है।

### जिला विधिक सेवा प्राधिकार, लातेहार की तैयारी तेज

## 14 मार्च को पहली राष्ट्रीय लोक अदालत 'मध्यस्थता देश के लिए 2.0' अभियान की समीक्षा



नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** आगामी 14 मार्च 2026 को आयोजित वर्ष की पहली राष्ट्रीय लोक अदालत को सफल बनाने के लिए व्यवहार न्यायालय लातेहार में व्यापक समीक्षा बैठक हुई। बैठक की अध्यक्षता प्रधान जिला एवं सत्र न्यायाधीश-सह-अध्यक्ष, जिला विधिक सेवा प्राधिकार शेष नाथ सिंह ने की।

बैठक में लंबित मामलों के त्वरित निष्पादन को लेकर रणनीति बनाई गई। सुलहनीय आपराधिक मामलों, दीवानी वादों, बैंक ऋण, बिजली बिल और वैवाहिक विवादों से जुड़े प्रकरणों को प्राथमिकता के आधार पर चिन्हित करने तथा अधिक से अधिक नोटिस तामिला सुनिश्चित करने का निर्देश दिया गया, ताकि लोक अदालत के माध्यम से अधिकाधिक मामलों का निपटारा हो सके।

साथ ही, 90 दिवसीय 'मध्यस्थता देश के लिए 2.0' अभियान की प्रगति की समीक्षा की गई। अध्यक्ष ने कहा कि मध्यस्थता विवाद समाधान का सरल, प्रभावी और सौहार्दपूर्ण माध्यम है, जिससे समय और संसाधनों की बचत होती है। न्यायिक अधिकारियों को पक्षकारों को मध्यस्थता के लाभों के प्रति जागरूक करने का निर्देश दिया गया। बैठक में प्रधान न्यायाधीश कुटुंब न्यायालय सैयद सलीम फातमी, सीजेएम विक्रम आनंद, एसीजेएम कुमारी जीव, सचिव जिला विधिक सेवा प्राधिकार शिवम चैरसिया सहित अन्य न्यायिक पदाधिकारी उपस्थित रहे। प्रशासन ने आमजन से लोक अदालत का लाभ उठाने की अपील की है।

## 40 लाभुकों के बीच बत्तख चूजों का वितरण

- स्वरोजगार को बढ़ावा, आत्मनिर्भरता की ओर ग्रामीणों का कदम

**चंदवा।** प्रखंड पशुपालन विभाग द्वारा स्वरोजगार को प्रोत्साहित करने के उद्देश्य से 40 लाभुकों के बीच बत्तख चूजों का वितरण किया गया। कार्यक्रम का नेतृत्व प्रखंड पशुपालन पदाधिकारी सरोज केरकेट्टा एवं विधायक प्रतिनिधि सुनील मुंडा ने किया। अधिकारियों ने कहा कि बत्तख पालन ग्रामीण क्षेत्रों में आय का सशक्त माध्यम बन सकता है। कम लागत में बेहतर आमदनी की संभावना से ग्रामीण परिवार आत्मनिर्भर बन सकते हैं। लाभुकों को वैज्ञानिक तरीके से पालन-पोषण करने की सलाह दी गई, ताकि अधिकतम लाभ प्राप्त हो सके। लाभुकों ने योजना का लाभ पाकर प्रसन्नता व्यक्त की और विभाग के प्रति आभार जताया। कार्यक्रम में स्थानीय जनप्रतिनिधि एवं गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

## स्कूल-कॉलेजों के 100 मीटर दायरे में मादक पदार्थ बिक्री पर सख्त रोक



- एनसीओआरडी बैठक में उपायुक्त-एसपी के निर्देश, अवैध खेती पर चलेगा अभियान

नवीन मेल संवाददाता

**लातेहार।** जिले में मादक पदार्थों की रोकथाम को लेकर जिला स्तरीय एनसीओआरडी समिति की बैठक आयोजित हुई। बैठक की अध्यक्षता उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता और पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने संयुक्त रूप से की। बैठक में अवैध मादक पदार्थों के उत्पादन, भंडारण और परिवहन पर कड़ी निगरानी के निर्देश दिए गए। उपायुक्त ने सभी अंचल अधिकारियों और थाना प्रभारियों को स्कूलों व कॉलेजों के 100 मीटर की परिधि में किसी भी प्रकार के मादक पदार्थों की बिक्री पूर्णतः प्रतिबंधित सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। संवेदनशील क्षेत्रों में नियमित छापेमारी और विशेष निगरानी अभियान चलाने के निर्देश दिए गए। आमजन को नशे के दुष्परिणामों के प्रति जागरूक करने पर भी बल दिया गया। बारियातू, हेरहंज और बालूमाथ क्षेत्रों में अवैध अफीम की खेती के विरुद्ध सघन अभियान चलाने का निर्देश दिया गया। बैठक में संबंधित विभागों ने अनुपालन प्रतिवेदन प्रस्तुत किया।

## न्यूज बॉक्स

### जनवरी में 18 सड़क हादसों में 20 की मौत, 78 घायल

- 'गोल्डन ऑवर' में इलाज पर जोर, नियम तोड़ने वालों पर सख्ती के निर्देश

**लातेहार।** जिले में सड़क दुर्घटनाओं की बढ़ती संख्या चिंता का विषय बनती जा रही है। परिवहन विभाग के अनुसार जनवरी माह में 18 सड़क हादसों में 20 लोगों की जान गई, जबकि 78 लोग घायल हुए। जिला सड़क सुरक्षा समिति की बैठक में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता और पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने स्थिति पर चिंता जताते हुए सख्त कदम उठाने के निर्देश दिए। उपायुक्त ने 'गोल्डन ऑवर' के महत्व पर जोर देते हुए कहा कि समय पर अस्पताल पहुंचाने से कई जिंदगियां बचाई जा सकती हैं। घायलों को अस्पताल पहुंचाने वाले गुड समारिटन को 2 से 5 हजार रुपये तक प्रोत्साहन राशि देने की जानकारी दी गई। समीक्षा में हाईवे किनारे अवैध पार्किंग, गलत दिशा में वाहन चलाना और ओवरस्पीड को प्रमुख कारण बताया गया। प्रशासन ने बिना हेलमेट और बिना सीटबेल्ट वाहन चलाने वालों के विरुद्ध नियमित जांच अभियान चलाने तथा कड़ी कार्रवाई करने के निर्देश दिए हैं।

### अवैध खनन पर प्रशासन सख्त, जनवरी में 32 वाहन जब्त, 3.67 लाख जुर्माना वसूला

**लातेहार।** जिले में अवैध खनन के विरुद्ध कार्रवाई तेज कर दी गई है। समाहरणालय में आयोजित जिला स्तरीय खनन टास्क फोर्स की बैठक में उपायुक्त उत्कर्ष गुप्ता और पुलिस अधीक्षक कुमार गौरव ने समीक्षा कर अधिकारियों को अभियान तेज करने का निर्देश दिया। जिला खनन पदाधिकारी नदीम सफी ने बताया कि जनवरी माह में अवैध खनिज उत्खनन, परिवहन और भंडारण के विरुद्ध 80 निरीक्षण किए गए। इस दौरान 32 वाहनों को जब्त किया गया, 5 प्राथमिकी दर्ज की गई तथा 3,67,450 जुर्माना वसूला गया। उपायुक्त ने हॉटस्पॉट क्षेत्रों में लगातार छापेमारी, प्राथमिकी दर्ज करने और अवैध उत्खनन स्थलों पर डोजरिंग सुनिश्चित करने का निर्देश दिया। पुलिस अधीक्षक ने भी स्पष्ट किया कि अवैध खनन में संलिप्त किसी भी वाहन को बख्शा नहीं जाएगा और दोषियों पर सख्त कार्रवाई होगी।

### झारखंड मुक्ति मोर्चा चंदवा प्रखंड ने जताया गहरा शोक

**चंदवा।** रांची से दिल्ली जा रही एयर एंबुलेंस 23 फरवरी की शाम चतरा जिले के सिमरिया स्थित करमाटांड़ क्षेत्र में दुर्घटनाग्रस्त हो गई, जिसमें सात लोगों की मृत्यु हो गई। इस हृदयविदारक घटना पर झारखंड मुक्ति मोर्चा चंदवा प्रखंड ने गहरा शोक व्यक्त किया है। पार्टी नेताओं ने इसे पूरे राज्य के लिए स्तब्ध कर देने वाली घटना बताया। प्रेस बयान जारी कर नेताओं ने दिवंगत आत्माओं की शांति के लिए प्रार्थना की और शोक संतप्त परिवारों को इस असहनीय दुख को सहने की शक्ति देने की कामना की। साथ ही राज्य सरकार एवं संबंधित एजेंसियों से दुर्घटना की उच्च स्तरीय और निष्पक्ष जांच कराने की मांग की गई। नेताओं ने एयर एंबुलेंस सेवाओं की सुरक्षा व्यवस्था की व्यापक समीक्षा करने पर बल दिया, ताकि भविष्य में ऐसी घटनाओं की पुनरावृत्ति न हो।

### दुर्गा बाड़ी में 17वां स्थापना दिवस संपन्न



**महुआडांड़ (लातेहार)।** प्रखंड मुख्यालय स्थित प्रसिद्ध दुर्गा बाड़ी, महुआडांड़ में माँ दुर्गा प्रतिमा का 17वां स्थापना दिवस श्रद्धा और उल्लास के साथ संपन्न हुआ। तीन दिवसीय धार्मिक अनुष्ठान का समापन हवन, पूर्णाहुति और कन्या पूजन के साथ किया गया। मुख्य पुजारी पंडित सर्वेश पाठक के सानिध्य में वैदिक मंत्रोच्चार के बीच विशेष पूजा-अर्चना की गई। कन्या पूजन में सैकड़ों बालिकाओं का पूजन कर उन्हें भोजन और उपहार प्रदान किए गए। आयोजन समिति ने सभी सहयोगियों के प्रति आभार जताया।

### एनडीपीएस एक्ट में दो अभियुक्त गिरफ्तार, दो किलो अफीम बरामद



**बारियातू (लातेहार)।** थाना पुलिस ने एनडीपीएस एक्ट के तहत दो प्राथमिक अभियुक्तों को गिरफ्तार कर न्यायिक हिरासत में भेज दिया। पुलिस अधीक्षक को मिली गुप्त सूचना के आधार पर अनुमंडल पुलिस पदाधिकारी के नेतृत्व में छापेमारी दल का गठन कर बठेठ पुल के पास वाहन जांच अभियान चलाया गया। जांच के दौरान मोटरसाइकिल सवार नेमा गंझू उर्फ मुकेश गंझू एवं तेतर गंझू को करीब दो किलो ग्राम अफीम (गादा) के साथ गिरफ्तार किया गया। इस संबंध में थाना कांड संख्या 13/2026 दर्ज कर दोनों आरोपियों को जेल भेज दिया गया। छापेमारी दल में थाना प्रभारी सहित पुलिस बल एवं आईआरबी के जवान शामिल थे।

## कालीचरण सिंह ने एयर एंबुलेंस हादसे पर जताई संवेदना



- बच्चों के भविष्य की जिम्मेदारी लेने का आश्वासन, चंदवा में शोक की लहर

नवीन मेल संवाददाता

**चंदवा।** एयर एंबुलेंस विमान हादसे में संजय कुमार और उनकी पत्नी अर्चना कुमारी के असामयिक निधन से क्षेत्र में गहरा शोक व्याप्त है। इस दुखद घटना के बाद सांसद कालीचरण सिंह ने पीड़ित परिवार के घर पहुंचकर शोक संवेदना व्यक्त की और परिजनों को ढांढस बंधाया।

सांसद ने कहा कि यह घटना अत्यंत पीड़ादायक है और परिवार के साथ-साथ पूरे समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। उन्होंने भरोसा दिलाया कि इस कठिन समय में वे पूरी मजबूती से परिवार के साथ खड़े हैं। विशेष रूप से बच्चों के भविष्य और उनके अधिकारों की रक्षा के लिए हरसंभव सहयोग प्रदान किया जाएगा।

उन्होंने संबंधित अधिकारियों से बातचीत कर सरकारी सहायता शीघ्र उपलब्ध कराने का आश्वासन भी दिया। मौके पर भाजपा जिला अध्यक्ष बंशी यादव सहित पार्टी पदाधिकारी व कार्यकर्ता उपस्थित रहे। पूरे चंदवा क्षेत्र में शोक का माहौल बना हुआ है।

## बारियातू में तैलिक साहु समाज का भव्य होली मिलन सह सम्मान समारोह

- सामाजिक एकता, शिक्षा और राजनीतिक भागीदारी पर दिया गया जोर

नवीन मेल संवाददाता



**बारियातू।** प्रखंड के गुगुलिया मुहल्ला के समीप 25 फरवरी को तैलिक साहु समाज द्वारा होली मिलन सह सम्मान समारोह का भव्य आयोजन किया गया। कार्यक्रम की शुरुआत हाल ही में हुए विमान हादसे में दिवंगत लोगों की आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रखकर की गई। उपस्थित लोगों ने श्रद्धांजलि अर्पित करते हुए उनके चित्र पर पुष्प अर्पित किए और संवेदना व्यक्त की।

इसके उपरांत अतिथियों ने संयुक्त रूप से दीप प्रज्वलित कर समारोह का विधिवत उद्घाटन किया। कार्यक्रम में रामदास साहू, रिपुसूदन साहू, शालिन गुप्ता, प्रियंका कुमारी, पूनम कुमारी, देवन्दन प्रसाद, अभय कुमार, राजेंद्र साव (समाजसेवी, लातेहार), जीवलाल साहू (जिला अध्यक्ष, चतरा), ललन साहू (जिला अध्यक्ष, पलामू), रंजीत कुमार, अनिल कुमार सहित कई गणमान्य लोग उपस्थित रहे।

समारोह के दौरान मुख्य अतिथियों को अंगवस्त्र एवं बुके भेंट कर सम्मानित किया गया। अपने संबोधन में वक्ताओं ने समाज की एकता, सामाजिक समरसता, शिक्षा के प्रसार और राजनीतिक भागीदारी को समय की आवश्यकता बताया। उन्होंने कहा कि संगठित समाज ही अपने अधिकारों की रक्षा करते हुए विकास के लक्ष्यों को प्राप्त कर सकता है। होली को प्रेम, भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक बताते हुए सभी से आपसी मतभेद भुलाकर एकजुट रहने का आह्वान किया गया। कार्यक्रम में सामाजिक जागरूकता और सामूहिक प्रगति का संदेश दिया गया। समारोह में अर्जुन साव, राजन प्रसाद सहित बड़ी संख्या में महिला-पुरुषों की उपस्थिति रही। पूरे आयोजन में उत्साह, भाईचारा और सामाजिक एकता की स्पष्ट झलक देखने को मिली।

## एयर एंबुलेंस हादसा: एएआईबी और डीजीसीए की संयुक्त जांच तेज, मलबा दिल्ली भेजा जाएगा

**सिमरिया (चतरा)।** सिमरिया थाना क्षेत्र के कसारी पंचायत अंतर्गत करमटांड़ जंगल में सोमवार रात हुए रेडबर्ड एयर एंबुलेंस हादसे की जांच तेज हो गई है। रांची के बिरसा मुंडा एयरपोर्ट से दिल्ली के लिए उड़ान भरने वाली रेडबर्ड एयर एंबुलेंस के क्रैश होने से सात लोगों की दर्दनाक मौत हो गई थी। हादसे के कारणों की पड़ताल के लिए मंगलवार को डीजीसीए, दिल्ली की टीम ने घटनास्थल पर पहुंचकर बारीकी से जांच की। टीम ने मौके से ब्लैक बॉक्स, इंजन नंबर, विमान के दस्तावेज, मरीज से संबंधित कागजात समेत अन्य महत्वपूर्ण साक्ष्य जब्त कर अपने साथ ले गई। बुधवार को एएआईबी कोलकाता की टीम भी दुर्घटनास्थल पर पहुंची। टीम ने जंगल क्षेत्र का मुआयना कर पेड़-पौधों की स्थिति का अवलोकन किया तथा क्षत-विक्षत एयर एंबुलेंस के प्रत्येक पार्ट्स और पुर्जों की गहन जांच की। आसपास बिखरे अवशेषों को भी सावधानीपूर्वक एकत्र कर परीक्षण किया गया। इधर रेडबर्ड एयर एंबुलेंस की तकनीकी टीम ने भी घटनास्थल पर पहुंचकर मलबे को समेटने का कार्य शुरू किया। विमान के अवशेषों और पुर्जों को एक स्थान पर इकट्ठा कर ट्रैक्टर के माध्यम से सिमरिया थाना लाया जाएगा, जहां से कंटेनर में लोड कर आगे जांच के लिए दिल्ली भेजा जाएगा।

### टोरी जंक्शन से भोपाल-धनबाद एक्सप्रेस को हरी झंडी

# सांसद कालीचरण सिंह ने किया शुभारंभ, क्षेत्र को मिली नई रेल सौगात

नवीन मेल संवाददाता



**चंदवा।** टोरी जंक्शन पर बुधवार को ऐतिहासिक क्षण दर्ज हुआ, जब भोपाल से धनबाद के लिए शुरू की गई नई एक्सप्रेस ट्रेन को सांसद कालीचरण सिंह ने हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। आकर्षक ढंग से सजी ट्रेन के आगमन से स्टेशन परिसर में उत्सव जैसा माहौल बन गया। उद्घाटन स्पेशल ट्रेन निर्धारित समय से कुछ विलंब से टोरी जंक्शन पहुंची, जहां जनप्रतिनिधियों, रेलवे अधिकारियों और स्थानीय नागरिकों की उपस्थिति में इसे धनबाद के लिए रवाना किया गया। इस नई सेवा को क्षेत्र के लिए महत्वपूर्ण उपलब्धि बताया गया। अपने संबोधन में सांसद ने कहा कि यह ट्रेन झारखंड और मध्य प्रदेश के बीच सामाजिक, आर्थिक और सांस्कृतिक संबंधों को मजबूत करेगी। लंबे समय से क्षेत्रवासियों की सीधी रेल सेवा की मांग थी, जो अब पूरी हुई है। उन्होंने नरेंद्र मोदी और अश्विनी वैष्णव के प्रति आभार व्यक्त किया। जानकारी के अनुसार, यह ट्रेन सप्ताह में तीन दिन संचालित होगी। भोपाल से धनबाद के लिए सेवा 28 फरवरी से तथा धनबाद से भोपाल के लिए 1 मार्च से नियमित रूप से चलेगी। होली पर्व से पहले यह सेवा यात्रियों के लिए विशेष रूप से लाभकारी मानी जा रही है।


झारखण्ड सरकार
श्रम, नियोजन, प्रशिक्षण एवं कौशल विकास विभाग, जिला नियोजनालय, लातेहार

रिक्ति की सूचना

भर्ती कैम्प दिनांक: 28/02/2026

राज्य के बेरोजगार युवाओं/युवतियों को निजी क्षेत्र में सुगमता से नियोजित करने के उद्देश्य से जिला नियोजनालय, लातेहार के द्वारा **दिनांक: 28.02.2026, दिन : शनिवार** के **पूर्वाह्न् 10:30 बजे से अपराह्न् 04:00 बजे** तक जिला खेल स्टेडियम के सामने खुला मैदान में **एक दिवसीय भर्ती कैम्प–सह–निबंधन कैम्प** : आयोजित किया जा रहा है।

**भर्ती कैम्प** में निम्नांकित प्रमुख नियोजकों ने उपस्थित रहने की सहमति प्रदान की है :–

| S. no. | Name and add. Of the Employer | Name of the post | No. of vac. | Qualification | | Experience | Age | Job Location | Remark |
|---|---|---|---|---|---|---|---|---|---|
| | | | | Essential | Desirable | | | | |
| 1. | 2 | 3 | 4 | 5 | 6 | 7 | 8 | 9 | 10 |
| 1 | UTKARSH SFB, LATEHAR | TCO | 50 | 12TH | Above | - | 18-35 yrs | JHARKHAND | 10500-12500 |
| 2 | LIC OF INDIA, LATEHAR | ADVISOR | 50 | 10TH | - | - | 18-50yrs | LATEHAR DISTRICT | COMMISION BASE |
| 3 | S.B.I. Life Insurance Co. Ltd. Dalongaj | Advisor | 100 | 12th/ Graduate | - | Fresher | 20-31 | Latehar/ Palamu | Commission |

योग्य एवं इच्छुक उम्मीदवार जो पूर्व से निबंधित नहीं है वे अपने निकटतम नियोजनालय में अथवा https://jharniyojan.jharkhand.gov.in/ पर अपना निबंधन कराते हुए उपरोक्त भर्ती कैम्प में नियोजक/नियोजक के प्रतिनिधि के समक्ष अपने सभी मूल प्रमाण पत्रों एवं उसकी एक छाया प्रति तथा अपना बायो डाटा (2 कॉपी) एवं नियोजनालय का निबंधन कार्ड के साथ उपस्थित हों। जो उम्मीदवार पूर्व से निबंधित है उनको पुनः निबंधन कराने की आवश्यकता नहीं है।

नियोजक निजी क्षेत्र के हैं, अतः साक्षात्कार, रिक्ति एवं सेवा शर्तों के लिए वे उत्तरदायी हैं। नियोजनालय मात्र सुविधा प्रदाता के रूप में कार्य कर रहा है एवं चयन में नियोजनालय की भूमिका नहीं है।

इस हेतु कोई भी मार्ग व्यय/भत्ता देय नहीं होगा।

**दिनांक: 28.02.2026, दिन : शनिवार, समय : पूर्वाह्न् 10:30 बजे से अपराह्न् 04:00 बजे स्थान : जिला खेल स्टेडियम, लातेहार**

**नोट :–रिक्ति की विस्तृत विवरणी जिला के वेबसाईट www.latehar.nic.in पर एवं जिला नियोजन कार्यालय के सूचना पट्ट पर देखी जा सकती है।**

।। आपके उज्जवल भविष्य के शुभकामनाओं के साथ।।

निवेदक,
जिला नियोजन पदाधिकारी,
लातेहार

PR 373590 (Labour Employment and Traning) 25-26 (D)

## न्यूज बॉक्स

### नदी से अवैध बालू उठाकर जा रहे ट्रैक्टर को सदर थाना पुलिस ने पकड़ा, होगी कार्रवाई

**लोहरदगा।** जिले में अवैध बालू खनन के खिलाफ चलाए जा रहे अभियान के तहत बुधवार शाम करीब 5:00 बजे सदर थाना पुलिस ने अवैध बालू लदा एक ट्रैक्टर जब्त किया। पुलिस को गुप्त सूचना मिली थी कि नदी क्षेत्र से अवैध रूप से बालू उठाकर एक ट्रैक्टर शहर की ओर जा रहा है। सूचना के आधार पर पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए संदिग्ध ट्रैक्टर को रोककर जांच की। जांच के दौरान ट्रैक्टर पर बिना वैध कागजात के बालू लदा पाया गया। इसके बाद पुलिस ने ट्रैक्टर को कब्जे में लेकर सदर थाना परिसर लाया। प्रारंभिक जांच में यह सामने आया है कि संबंधित ट्रैक्टर चालक के पास बालू परिवहन से संबंधित कोई वैध चालान या अनुमति पत्र नहीं था। मामले की गंभीरता को देखते हुए पुलिस ने जिला खनन पदाधिकारी को सूचना दे दी है, ताकि आगे की वैधानिक कार्रवाई की जा सके। पुलिस अधिकारियों ने बताया कि मामले में खनन अधिनियम के तहत प्राथमिकी दर्ज कर आवश्यक कार्रवाई की जाएगी। साथ ही अवैध खनन एवं परिवहन में संलिप्त अन्य लोगों की भी पहचान की जा रही है। जिले में अवैध बालू खनन पर रोक लगाने के लिए प्रशासन लगातार कार्रवाई कर रहा है। बावजूद इसके कुछ लोग नियमों को दरकिनार कर अवैध खनन में संलिप्त पाए जा रहे हैं। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि इस प्रकार की गतिविधियों पर सख्त कार्रवाई जारी रहेगी।

### चंपाई सोरेन के पोते के निधन पर पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज साहू ने जताया शोक

**लोहरदगा।** चंपाई सोरेन के पोते का कुल्लू, हिमाचल प्रदेश में असामयिक निधन हो जाने की खबर से पूरे झारखंड में शोक की लहर है। इस दुखद घटना पर कांग्रेस के वरिष्ठ नेता एवं पूर्व राज्यसभा सांसद धीरज प्रसाद साहू ने गहरा दुःख व्यक्त किया है। उन्होंने कहा कि अत्यंत दुखद समाचार प्राप्त हुआ है। यह खबर हृदय को व्यथित करने वाली है। इतनी कम उम्र में इस प्रकार की असामयिक मृत्यु अत्यंत पीड़ादायक है। उन्होंने ईश्वर से प्रार्थना करते हुए कहा कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान दें तथा शोकाकुल परिवार को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति प्रदान करें। श्री साहू ने कहा कि इस कठिन घड़ी में पूरा प्रदेश सोरेन परिवार के साथ खड़ा है। उन्होंने अपनी संवेदनाएं प्रकट करते हुए कहा कि इस अपूरणीय क्षति की भरपाई संभव नहीं है, लेकिन सभी को धैर्य और साहस बनाए रखने की आवश्यकता है। इस घटना से राजनीतिक एवं सामाजिक जगत में शोक व्याप्त है तथा विभिन्न जनप्रतिनिधियों द्वारा भी संवेदना व्यक्त की जा रही है।

### प्रशासन की त्वरित कार्रवाई, सेन्हा प्रखंड में रुकवाया गया बाल विवाह

**सेन्हा।** सेन्हा प्रखंड प्रशासन ने सजगता दिखाते हुए एक नाबालिग बच्ची के भविष्य को अंधकार में जाने से बचा लिया। बुधवार को प्रखंड क्षेत्र की एक नाबालिग लड़की का विवाह परिजनों द्वारा लातेहार जिले के चंदवा स्थित नगर मंदिर में गुपचुप तरीके से कराया जा रहा था। जैसे ही इसकी भनक प्रखंड प्रशासन को लगी, अधिकारियों ने त्वरित कार्रवाई करते हुए शादी रुकवा दी। जानकारी के अनुसार, सेन्हा प्रखंड के एक परिवार ने अपनी कम उम्र की बेटी का विवाह तय कर दिया था और उसे सामाजिक रीति-रिवाज से संपन्न कराने के लिए चंदवा के नगर मंदिर ले गए थे। मामले की गुप्त सूचना मिलते ही बीडीओ संग्राम मुर्मू और सीओ पंकज कुमार भगत ने मोर्चा संभाला। अधिकारियों ने तुरंत लड़की के माता-पिता और परिजनों से संपर्क साधा और उन्हें कानून का हवाला देते हुए विवाह रोकने का निर्देश दिया।बीडीओ संग्राम मुर्मू ने बताया कि सूचना मिलते ही प्रशासन ने अभिभावकों को फोन और अन्य माध्यमों से समझाया कि 18 वर्ष से कम आयु में बेटी की शादी करना कानूनन अपराध है। प्रशासन की सख्ती और समझा-बुझाकर की गई पहल के बाद परिजन विवाह रोकने को तैयार हुए। प्रशासन ने क्षेत्र के ग्रामीणों से भी अपील की है कि यदि कहीं भी बाल विवाह की सूचना मिले, तो तुरंत स्थानीय प्रशासन या पुलिस को सूचित करें। इस कार्रवाई से इलाके के उन लोगों में हड़कंप है जो चोरी-छिपे कम उम्र में बेटियों की शादी रचाने की फिराक में रहते हैं। बीडीओ ने कहा, 18 वर्ष से पहले किसी भी बच्ची का विवाह करना बाल विवाह प्रतिषेध अधिनियम के तहत दंडनीय अपराध है। लड़की के पिता और परिजनों को सख्त निर्देश दिया गया है कि वे कानून का उल्लंघन न करें, अन्यथा कानूनी कार्रवाई की जाएगी।

### एमडीए माह के तहत फाइलेरिया रोधी दवाइयों का किया गया वितरण

**लोहरदगा।** एमडीए माह के तहत, हिंडाल्को सीएसआर टीम द्वारा स्वास्थ्य विभाग लोहरदगा के साथ संयुक्त पहल में फाइलेरिया उन्मूलन के लिए कर्मियों के बीच स्वास्थ्यकर्मियों द्वारा एल्बेंडाजोल एवं डीईसी की खुराक दी गई। मौके पर हिंडाल्को सीएसआर सेरेंगदाग टीम एवं स्वास्थ्यकर्मी उपस्थित रहे। इससे पूर्व, हिंडाल्को सीएसआर टीम ने स्वास्थ्य विभाग की टीम, आंगनवाड़ी सेविका, सहायिका एवं एएनएम के साथ मिलकर सेरेंगदाग खनन क्षेत्र के हरहापाट, तुइमु, बरपाट, भैंसबथान, पोरोहापाट एवं समीप के ग्रामों में ग्रामीणों को दवाइयों के सेवन की विधि तथा आवश्यक परहेज के बारे में जानकारी दी। मौके पर सीएसआर विभाग के अभय भारती, एचआर अधिकारी मनोज कुमार, खान अभियंता अजय सिंह, पवित्रो पाणिग्रही एएनएम रीमा कुमारी, परिबा कुमारी, सुनीता देवी, सहिया दीप्ति देवी, बसंती देवी, गुला देवी, बिरमुनी देवी आदि शामिल रहे।

### पतंजलि योग समिति की महिलाओं ने अबीर-गुलाल संग बिखेरे खुशियों के रंग

**लोहरदगा।** पावर गंज स्थित महिला पतंजलि योग ग्रुप के तत्वावधान में बुधवार को होलाष्टक अष्टमी के पावन अवसर पर होली मिलन समारोह का भव्य आयोजन किया गया। स्थानीय आनंद सरस्वती बाल निकेतन में आयोजित इस कार्यक्रम की कमान ग्रुप की कोषाध्यक्ष संजुक्ता देवी ने संभाली। शाम 3:00 बजे से शुरू हुए इस उत्सव में महिलाओं ने भक्ति और पारंपरिक गीतों के बीच एक-दूसरे को गुलाल लगाकर भाईचारे का संदेश दिया। समारोह के दौरान पूरा परिसर होली के गीतों से गुंजायमान रहा। महिलाओं ने फागुन के गीतों पर नृत्य किया और अबीर-गुलाल उड़ाकर आने वाले त्योहार का स्वागत किया। आपसी सहयोग से आयोजित इस कार्यक्रम में न केवल सांस्कृतिक प्रस्तुति हुई, बल्कि सभी ने मिल-जुलकर अल्पाहार का भी आनंद लिया। कार्यक्रम का नेतृत्व कर रही संजुक्ता देवी ने जिले वासियों को होली की शुभकामनाएं देते हुए कहा, "होली केवल रंगों का त्योहार नहीं, बल्कि आपसी कटुता को भुलाकर प्रेम और भाईचारा बढ़ाने का अवसर है। पूरा जिला इसी तरह मेल-मिलाप के साथ आने वाली होली को धूमधाम से मनाए।" इस रंगारंग कार्यक्रम में मुख्य रूप से बिंदिया देवी, संजुक्ता देवी, सुमन देवी, लीलावती देवी, उषा देवी, शोभा खत्री, देवंती गुप्ता, दीपमाला देवी, रूपा देवी, संतोषी देवी, जयंती देवी, चंदा देवी, बबीता देवी, रिंकी देवी, प्रीति कुमारी, तन्नू कुमारी और पूजा कुमारी समेत बड़ी संख्या में महिलाएं शामिल हुईं और उत्सव का भरपूर आनंद लिया।

### भंडरा प्रखंड के चतुर्थवर्गीय कर्मचारी सतेंद्र यादव के निधन पर शोक सभा आयोजित

**भंडरा।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय परिसर में गुरुवार को चतुर्थवर्गीय कर्मचारी सतेंद्र यादव की सड़क दुर्घटना में असामयिक निधन पर शोक सभा का आयोजन किया गया। इस दौरान प्रखंड व अंचल कर्मियों द्वारा दिवंगत सतेंद्र यादव के चित्र पर श्रद्धासुमन अर्पित कर उनकी आत्मा की शांति के लिए दो मिनट का मौन रख ईश्वर से उनकी आत्मा की शांति के लिए प्रार्थना किया। मौके पर सीओ दुर्गा कुमार ने कहा कि अंचल कार्यालय में सतेंद्र यादव भले ही चतुर्थवर्गीय कर्मचारी के रुप में कार्यरत थे, परंतु उनके कार्य करने की क्षमता हर क्षेत्र में अधिक थी। उनका असामयिक सड़क दुर्घटना में निधन की खबर पूरे प्रखंड के लोगों में देखने को मिल रही है। उनका कार्य कुशलता जीवन में हमेशा खेलेगी। मौके पर बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने कहा कि हम लोगों के बीच से खुश मिजाज सदस्य का चला जाना बहुत दुखदाई है। उनकी कमी हमेशा खेलेगी। मौके पर सुमित जयसवाल, दिनेश उरांव, संदीप कुमार, फेकुआ उरांव, विरांची प्रजापति सहित काफी संख्या में लोग मौजूद थे।

# मतपेटियों में कैद 112 दिग्गजों की किस्मत, 27 को फैसला

● अध्यक्ष पद के लिए 10 व 23 पार्षद पद के लिए 102 उम्मीदवार हैं मैदान में

नवीन मेल संवाददाता

**लोहरदगा।** नगर पालिका निर्वाचन के तहत लोहरदगा नगर परिषद के लिए मतदान की प्रक्रिया शांतिपूर्ण संपन्न हो गई है। अब शहर की सरकार चुनने के लिए डाले गए मतों की गिनती 27 फरवरी को होगी। 27 फरवरी को होने वाली मतगणना के लिए कृषि बाजार प्रांगण में सुरक्षा के कड़े इंतजाम किए गए हैं। जिला प्रशासन ने पारदर्शिता के लिए सीसीटीवी और भारी पुलिस बल की तैनाती कर दिया है। 27 फरवरी को कृषि बाजार में होने वाली मतगणना केवल हार-जीत का फैसला नहीं करेगी, बल्कि यह भी तय करेगी कि लोहरदगा की जनता राजनीतिक दलों के वादों पर भरोसा करती है या स्थानीय निर्दलीय चेहरों की कार्यक्षमता पर।पहली बार मतदान करने वाले युवाओं ने बुनियादी सुविधाओं (सड़क, पानी, स्ट्रीट लाइट) के आधार पर वोट दिया है, न कि पारंपरिक जातीय समीकरणों पर। पुराने पार्षदों के खिलाफ कुछ वार्डों में नाराजगी देखी गई, जिसका लाभ नए चेहरों को मिल सकता है। इस चुनाव में मुख्य मुकाबला अध्यक्ष पद के 10 प्रत्याशियों और 23 वार्डों के 102 पार्षद उम्मीदवारों के बीच है। नगर परिषद के शीर्ष पद (अध्यक्ष) के लिए इस बार कड़ा संघर्ष देखने को मिल रहा है। प्रमुख राजनीतिक दलों के समर्थित उम्मीदवारों के साथ निर्दलीयों ने भी मुकाबले को दिलचस्प बना दिया है। मैदान में मुख्य रूप से ये 10 नाम शामिल हैं: जिसमे भाजपा समर्थितः अनिल उरांव, जेएमएम समर्थितः बालमुकुन्द लोहरा, आजसू समर्थितः राजेन्द्र लोहरा, कांग्रेस समर्थितः संतोष उराँव, अन्य प्रमुख प्रत्याशीः पावन एक्का (निर्दलीय), लक्ष्मी नारायण भगत, विलियम कुजुर, विशाल डुंगडुंग, सतीश रंजन उरांव और संजय टोप्पो शामिल है। भाजपा, कांग्रेस, जेएमएम और आजसू के समर्थित प्रत्याशियों के बीच वोट बैंक का बिखराव देखा गया। निर्दलीय प्रत्याशी पावन एक्का और अन्य ने स्थानीय मुद्दों को हवा देकर मुख्य दलों के समीकरण बिगाड़े हैं। वही 23 वार्डों के लिए मैदान में उतरे 102 पार्षद प्रत्याशियों के बीच दिलचस्प गणित बन रहा है।सबसे हॉट सीटः वार्ड संख्या 08 में सबसे अधिक 9 उम्मीदवार अपनी किस्मत आजमा रहे हैं। वही वार्ड 04 में 8 प्रत्याशी, जबकि वार्ड 09 और 14 में 7-7 प्रत्याशी मैदान में हैं। जबकि वार्ड 01, 10, 12, 13 और 17 में केवल दो-दो प्रत्याशी होने के कारण यहां सीधा मुकाबला है। वही वार्ड संख्या 02, 03, 04 और 07 में केवल महिला प्रत्याशियों के बीच कड़ा संघर्ष देखा जा रहा है। वार्ड संख्या 11 (2022 मत) और वार्ड 21 (1637 मत) में जिस प्रत्याशी को बढ़त मिलेगी, उसकी जीत की संभावना प्रबल होगी। नगर परिषद के 23 वार्डों में हुआ मतदान लोकतंत्र के प्रति जनता के विश्वास को दर्शाता है। कुल पंजीकृत मतदाताः लगभग 43,070, कुल मतदानः 29,643 मत, मतदान प्रतिशतः लगभग 66.85% (रिकॉर्ड मतदान)। इस बार महिला मतदाताओं की संख्या (22,043) पुरुषों (21,027) से अधिक रही, जो चुनाव परिणामों को प्रभावित करने वाला सबसे बड़ा 'एक्स-फैक्टर' साबित होगा।

### प्रशासन ने पूरी की तैयारी, पारदर्शिता के लिए दो कमरों में बूथवार होगी मतों की गिनती

**लोहरदगा।** नगर परिषद चुनाव के बाद अब सबकी निगाहें मतगणना पर टिकी हैं। आगामी 27 फरवरी 2026 को कृषि बाजार प्रांगण में अध्यक्ष पद के प्रत्याशियों और वार्ड पार्षदों के भाग्य का फैसला होगा। जिला प्रशासन ने निष्पक्ष और पारदर्शी मतगणना सुनिश्चित करने के लिए सभी पुख्ता इंतजाम कर लिए हैं। प्रशासनिक जानकारी के अनुसार, मतगणना दो कमरों में संचालित की जाएगी। प्रत्येक कमरे में 12-12 बूथों की गिनती का लक्ष्य रखा गया है। जिला प्रशासन ने इस बार पारदर्शिता को प्राथमिकता देते हुए 'बूथ-वाइज काउंटिंग' कराने का निर्णय लिया है। चूंकि प्रत्येक वार्ड में दो बूथ थे, इसलिए अध्यक्ष पद के उम्मीदवारों को प्रत्येक काउंटिंग टेबल के लिए कुल 24 एजेंट नियुक्त करने होंगे। लोहरदगा नगर परिषद के जागरूक मतदाताओं ने इस बार उत्साह दिखाते हुए कुल 29,643 मत डाले हैं। उम्मीदवारों के लिए वार्ड संख्या 11 (2022 मत) और वार्ड संख्या 21 (1637 मत) निर्णायक साबित हो सकते हैं, जबकि वार्ड संख्या 6 में सबसे कम (561 मत) मतदान हुआ है। चुनाव आयोग और जिला प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि सभी प्रत्याशी अपने 24 गणना अभिकर्ताओं की सूची समय पर जमा कर दें। साथ ही, प्रत्याशियों को सलाह दी गई है कि वे अपने एजेंटों को मतगणना की बारीकियों का प्रशिक्षण देकर ही भेजें और उन्हें वार्ड 1 से 23 तक के सभी बूथों की मत सूची अनिवार्य रूप से उपलब्ध करा दें, ताकि मिलान में कोई असुविधा न हो।

**मतदान के आंकड़े (वार्ड-वार)**

| वार्ड | कुल मत | वार्ड | कुल मत |
|---|---|---|---|
| 1 | 1367 | 14 | 1129 |
| 2 | 1382 | 15 | 1118 |
| 3 | 1179 | 16 | 1171 |
| 4 | 1304 | 17 | 1255 |
| 5 | 1464 | 18 | 1615 |
| 6 | 561 | 19 | 1494 |
| 7 | 1579 | 20 | 1454 |
| 8 | 938 | 21 | 1637 |
| 9 | 1081 | 22 | 783 |
| 10 | 1215 | 23 | 1215 |
| 11 | 2022 | कुल | 29643 मत |
| 12 | 1465 | | |
| 13 | 1215 | | |

# जयकारों से गूंजा सेन्हा : भक्ति भव्य के साथ निकाली गई शोभायात्रा

● नवनिर्मित दुर्गा मंदिर में आज होगी प्राण-प्रतिष्ठा

नवीन मेल संवाददाता



**सेन्हा।** प्रखंड मुख्यालय स्थित नवनिर्मित दुर्गा मंदिर में भगवान गणेश, माता दुर्गा और राधा-कृष्ण की प्रतिमाओं की प्राण-प्रतिष्ठा को लेकर बुधवार को पूरा क्षेत्र भक्ति के रंग में सराबोर रहा। नौ दिवसीय शतचंडी महायज्ञ के तहत आयोजित इस भव्य नगर भ्रमण कार्यक्रम में उमड़ी श्रद्धालुओं की भीड़ ने सेन्हा की सड़कों पर श्रद्धा का सैलाब ला दिया। बुधवार दोपहर नवनिर्मित मंदिर प्रांगण से शोभायात्रा का शुभारंभ हुआ। सुसज्जित रथ पर भगवान गणेश, मां दुर्गा और राधा-कृष्ण की मनमोहक प्रतिमाओं को विराजमान किया गया था। डीजे और बैंड-बाजे की भक्तिमय धुन पर श्रद्धालु झूमते-गाते नजर आए। शोभायात्रा अस्पताल रोड, राम मोहल्ला, बैठा मोहल्ला, उरांव मोहल्ला, लहेरी मोहल्ला, साहू मोहल्ला और महतो मोहल्ला होते हुए जगन्नाथ मंदिर के समीप से गुजरी। इसके बाद लोहरदगा-गुमला मुख्य पथ होते हुए वापस मुख्य पथ स्थित दुर्गा मंदिर प्रांगण में संपन्न हुई। नगर भ्रमण के दौरान श्रद्धालुओं का उत्साह चरम पर था। बच्चे, बुजुर्ग और महिलाएं सभी 'जय माता दी' और 'जय श्री गणेश' के जयकारे लगा रहे थे। इस दौरान भक्तों ने एक-दूसरे को अबीर-गुलाल लगाकर खुशियां बांटी, जिससे माहौल पूरी तरह उत्सवमय हो गया।

सभी प्रतिमाओं को नगर भ्रमण के बाद मंदिर में सुरक्षित स्थान पर रखा गया है, जिनकी गुरुवार (26 फरवरी) को विधि-विधान से प्राण-प्रतिष्ठा की जाएगी।इस भव्य आयोजन को सफल बनाने में मंदिर निर्माण समिति और ग्रामीणों का सराहनीय योगदान रहा।

सुरक्षा के दृष्टिकोण से जिला प्रशासन के निर्देश पर थाना प्रभारी के नेतृत्व में पुलिस बल जगह-जगह तैनात रहा, ताकि शोभायात्रा सुगम तरीके से संपन्न हो सके। धार्मिक अनुष्ठान को संपन्न कराने में आचार्य अवनीश पाठक, विपिन शास्त्री, अभिषेक मिश्रा, बिपुल शास्त्री, राजेश पाठक, पुष्पेंद्र शास्त्री और प्रदीप मिश्रा समेत कई पुरोहित मुख्य रूप से उपस्थित रहे।

### झारखंड के सर्वांगीण विकास की दिशा में संतुलित बजट : रामाधार पाठक

**लोहरदगा।** युवा नेता सह समाजसेवी रामाधार पाठक ने सरकार द्वारा प्रस्तुत वर्ष 2026-27 के बजट पर प्रतिक्रिया देते हुए कहा कि यह बजट राज्य के समग्र विकास की दिशा में एक महत्वपूर्ण कदम है। उन्होंने कहा कि यदि बजट में की गई घोषणाओं को ईमानदारी और पारदर्शिता के साथ धरातल पर उतारा गया, तो इसका लाभ समाज के अंतिम व्यक्ति तक अवश्य पहुंचेगा। श्री पाठक ने कहा कि ग्रामीण विकास, कृषि, शिक्षा, स्वास्थ्य तथा महिला सशक्तिकरण के लिए किए गए प्रावधान स्वागतयोग्य हैं। झारखंड की आत्मा गांवों में बसती है, इसलिए किसानों, मजदूरों, आदिवासी समाज और युवाओं को मजबूत किए बिना राज्य की प्रगति अधूरी है। उन्होंने यह भी कहा कि बजट में युवाओं के लिए रोजगार सृजन, स्वरोजगार योजनाओं व कौशल विकास पर विशेष ध्यान दिया जाना चाहिए, ताकि राज्य के प्रतिभाशाली युवा बाहर पलायन करने को मजबूर न हों। परंपरागत आजीविका, लघु उद्योग, हस्तशिल्प और वन आधारित अर्थव्यवस्था को बढ़ावा देने से ही आत्मनिर्भर झारखंड का सपना साकार होगा। रामाधार पाठक ने सरकार से आग्रह किया कि बजट की राशि का सदुपयोग सुनिश्चित किया जाए तथा योजनाओं में पारदर्शिता और जवाबदेही बनी रहे। उन्होंने कहा कि विकास का वास्तविक अर्थ तभी है जब गरीब, किसान, महिला, युवा और वंचित वर्ग स्वयं को सशक्त महसूस करें।

### भंडरा प्रखंड कार्यालय परिसर में रोजगार मेला 27 फरवरी को

**भंडरा।** बीडीओ प्रतिमा कुमारी ने क्षेत्र के युवाओं से अपील की है कि वे 27 फरवरी 2026 को भंडरा प्रखंड कार्यालय परिसर में आयोजित रोजगार मेले में अधिक से अधिक भाग लें और इसका लाभ उठाएं। इस मेले में विभिन्न कंपनियों के प्रतिनिधि उपस्थित रहेंगे और युवाओं को रोजगार के अवसर प्रदान करेंगे। इस रोजगार मेले में भाग लेने के लिए युवाओं को एनसीएस पोर्टल पर निबंधन करना आवश्यक है। आयोजन स्थल पर भी निबंधन की व्यवस्था उपलब्ध होगी। रोजगार मेला मे 10वीं पास व 18 से 50 वर्ष के बेरोजगारों के लिए रोजगार उपलब्ध है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल, लोहरदगा
e-mail ID : eedwsd.lohardaga1@gmail.com

सूचना

इस कार्यालय का अति–अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0 – 10/2025–26, प्रथम आमंत्रण जिसका PR no. 370921 (Lohardaga) 25-26 (D) है, को अपिरहार्य कारणवश रद्द किया जाता है।

कार्यपालक अभियंता
पेयजल एवं स्वच्छता प्रमण्डल,
लोहरदगा

PR 373579 (Lohardaga)25-26*D

(Jharkhand State Livelihood Promotion Society)
Rural Development Department
FPO-JSPLS Mahuadanr

Letter No--53 WE ARE HIRING !! Issue date:-23.02.2026

Position: Chief Executive Officer (CEO) under formation and promotion of 10,000 Farmer Producer Organizations (FPOs) scheme

Responsibilities:
- The CEO will report to the Board of Directors and must assist the Board in formulation of goals, strategies, business plan etc.
- Managing and ensuring proper books of records are maintained, preparing annual reports and statutory compliances and presenting the same in Annual general meeting, Board meeting.
- Managing the overall operations and resources of FPO on daily basis
- Recruiting Employees and monitoring their performance as per the directions from the Board of Directors.
- Establishing system and processes in FPO like accounting and book keeping, monitoring and reporting, production, marketing, governance, human resource management etc.
- Have a working relationship with likeminded agencies, Government Institutions, donors and other stakeholders
- Facilitate use of digital tools and technology where necessary to bring efficiency in operations.

Location: Mahuadanr Block office Latehar Jharkhand.
Salary: 25,000/ per month
Qualification/Work Experience: Post Graduation/ P.G. Diploma in Agriculture, Agriculture marketing, Agribusiness management, MBA or equivalent. Minimum 2 years experience in relevant field.
Mandatory: Own Two wheeler with valid driving license and knowledge of Computer-MS Office, tally etc.
APPLY NOW: E-mail your CV with Position in Subject line to netarhatfpo@gmail.com
Note: The selected candidates will be on the payroll of respective FPO. Women Candidates are encouraged to apply.

Issue date:- 24.02.2026
Last date:- 05.03.2026

PR 373601 Rural Development (25-26)_D FPO-JSPLS Mahuadanr

## कार्यालय जिला पशुपालन पदाधिकारी, लातेहार

**–: पशुपालकों के लिए आम सूचना :–**

सचिव, कृषि पशुपालन एवं सहकारिता विभाग, (पशुपालन प्रभाग) झारखण्ड, रांची के राज्यादेश संख्या– 01 रा0 दिनांक–14.05.2025 के आलोक में जिले के सभी पशुपालकों को सूचित किया जाता है कि अधोवर्णित सूची के अनुसार जिले के सभी पंचायतों में सुबह 9 बजे से दोपहर 3 बजे तक स्थानीय पशुचिकित्सकों द्वारा **"दो दिवसीय विशेष पशु चिकित्सा शिविर"** (द्वितीय चरण) का अयोजन किया जाएगा। आयोजित होने वाली पशु चिकित्सा शिविरों का विवरण निम्नवत् है :–

| क्र. सं. | प्रखण्ड | पंचायत | शिविर आयोजन स्थल/ गांव का नाम | शिविर आयोजन की तिथि | उत्तरदायी पशु चिकित्सा पदाधिकारी का नाम, पदनाम एवं मोबाईल न0 | सहयोगी कर्मचारी का नाम एवं पदनाम | अभ्युक्ति |
|---|---|---|---|---|---|---|---|
| 1 | बालूमाथ | बालूमाथ | बालूमाथ | 27.02.2026 एवं 28.02.2026 | डॉ0 शोभामनी मरांडी, भ्र० पशु० चि० पदा०, नेतरहाट मो० 8409399968 | 1. श्री संजय कुमार, प्रावैधिक सहायक 2. संबंधित क्षेत्र के सभी कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्त्ता एवं पाराभेट | |
| 2 | | बसिया | बसिया | 01.03.2026 एवं 02.03.2026 | | | |
| 3 | | चेताग | चेताग | 05.03.2026 एवं 06.03.2026 | | | |
| 4 | | झाबर | झाबर | 07.03.2026 एवं 08.03.2026 | | | |
| 5 | | गणेशपूर | गणेशपूर | 09.03.2026 एवं 10.03.2026 | | | |
| 6 | | भगेया | भगेया | 11.03.2026 एवं 12.03.2026 | | | |
| 7 | | मुरपा | मुरपा | 11.03.2026 एवं 12.03.2026 | | | |
| 8 | | सेरेगड़ा | सेरेगड़ा | 13.03.2026 एवं 14.03.2026 | | | |
| 9 | | धाधू | धाधू | 13.03.2026 एवं 14.03.2026 | | | |
| 10 | | मारंगलोईया | मारंगलोईया | 15.03.2026 एवं 16.03.2026 | | | |
| 11 | | मासियातु | मासियातु | 15.03.2026 एवं 16.03.2026 | | | |
| 12 | | रजवार | रजवार | 17.03.2026 एवं 18.03.2026 | | | |
| 13 | | बालू | बालू | 17.03.2026 एवं 18.03.2026 | | | |
| 14 | बारियातु | बालूभांग | बालूभांग | 27.02.2026 एवं 28.02.2026 | डॉ0 सुशीला बागे, गोसदन पदाधिकारी, बरवाडीह। मो० 9572031345 | 1. श्री बिनोद कुमार बैठा, अनुसेवक 2. संबंधित क्षेत्र के सभी कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्त्ता एवं पाराभेट | |
| 15 | | फूलसू | फूलसू | 01.03.2026 एवं 02.03.2026 | | | |
| 16 | | डाढ़ा | डाढ़ा | 05.03.2026 एवं 06.03.2026 | | | |
| 17 | | अमरवाडीह | अमरवाडीह | 07.03.2026 एवं 08.03.2026 | | | |
| 18 | | टोंटी | टोंटी | 09.03.2026 एवं 10.03.2026 | | | |
| 19 | | सालवे | सालवे | 11.03.2026 एवं 12.03.2026 | | | |
| 20 | | शिबला | शिबला | 13.03.2026 एवं 14.03.2026 | | | |
| 21 | | गोनिया | गोनिया | 15.03.2026 एवं 16.03.2026 | | | |
| 22 | | बारियातु | बारियातु | 17.03.2026 एवं 18.03.2026 | | | |
| 23 | बरवाडीह | हरातु | मुंडू | 27.02.2026 एवं 28.02.2026 | डॉ0 सुरेश कुमार, भ्र० पशु० चि० पदा०, बरवाडीह। मो० 7004347144 | 1. श्री सुदेश्वर राम, रात्रि प्रहरी 2. संबंधित क्षेत्र के सभी कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्त्ता एवं पाराभेट | |
| 24 | | चुंगरू | नावाडीह | 01.03.2026 एवं 02.03.2026 | | | |
| 25 | | लात | लात | 05.03.2026 एवं 06.03.2026 | | | |
| 26 | | मोरवाई कला | मोरवाई कला | 07.03.2026 एवं 08.03.2026 | | | |
| 27 | | मंगरा | मंगरा | 09.03.2026 एवं 10.03.2026 | | | |
| 28 | | बरवाडीह | गढवाटांड़ | 11.03.2026 एवं 12.03.2026 | | | |
| 29 | | खुर्रा | खुर्रा | 13.03.2026 एवं 14.03.2026 | | | |
| 30 | | छेंचा | छेंचा | 15.03.2026 एवं 16.03.2026 | | | |
| 31 | | केचकी | कंचनपुर | 27.02.2026 एवं 28.02.2026 | डॉ0 मीरा कुमारी, भ्र० पशु० चि० पदा०, बेतला। मो० 9110038983 | 1. श्री रामायण ठाकुर, अनुसेवक 2. संबंधित क्षेत्र के सभी कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्त्ता एवं पाराभेट | |
| 32 | | उकामार | पैरा | 01.03.2026 एवं 02.03.2026 | | | |
| 33 | | बेतला | बेतला | 05.03.2026 एवं 06.03.2026 | | | |
| 34 | | पोखरीकला | पोखरीकला | 07.03.2026 एवं 08.03.2026 | | | |
| 35 | | केढ़ | केढ़ | 09.03.2026 एवं 10.03.2026 | | | |
| 36 | | छिपादोहर | छिपादोहर | 11.03.2026 एवं 12.03.2026 | | | |
| 37 | | कुचिला | कुचिला | 13.03.2026 एवं 14.03.2026 | | | |
| 38 | मनिका | नामुदाग | चेचेंधा | 27.02.2026 एवं 28.02.2026 | डॉ0 नरेश कुमार साहू, भ्र० पशु० चि० पदा०, मनिका। मो० 7352383316 | 1. श्री संजय कुमार प्रावैधिक सहायक 2. श्री बिरेन्द्र कुजूर, रात्रि प्रहरी 3. संबंधित क्षेत्र के सभी कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्त्ता एवं पाराभेट | |
| 39 | | सिंजो | बाँड़ी | 01.03.2026 एवं 02.03.2026 | | | |
| 40 | | पल्हेया | कोरिद | 01.03.2026 एवं 02.03.2026 | | | |
| 41 | | दुंदू | लाली | 05.03.2026 एवं 06.03.2026 | | | |
| 42 | | जुंगूर | औराटांड़ | 05.03.2026 एवं 06.03.2026 | | | |
| 43 | | जान्हों | पटना | 07.03.2026 एवं 08.03.2026 | | | |
| 44 | | मनिका | पोखरी | 07.03.2026 एवं 08.03.2026 | | | |
| 45 | | कोपे | जेरूआ | 09.03.2026 एवं 10.03.2026 | | | |
| 46 | | बड़काडीह | शिवचरणटोला | 09.03.2026 एवं 10.03.2026 | | | |
| 47 | | बन्दुआ | बन्दुआ | 11.03.2026 एवं 12.03.2026 | | | |
| 48 | | मटलौंग | उराँवटोली | 11.03.2026 एवं 12.03.2026 | | | |
| 49 | | विशुनबांध | विशुनबांध | 13.03.2026 एवं 14.03.2026 | | | |
| 50 | | रांकीकला | कुई | 13.03.2026 एवं 14.03.2026 | | | |
| 51 | | बरवैयाकलाँ | सेवन | 15.03.2026 एवं 16.03.2026 | | | |
| 52 | | डोंकी | बारियातु | 15.03.2026 एवं 16.03.2026 | | | |
| 53 | चन्दवा | अलौदिया | अलौदिया | 27.02.2026 एवं 28.02.2026 | डॉ0 सरोज केरकेट्टा, भ्र० पशु० चि० पदा०, चन्दवा। मो० 8210981471 | 1. श्री प्रेमालय बाखला, प्रावैधिक सहायक 2. श्री राजेश भगत, अनुसेवक 3. श्री महाबीर महली, अनुसेवक 4. संबंधित क्षेत्र के सभी कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्त्ता एवं पाराभेट | |
| 54 | | कामता | कामता | 27.02.2026 एवं 28.02.2026 | | | |
| 55 | | चकला | चकला | 01.03.2026 एवं 02.03.2026 | | | |
| 56 | | चन्दवा (पू0 भाग) | चन्दवा (पू0 भाग) | 01.03.2026 एवं 02.03.2026 | | | |
| 57 | | चन्दवा (प0 भाग) | चन्दवा (प0 भाग) | 05.03.2026 एवं 06.03.2026 | | | |
| 58 | | बारी | बारी | 05.03.2026 एवं 06.03.2026 | | | |
| 59 | | सेरक | सेरक | 07.03.2026 एवं 08.03.2026 | | | |
| 60 | | चेटर | चेटर | 07.03.2026 एवं 08.03.2026 | | | |
| 61 | | सासंग | सासंग | 09.03.2026 एवं 10.03.2026 | | | |
| 62 | | बनहरदी | बनहरदी | 09.03.2026 एवं 10.03.2026 | | | |
| 63 | | बोदा | बोदा | 11.03.2026 एवं 12.03.2026 | | | |
| 64 | | हुटाप | हुटाप | 11.03.2026 एवं 12.03.2026 | | | |
| 65 | | लाधुप | लाधुप | 13.03.2026 एवं 14.03.2026 | | | |
| 66 | | बरवाटोली | बरवाटोली | 13.03.2026 एवं 14.03.2026 | | | |
| 67 | | मालहन | मालहन | 15.03.2026 एवं 16.03.2026 | | | |
| 68 | | डुमारो | डुमारो | 15.03.2026 एवं 16.03.2026 | | | |
| 69 | | जमीरा | जमीरा | 17.03.2026 एवं 18.03.2026 | | | |
| 70 | हेरहंज | हेरहंज | हेरहंज | 27.02.2026 एवं 28.02.2026 | डॉ0 सुधीर सिंह, भ्र० पशु० चि० पदा०, छिपादोहर। मो० 8318232495 | 1. श्री विनोद भगत, अनुसेवक, सासंग 2. संबंधित क्षेत्र के सभी कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्त्ता | |
| 71 | | चिरू | चिरू | 01.03.2026 एवं 02.03.2026 | | | |
| 72 | | सलैया | सलैया | 05.03.2026 एवं 06.03.2026 | | | |
| 73 | | तासू | तासू | 07.03.2026 एवं 08.03.2026 | | | |
| 74 | | सेरनदाग | सेरनदाग | 09.03.2026 एवं 10.03.2026 | | | |
| 75 | लातेहार | हेठ पोचरा | हेठ पोचरा | 27.02.2026 एवं 28.02.2026 | डॉ0 हरेन्द्र पाल, भगत, प्रखण्ड पशुपालन पदाधिकारी, लातेहार। मो० 8002103231 | 1. श्री बिनय कुमार सिंह, पशुधन सहायक 2. श्री शत्रुघन कुमार पाण्डेय, पट्टी बंधक 3. श्री पौलुस कुजूर, अनुसेवक 4. संबंधित क्षेत्र के सभी कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्त्ता एवं पाराभेट | |
| 76 | | ईचाक | ईचाक | 27.02.2026 एवं 28.02.2026 | | | |
| 77 | | परसही | परसही | 01.03.2026 एवं 02.03.2026 | | | |
| 78 | | बेन्दी | बेन्दी | 01.03.2026 एवं 02.03.2026 | | | |
| 79 | लातेहार | नेवाड़ी | नेवाड़ी | 05.03.2026 एवं 06.03.2026 | | | |
| 80 | | डीही | डीही | 05.03.2026 एवं 06.03.2026 | | | |
| 81 | | भुसूर | भुसूर | 07.03.2026 एवं 08.03.2026 | | | |
| 82 | | पेशरार | पेशरार | 07.03.2026 एवं 08.03.2026 | | | |
| 83 | | मोंगर | मोंगर | 09.03.2026 एवं 10.03.2026 | | | |
| 84 | | डेमू | डेमू | 09.03.2026 एवं 10.03.2026 | | | |
| 85 | | धनकारा | धनकारा | 11.03.2026 एवं 12.03.2026 | | | |
| 86 | | शीशी | शीशी | 11.03.2026 एवं 12.03.2026 | | | |
| 87 | | आरागुण्डी | आरागुण्डी | 13.03.2026 एवं 14.03.2026 | | | |
| 88 | | जालीम खुर्द | जालीम खुर्द | 13.03.2026 एवं 14.03.2026 | | | |
| 89 | | सासंग | सासंग | 15.03.2026 एवं 16.03.2026 | | | |
| 90 | | पाण्डेयपूरा | पाण्डेयपूरा | 15.03.2026 एवं 16.03.2026 | | | |
| 91 | | तरवाडीह | तरवाडीह | 17.03.2026 एवं 18.03.2026 | | | |
| 92 | | नावागढ़ | नावागढ़ | 17.03.2026 एवं 18.03.2026 | | | |
| 93 | महुआडांड़ | महुआडांड़ | महुआडांड़ | 27.02.2026 एवं 28.02.2026 | डॉ0 महानन्द मौर्य, भ्र० पशु० चि० पदा०, महुआडांड़। मो० 7355232927 | 1. श्री सज्जन राम, रात्रि प्रहरी, 2. श्री कृष्णदेव राम, अनुसेवक 3. संबंधित क्षेत्र के सभी कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्त्ता एवं पाराभेट | |
| 94 | | अम्वाटोली | अम्वाटोली | 01.03.2026 एवं 02.03.2026 | | | |
| 95 | | हामी | हामी | 01.03.2026 एवं 02.03.2026 | | | |
| 96 | | चटकपुर | चटकपुर | 05.03.2026 एवं 06.03.2026 | | | |
| 97 | | अक्सी | अक्सी | 05.03.2026 एवं 06.03.2026 | | | |
| 98 | | ओरसा | ओरसा | 07.03.2026 एवं 08.03.2026 | | | |
| 99 | | रेंगाई | रेंगाई | 07.03.2026 एवं 08.03.2026 | | | |
| 100 | | चम्पा | चम्पा | 09.03.2026 एवं 10.03.2026 | | | |
| 101 | | गढ़बुढ़नी | गढ़बुढ़नी | 09.03.2026 एवं 10.03.2026 | | | |
| 102 | | चैनपुर | चैनपुर | 11.03.2026 एवं 12.03.2026 | | | |
| 103 | | दुरूप | दुरूप | 11.03.2026 एवं 12.03.2026 | | | |
| 104 | | परहाटोली | परहाटोली | 13.03.2026 एवं 14.03.2026 | | | |
| 105 | | नेतरहाट | नेतरहाट | 13.03.2026 एवं 14.03.2026 | | | |
| 106 | | सोहर | सोहर | 15.03.2026 एवं 16.03.2026 | | | |
| 107 | गारू | धांगरटोला | लुहुरटांड़ | 27.02.2026 एवं 28.02.2026 | डॉ0 अश्वनी यादव, भ्र० पशु० चि० पदा०, गारू। मो० 9110038983 | 1. श्री चन्दन कुमार, अनुसेवक, 2. श्री अजय ओड़ेया, प्रावैधिक सहायक 3. संबंधित क्षेत्र के सभी कृत्रिम गर्भाधान कार्यकर्त्ता एवं पाराभेट | |
| 108 | | मायापुर | रामसेली | 01.03.2026 एवं 02.03.2026 | | | |
| 109 | | रूद | रूद | 05.03.2026 एवं 06.03.2026 | | | |
| 110 | | बारेसांढ़ | बारेसांढ़ | 07.03.2026 एवं 08.03.2026 | | | |
| 111 | | कार्रवाई | कार्रवाई | 09.03.2026 एवं 10.03.2026 | | | |
| 112 | | कोटाम | कोटाम | 11.03.2026 एवं 12.03.2026 | | | |
| 113 | सरयू | घांसीटोला | घांसीटोला | 13.03.2026 एवं 14.03.2026 | | | |
| 114 | | चोरहा | चोरहा | 15.03.2026 एवं 16.03.2026 | | | |
| 115 | | गणेशपुर | गणेशपुर | 17.03.2026 एवं 18.03.2026 | | | |

**नोट :– विशेष परिस्थिति में तिथि एवं स्थल का परिवर्तन किया जा सकता है।**

सभी पशुपालकों से अनुरोध है कि शिविर में अधिक से अधिक पशु/ पक्षियों को लाकर चिकित्सा, टीकाकरण एवं अन्य कार्यो का लाभ लें तथा विभागीय योजनाओं की जानकारी प्राप्त कर उससे लाभ उठायें।

PR.NO.373607 Animal Husbandry(25-26):D

निवेदक :– जिला पशुपालन पदाधिकारी, लातेहार।

**विचार प्रवाह**

जब तक तुम ईश्वर को पा नहीं लेते, मनोरंजनों में रुचि न रखना ही अच्छा है। मनोरंजन खोजने का अर्थ है भगवान को भूल जाना। पहले प्रभु से प्रेम करना और प्रभु को जानना सीख लो। उसके बाद तुम जो भी करो उससे फर्क नहीं पड़ेगा, क्योंकि वे सदा तुम्हारे विचारों में बने रहेंगे। **- श्री श्री परमहंस योगानंद, 'परमहंस योगानंद के वचनामृत'**

राष्ट्रीय नवीन मेल

# स्वास्थ्य व सुरक्षा से जुड़े कचरा प्रबंधन पर बड़ी पहल कितनी कारगर होगी?

किसी भी गांव कस्बे शहर से लेकर महानगर तक की असली पहचान उसकी स्वच्छता, कचरा प्रबंधन और निस्तारण से होती है क्योंकि यह सारी बड़ी उपलब्धियों को मटियामेट कर देती है। इंदौर वर्षों से श्रेष्ठता के लिए सम्मानित होता रहा लोग जापान से उसकी तुलना करने लगे थे पर एक चूक ने सवाल खड़े कर दिए।देश में कचरा प्रबंधन को बेहतर बनाने के लिए केंद्र सरकार के वन, पर्यावरण एवं जलवायु परिवर्तन मंत्रालय की ओर से आगामी एक अप्रैल से लागू होने वाले ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2026 की अधिसूचना जारी कर दी गई है। पिछले दस साल के अंतराल के बाद, लगभग एक साल तक जनता की राय, आपत्तियों और गहन चर्चा के बाद इन नए नियमों को अंतिम रूप दिया गया है। वर्तमान सरकार ने स्वच्छ भारत अभियान पर खास जोर दिया है।

**इंडिया**



**सुनील बादल**
**कार्यकारी संपादक**

सरकार की इस मंशा पर रत्ती भर भी शक नहीं किया जा सकता है, लेकिन अब भी सबसे अहम यक्ष प्रश्न अनुत्तरित ही रह जाता है कि नए नियमों को प्रभावी रूप से लागू किया जा सकेगा अथवा नहीं? कचरा प्रबंधन की शुरुआत 1994 में उच्चतम न्यायालय द्वारा गठित विशेषज्ञ समिति से हुई। इसके बाद पिछले तीन दशकों से अधिक समय में नियमों को अलग-अलग बदलावों के साथ तीन बार लागू किया गया, किंतु वास्तविकता यह है कि इन नियमों का पालन बहुत धीमा रहा और वे अब भी काफी हद तक कागजों तक ही सीमित हैं। सर्वप्रथम, नगरीय अपशिष्ट (प्रबंधन एवं संचालन) नियम, 2000 लागू किए गए। फिर, ठोस अपशिष्ट प्रबंधन नियम, 2016 लागू हुए। हाल ही में, इनके संशोधित और विस्तारित रूप 2026 को लागू किया गया है, ताकि कचरा प्रबंधन बेहतर ढंग से हो सके, चक्रीय अर्थव्यवस्था को बढ़ावा मिले और जलवायु परिवर्तन के दुष्प्रभावों को कम किया जा सके। जहां पूर्व के दोनों नियम मात्र शहरी सीमाओं तक सीमित थे, वहीं नया रूप भारत के समस्त भूस्वामियों एवं उपयोगकर्ताओं पर लागू होता है। उसी क्रम में पूर्ववर्ती नियमों के तहत कचरा प्रबंधन का संपूर्ण दायित्व स्थानीय निकायों तक ही सीमित था, पर नए नियमों के तहत कचरा उत्पन्न करने वाले नागरिकों, बाजारों, उद्यमों आदि को भी उक्त प्रबंधन के लिए उत्तरदायी बनाया गया है। कचरा प्रबंधन के विज्ञान में मुख्य अपेक्षा यह होती है कि यह पर्यावरण के अनुकूल हो और चक्रीय अर्थव्यवस्था के सिद्धांतों के अनुसार काम करे। इस लक्ष्य को हासिल करने के लिए पहली आवश्यकता कचरा उत्पादन के स्तर से ही इन्हें अलग-अलग इकट्ठा करना एवं कचरे को एक बार ही हस्तालन (हैंडलिंग) करने की है। प्रवर्तित नियमों में इन्हीं बातों को ध्यान में रखते हुए एक मुख्य और सामान्य प्रावधान यह है कि कचरे को उसके स्रोत पर ही अलग-अलग किया जाए। वर्ष 2000 के नियमों में कचरा गीला और सूखा, 2016 के नियमों में सूखा, गीला एवं घरेलू घातक, तथा नए नियमों में सूखा, गीला, सेनेटरी, तथा विशेष देखभाल वाले, चार भागों में विभाजित करने का प्रावधान किया गया है। हर बार नियमों में बदलाव के साथ कचरे को अलग-अलग भागों में बांटने की श्रेणियां बढ़ती गईं, पर 2000 के नियमों की मूल भावना के अनुसार, गोवा को छोड़कर पूरे देश में, कुछ गिने-चुने शहरों को छोड़ दें तो, कचरा स्रोत स्तर पर गीला व सूखा जैसे दो हिस्सों में भी अलग होकर नहीं आ रहा है। अलग-अलग करके ही कचरे का सदुपयोग किया जा सकता है। इसके लिए जरूरी है कि हर स्तर पर उत्पन्न कचरे को विभिन्न उद्योगों व उत्पादन के अनुरूप कच्चे माल के रूप में चिह्नित किया जाए। दुर्भाग्यवश, कुछ अपवादों के अतिरिक्त वर्तमान व्यवस्था किसी भी रूप में स्रोत से अलग-अलग कचरा एकत्रित करने हेतु सक्षम नहीं है। देश में आम तौर पर कचरा इकट्ठा करने के लिए इस्तेमाल होने वाले साधन बाहर से दो रंगों में विभाजित दिखाई देते हैं, मानो कचरा अलग-अलग रखा जा रहा हो, पर सच यह है कि इंजीनियरिंग, आर्थिक व प्रबंधन के दृष्टिकोण से एक ही संग्रहण वाहन में कचरे को कम से कम दो हिस्सों में रखना लगभग असंभव है। यह पर्यावरण सम्मत भी नहीं होगा। इन्हीं संदेहों के मध्य सर्वाधिक चुनौतीपूर्ण होगा विशेष देखभाल वाले चतुर्थ भाग में वर्णित अपशिष्ट को इकट्ठा कर उसका निस्तारण करना। इसमें एक्सपायर्ड दवाओं, बैटरी, ट्यूबलाइट, थर्मामीटर, समेत कई प्रकार के अपशिष्ट पदार्थों को एकत्रित करने की अनुशंषा की गई है। इनके भौतिक व रासायनिक स्वरूपों में अंतर होने के कारण संग्रहित होने के बाद इन्हें पुनः विभाजित करना अत्यंत चुनौतीपूर्ण रहेगा। उचित होता कि दवाओं, धातु की वस्तुओं, बैटरी इत्यादि के बेहतर निष्पादन प्रबंधन हेतु उनके मूल विक्रय स्थान पर पुनर्खरीद व्यवस्था को ठोस रूप में लागू किया जाता। इसी प्रकार, वर्तमान नियमों में खुले छोड़े गए कई प्रावधानों की अवहेलना होने की भी पूर्ण आशंका बनी रहेगी। अच्छी भावना के साथ लागू किए जाने वाले नियमों में अभियोजन की कठोरता का अभाव इन्हें बहुत हद तक अप्रभावी बना देता है। बेहतर कचरा प्रबंधन के लिए अभियोजन अधिकारों को स्थानीय निकायों तक सीमित न रखते हुए व्यापक रूप से विभिन्न विभागों एवं संस्थानों को अधिकृत किया जाना श्रेयस्कर होता। इन सब के बावजूद, सरकार की कचरा प्रबंधन के प्रति सदिच्छा के चलते उक्त नियम न सिर्फ भविष्य के लिए बेहतर आधारशिला रखेंगे, अपितु बेहतर पर्यावरण में सहायक होंगे, यही अपेक्षा की जानी चाहिए। भारत का ई-वेस्ट कुप्रबंधन अब केवल पर्यावरणीय चिंता नहीं, बल्कि देश के ग्रीन ट्रांजिशन के लिए सीधा खतरा बनता जा रहा है। पर्यावरण संगठन टॉक्सिक लिंक की नई रिपोर्ट लॉन्ग रोड टू सर्कुलरिटी ने खुलासा किया है कि विस्तारित उत्पादक उत्तरदायित्व (ईपीआर) नीति जमीन पर प्रभावी साबित नहीं हो पा रही, जिसके चलते ई-कचरे में लिथियम, नियोडिमियम और डिस्प्रोसियम जैसे बहुमूल्य खनिज नष्ट हो रहे हैं और भारत अपनी ही संसाधन क्षमता गंवा रहा है। इलेक्ट्रॉनिक कचरा या ई-कचरा उन सभी विद्युत और इलेक्ट्रॉनिक उपकरणों तथा उनके हिस्सों से बनता है, जिन्हें उपयोग के बाद फेंक दिया जाता है। मोबाइल फोन, कंप्यूटर, टीवी, घरेलू उपकरण और औद्योगिक इलेक्ट्रॉनिक्स इसके प्रमुख स्रोत हैं। इनमें मौजूद कीमती धातुएं और खनिज यदि वैज्ञानिक तरीके से पुनर्प्राप्त न किए जाएं, तो वे पर्यावरणीय जोखिम पैदा करने के साथ आर्थिक नुकसान का कारण भी बनते हैं।

# पाणिनि से एआई स्टैक तक : दिल्ली का एआई गौरव और राष्ट्रीय क्षमता का लक्ष्य

**देश की बात**



**हरदीप एस पुरी**
**केंद्रीय पेट्रोलियम और प्राकृतिक गैस मंत्री**

> किसी अन्य देश ने एक ही नीतिगत व्यवस्था के तहत पहचान, भुगतान और पात्रता-अधिकार के वितरण का निर्माण इस स्तर पर नहीं किया है और यही वह आधारशिला है, जिस पर भारत का एआई खड़ा है।




जब पाणिनि ने बोली जाने वाली भाषा की अव्यवस्था को एक संक्षिप्त, गणनीय व्याकरण में परिवर्तित किया, तो उन्होंने एक बात साबित की, जो आज भी प्रासंगिक है: बुद्धिमत्ता सबसे शक्तिशाली तब होती है, जब इसे संरचना के रूप में व्यक्त किया जाता है। नालंदा इस सहज प्रवृत्ति को संस्थानों तक ले गया और बहस करने, संरक्षित करने और ज्ञान को सीमाओं के पार प्रसार करने के तरीके विकसित किए। भारत एआई इम्पैक्ट समिट 2026 की मेजबानी करने का भारत का निर्णय उसी सभ्यतागत भावना से प्रेरित है, क्योंकि तकनीक में अगली छलांग उन प्रणालियों के बारे में है, जो सीख सकती हैं, तर्क कर सकती हैं और बड़े पैमाने पर कार्य कर सकती हैं और दुनिया ऐसे भविष्य के बारे में सोच नहीं सकती, जिसमें केवल कुछ देश यह तय करें कि ये प्रणालियाँ कैसे बनाई जाएंगी। पिछले सप्ताह भारत मंडपम में आयोजित यह शिखर सम्मेलन, एक वैश्विक दक्षिण राष्ट्र द्वारा आयोजित पहला वैश्विक एआई शिखर सम्मेलन था और किसी भी पूर्व आयोजन में इस स्तर की भागीदारी नहीं देखी गई। 20 से अधिक राष्ट्राध्यक्ष, 60 मंत्री, 100 से अधिक देशों के 500 से अधिक एआई दिग्गज और विषय-आधारित दस पवेलियनों में 300 प्रदर्शक। प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के नेतृत्व में, भारत अपनी स्वयं की एक संगठनात्मक सोच प्रस्तुत कर रहा है- डेटा पर संप्रभुता, डिज़ाइन के अनुसार समावेश और स्वाभाविक जवाबदेही। देश वैश्विक पूंजी को इन शर्तों पर यहां निवेश करने के लिए आमंत्रित कर रहा है।

प्रधानमंत्री के एमएएनएवी विजन में इस विचार की स्पष्ट अभिव्यक्ति हुई है- नैतिक पाबंदी, जवाबदेह शासन, डेटा पर संप्रभुता, ताकि ज्ञान के कच्चा माल का उस रूप में निष्कर्षण न किया जाए जैसे कभी वस्तुओं का किया जाता था, व्यापक पहुंच, ताकि लाभ मध्य प्रदेश के किसान तक उतने ही निश्चित रूप से पहुंचे, जितना बेंगलुरु के इंजीनियर तक और कानूनी वैधता, ताकि हर प्रयुक्त प्रणाली लोकतांत्रिक निरीक्षण के प्रति जवाबदेह बनी रहे। उनकी अवधारणा एआई को खुला आकाश देने की है, जबकि नियंत्रण मानव हाथों में रखा जाना चाहिए। यह अवधारणा एक ऐसी रेखा खींचती है, जिसे कई उन्नत अर्थव्यवस्थाएं खींचने में हिचकिचा रही हैं। अब इन सिद्धांतों का बहुपक्षीय महत्व है, जो शिखर सम्मेलन में अपनाई गई दिल्ली घोषणा के माध्यम से सामने आया, और इसे पहले से ही वैश्विक दक्षिण से आने वाली पहली प्रमुख एआई शासन रूपरेखा कहा जा रहा है। इस घोषणा की दृष्टि विकास-उन्मुख है, जिसका केंद्र तकनीकी-कानूनी दृष्टिकोण है और जो कठोर अनुपालन की तुलना में लचीली पाबंदियों को प्राथमिकता देता है। यह वैश्विक सहयोग को तीन स्तंभों पर व्यवस्थित करता है: लोग, पृथ्वी और प्रगति। भारतजेन जैसा जनसंख्या के पैमाने पर आधारित समाधान, जो 22 भारतीय भाषाओं का समर्थन करता है और उस वास्तविकता को संबोधित करता है कि दुनिया का अधिकांश भाग अंग्रेज़ी में काम नहीं करता। भारत के अपने सब्सिडी वाले जीपीयू एक्सेस (65 प्रति घंटा) पर आधारित एक प्रस्तावित वैश्विक कंप्यूट बैंक प्रवेश बाधाओं को हर जगह कम करता है। घोषणा में डेटा संप्रभुता पर जोर दिया गया है, जो सीधे एआई निष्कर्षणवाद को चुनौती देता है: एक पैटर्न, जिसमें विकासशील देशों से डेटा संग्रहित किया जाता है ताकि मॉडल को प्रशिक्षित किया जा सके। बाद में इन देशों को इसी मॉडल के लिए भुगतान करना पड़ता है।

पिछले दशक के कार्यान्वयन ने इस रूपरेखा को विश्वसनीयता दी है, क्योंकि यह सरकार एआई तक किसी श्वेत पत्र के माध्यम से नहीं, बल्कि किसी भी लोकतांत्रिक देश द्वारा शुरू किये गये सबसे महत्वाकांक्षी डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना कार्यक्रम के जरिये पहुंची है। यूपीआई ने 2025 में 228 बिलियन से अधिक लेन-देन संसाधित किए, जिनका मूल्य लगभग 3.4 ट्रिलियन डॉलर था, जो दुनिया के वास्तविक समय पर कुल डिजिटल भुगतान का लगभग आधा है और यह वैश्विक स्तर पर वीसा द्वारा संसाधित किये गये कुल लेन-देन से भी अधिक है। जेएएम त्रय ने 2015 से अब तक 3.48 लाख करोड़ से अधिक की कल्याण बचत प्रदान की है। किसी अन्य देश ने एक ही नीतिगत व्यवस्था के तहत पहचान, भुगतान और पात्रता-अधिकार के वितरण का निर्माण इस स्तर पर नहीं किया है और यही वह आधारशिला है, जिस पर भारत का एआई खड़ा है।

यदि डिजिटल सार्वजनिक अवसंरचना का लक्ष्य हर नागरिक को देश से जोड़ना था, तो एआई अवसंरचना का लक्ष्य हर नागरिक को क्षमता से जोड़ना है और यहां आंकड़े एक चौंकाने वाला अंतर दिखाते हैं: भारत दुनिया के लगभग 20 प्रतिशत डेटा का उत्पादन करता है, लेकिन यहाँ वैश्विक डेटा-केंद्र क्षमता का केवल लगभग 3 प्रतिशत मौजूद है। अब इस अंतर को उसी इरादे के साथ पाटा जा रहा है, जिसने यूपीआई का निर्माण किया था: तेज, बड़े पैमाने पर और संप्रभु डिजाइन के साथ।

विचार करें कि भारत मंडपम में एक ही सप्ताह में क्या घोषणाएं की गईं। माइक्रोसॉफ्ट: 2030 तक वैश्विक दक्षिण के लिए 50 बिलियन डॉलर, जिसमें से पहले ही 17.5 बिलियन डॉलर की भारत के लिए प्रतिबद्धता व्यक्त की गयी है। गूगल: अमेरिका-भारत संपर्क पहल, जो पांच वर्षों में 15 बिलियन डॉलर से संचालित होगी। अमेज़न वेब सर्विसेज़: महाराष्ट्र में 8.3 बिलियन डॉलर। अदानी समूह: 2035 तक नवीकरणीय ऊर्जा-संचालित एआई डेटा केन्द्रों के लिए 100 बिलियन डॉलर। योटा डेटा सर्विसेज़: एनवीडिया के ब्लैकवेल अल्ट्रा चिप्स का उपयोग करके एशिया के सबसे बड़े एआई कंप्यूटिंग हब में से एक के लिए 2 बिलियन डॉलर से अधिक। लार्सन एंड टुब्रो: एनवीडिया के साथ भारत की सबसे बड़ी गीगावाट-स्केल एआई फैक्ट्री बनाने के लिए प्रस्तावित परियोजना। इंडियाएआई मिशन का राष्ट्रीय कंप्यूट क्लस्टर 38,000 जीपीयू पार कर चुका है और इसे 58,000 तक बढ़ाया जा रहा है, जो स्टार्टअप्स के लिए वैश्विक लागत के लगभग एक तिहाई पर उपलब्ध है। अगले दो वर्षों में एआई अवसंरचना में 200 अरब डॉलर के निवेश का सरकार का लक्ष्य महज आकांक्षा नहीं है; घोषित प्रतिबद्धताएँ इसे हासिल करने के दायरे में लाती हैं। केंद्रीय बजट 2026-27 का उद्देश्य इस निवेश को दीर्घकालिक संरचनात्मक लाभ में बदलने का है, जो उन विदेशी कंपनियों के लिए टैक्स होलीडे का 2047 तक विस्तार करता है, जो वैश्विक क्लाउड सेवाओं के लिए भारतीय डेटा सेंटर का उपयोग करती हैं तथा एआई और उच्चतम निर्माण स्टार्टअप्स के लिए 1.1 अरब डॉलर के वेंचर कैपिटल फंड का वचन देती हैं।

राष्ट्रीय नवीन मेल

**धर्म-अध्यात्म**



# अब आइए स्वयं पर गहन दृष्टि डालें



**स्वामी चिन्मयानंद**

**ब्रह्माण्ड :** क्या आपने कभी सोचा कि सूर्य प्रतिदिन कैसे उदित होता है तथा प्रकाश देता है? ग्रह अपने-अपने पथ पर कैसे स्थिर रहते हैं? जल-चक्र कैसे निरंतर संचालित होता रहता है? अर्थात्, असंख्य सार्वभौमिक प्रक्रियाएं प्रतिदिन बिना हमारे ज्ञान व नियंत्रण के स्वत: चलती रहती हैं।

**प्रकृति :** क्या आपने कभी यह सोचा कि आहार-श्रृंखला कितने समुचित रुप से कार्य करती है ? वनस्पतियाँ अपना भोजन स्वयं बनाती हैं तथा प्रत्येक प्राणी का अपना विशिष्ट आहार होता है। गाय तथा हिरण घास खाते हैं, सिंह व बाघ अन्य प्राणियों का भक्षण करते हैं, गिद्ध मृत जीवों के अवशेष ग्रहण कर वातावरण को शुद्ध रखते हैं, तथा सूक्ष्मजीव उन्हें और विघटित कर पृथ्वी में पुन: पोषक तत्त्व लौटाते हैं। इस पूरी प्रक्रिया के द्वारा सम्पूर्ण पारिस्थिति का तंत्र संतुलित रहता है।

**तत्त्व :** क्या आपने कभी मनन किया कि प्रत्येक तत्त्व अपना धर्म (स्वभाव) कैसे बनाए रखता है? अग्नि सदैव उष्ण ही रहती है-चाहे वह लौ के रूप में हो, चिंगारी में हो अथवा दीप-शिखा में। 'शीतल अग्नि' किसी ने नहीं देखी। जल सदैव तरल ही रहता है नदी में हो, सरोवर में हो अथवा पात्र में, उसका तरल स्वभाव अपरिवर्तित रहता है।

**हमारा शरीर :** क्या आपने कभी सोचा कि गर्भ में हमारा विकास कैसे हुआ या हमारा हृदय एक पल के लिए भी नहीं रुकता है? हमारे अंग किस प्रकार कुशलतापूर्वक भोजन पचाते है अथवा प्रत्येक क्षण में लाखों कोशिकाएं मरती हैं और उनकी जगह नई कोशिकाएं ले लेती हैं? हमारा शरीर रक्त-संचार, श्वसन, पाचन, प्रतिरक्षा तंत्र तथा अनेक अन्य प्रक्रियाओं में एक सामंजस्य बनाए रखता है, और हमें इसके लिए कुछ सोचने की आवश्यकता भी नहीं होती।

*-पुस्तक गीता पंचामृत से साभार)*

# संग्रहालय सुरक्षा पर अनूठी पुस्तक अमृतकाल विजन 2047


**पुस्तक समीक्षा**



**राखी ठाकुर**

कैप्टन प्राण रंजन प्रसाद द्वारा लिखित पुस्तक "संग्रहालय सुरक्षाः अमृतकाल विज़न 2047" भारत की सांस्कृतिक विरासत की सुरक्षा पर 2047 तक के दशकों में चल रही चर्चा में एक अत्यंत आवश्यक और सामयिक योगदान देती है। प्रसाद व्यावहारिक अंतर्दृष्टि को "अमृतकाल" युग के लिए तैयार किए गए रणनीतिक दृष्टिकोण के साथ जोड़ते हैं - यह वह काल है जिसकी परिकल्पना भारत के वैश्विक सांस्कृतिक और आर्थिक शक्ति के रूप में परिपक्व होने के लिए की गई है। पुस्तक की ताकत संग्रहालय सुरक्षा के व्यापक विश्लेषण में निहित है, जो एक वैचारिक ढाँचे और एक परिचालन चुनौती दोनों के रूप में है। प्रसाद संग्रहालयों और विरासत स्थलों के सामने आने वाले बहुआयामी खतरों को स्पष्ट रूप से रेखांकित करते हैं - चोरी और अवैध तस्करी से लेकर अपर्याप्त बुनियादी ढाँचे और अप्रशिक्षित कर्मियों तक। वे संग्रहालयों, स्मारकों और पुरातात्विक स्थलों के भीतर मौजूद विभिन्न सुरक्षा तत्वों के बीच की कमियों को दूर करने के लिए व्यावसायिक प्रशिक्षण, आधुनिक सुरक्षा ऑडिट और एक समर्पित विरासत संरक्षण बल की वकालत करते हैं।इस पुस्तक को अन्य सामान्य नियमावली से अलग करने वाली बात इसका दूरदर्शी दृष्टिकोण है। लेखक समस्याओं की मात्र सूची बनाने के बजाय व्यावहारिक समाधान सुझाते हैं और व्यवस्थित प्रशिक्षण, बेहतर आगंतुक प्रबंधन पद्धतियों और सुरक्षा उपायों को सुदृढ़ करने के लिए प्रौद्योगिकी के एकीकरण की आवश्यकता पर बल देते हैं। यह पुस्तक दर्शाती है कि सुरक्षा किस प्रकार आगंतुक अनुभव, संरक्षण नैतिकता और राष्ट्रीय गौरव से जुड़ी हुई है-विशेषकर भारत जैसे समृद्ध और विविध सांस्कृतिक परिदृश्य में। यद्यपि पुस्तक में कभी-कभी तकनीकी शब्दावली का प्रयोग किया गया है, फिर भी यह संग्रहालय प्रशासकों, विरासत विशेषज्ञों और नीति योजनाकारों के लिए सुलभ है। यह सुरक्षा को 2047 के राष्ट्रीय दृष्टिकोण के संदर्भ में भी प्रस्तुत करती है, जिससे यह आने वाले वर्षों में सांस्कृतिक नीति और विरासत प्रबंधन पर व्यापक चर्चाओं के लिए प्रासंगिक बन जाती है। अमृतकाल विजन 2047 सुरक्षा, विरासत संरक्षण और सांस्कृतिक नीति के अंतर्संबंध में रुचि रखने वाले किसी भी व्यक्ति के लिए एक महत्वपूर्ण पुस्तक है-जो दशकों के जमीनी अनुभव से प्राप्त विश्लेषणात्मक गहराई और व्यावहारिक मार्गदर्शन प्रदान करती है।

**(लेखिका फिल्म और टेलीविजन निर्देशक और कवयित्री हैं)**




**फेसबुक वॉल से**




**एक्स से**




**आज का दोहा**


पिंजरों में तोते नहीं, बाहर भी सुनसान।
कौन चुरा कर ले गया, जंगल की पहचान।।
सोमदत्त शर्मा, गाजियाबाद (उ.प्र.)

**रचना भेजिए**

समाचारों के संबंध में शिकायत या इस पेज के लिए आर्टिकल कृपया भेजें artical.rnmail@gmail.com
कॉल/व्हाट्सएप 8292553444
संपादक

# अधिकार के साथ कर्तव्य की बात भी होनी चाहिए

**अलग बात**



**अशोक भगत**
**सचिव, विकास भारती, झारखंड**

जिस तरह हम अपने अधिकारों की बातें करते हैं, उसी तरह हमें अपने कर्तव्यों के बारे में भी सोचना चाहिए। हमारी सभी समस्या का समाधान सरकार के पास नहीं है। सरकार हमें व्यवस्था खड़ी करके दे सकती है, पर उस व्यवस्था का प्रबंधन और संचालन हमें स्वयं करना होगा, कर्तव्यों को अधिकारों के ऊपर प्रतिष्ठित किये जाने से अनेक सामाजिक, राजनीतिक समस्याओं से मुक्ति का मार्ग प्रशस्त हो सकता है। हम निरंतर अपने अधिकारों की बातें करते हैं और अपनी दुर्गति का सारा ठीकरा सरकार पर फोड़ देते हैं। पर आप सोचिए कि क्या सरकार हमारी सभी समस्याओं का समाधान कर सकती है? सरकार चाहे कितनी भी सफल क्यों न हो, हमारी सभी समस्याओं का समाधान उसके पास नहीं है। सरकार हमें व्यवस्था खड़ी करके दे सकती है, पर उस व्यवस्था का प्रबंधन और संचालन हमें स्वयं करना होगा। इतिहास बताता है कि अंग्रेजों के आने से पहले स्थानीय प्रशासन प्रबंधन में केंद्रीय सत्ता का हस्तक्षेप नहीं के बराबर था। हर जगह शासन की स्थानीय इकाई विकसित थी और वहीं शासन का स्थानीय प्रबंधन देखती थी। इस कारण लोगों के मन में शासन के प्रति सकारात्मक दृष्टिकोण था। उन दिनों अधिकारों की बातें कम होती थीं और बड़े पैमाने पर लोगों में कर्तव्य की भावना विकसित थी। परंतु अंग्रेजों ने इसे बदल दिया. लोगों के मन में सरकार और सरकारी व्यवस्था के प्रति उदासीनता छाने लगी और वहीं से कर्तव्य के स्थान पर अधिकार की मांग होने लगी, स्वतंत्र भारत में भी प्रशासनिक ढांचे को बहुत ठीक नहीं किया गया। लोगों में सामाजिक एवं राष्ट्रीय बोध विकसित करने के बदले अधिकार की भावना भड़कायी जाती रही। अधिकार और कर्तव्य की व्यवस्था भारतीय संविधान में मौलिक अधिकारों व मौलिक कर्तव्यों के रूप में व्याख्यायित है। मौलिक अधिकार हमारे संविधान में संविधान निर्माताओं द्वारा स्थापित किये गये हैं, जबकि मौलिक कर्तव्यों को संविधान संशोधन के माध्यम से जोड़ा गया है। मौलिक अधिकारों के लागू होने के 26 वर्ष के उपरांत संविधान संशोधन द्वारा मौलिक कर्तव्यों के जोड़े जाने से जनमानस में स्वाभाविक रूप से अधिकारों के प्रति जागरूकता अधिक है और कर्तव्यों का भान कम दिखाई देता है। इस कारण प्रशासन, देश और समाज के प्रति एक नये प्रकार की उदासीनता विकसित हो गयी है। इसे ठीक करना होगा। कर्तव्यों को अधिकारों के ऊपर प्रतिष्ठित किये जाने से अनेक सामाजिक, राजनीतिक समस्याओं से मुक्ति का मार्ग प्रशस्त हो सकता है। उदाहरण के लिए, सरकार द्वारा कई कानून बनाये गये हैं, जैसे दहेज लेना और देना दोनों गैरकानूनी हैं, पर समाज में यह धड़ल्ले से चल रहा है. जातिगत टिप्पणी गैरकानूनी है, परंतु समाज में यह किसी न किसी रूप में जारी है। अपने घर की सफाई के साथ-साथ आस-पड़ोस की सफाई हमारा सामाजिक दायित्व है, परंतु सामाजिक बोध के अभाव में ज्यादातर लोग अपने घर का कूड़ा दूसरों के दरवाजे पर जमा कर देते है। यात्रा के समय सार्वजनिक यातायात के साधनों का उपयोग करते समय अधिकतर लोगों को सहयात्रियों का ख्याल नहीं रहता। यातायात नियम तोड़ने को अधिकतर लोग अपनी शान समझते हैं, सार्वजनिक स्थलों की सफाई का हमें ध्यान तक नहीं रहता है। इसी प्रकार, राष्ट्रीय हित की ऐसी बहुत सी बातें हैं जिनकी अधिकतर नागरिक अवहेलना करते हैं, कई व्यक्तियों को इस मामले की जानकारी नहीं होती है। पर कई जिम्मेदार व्यक्ति को भी इनकी अवहेलना करते देखा जा सकता है। इन पूरे मामलों को हम आंकड़ों से समझने का प्रयास करते हैं। परिवहन मंत्रालय द्वारा 2025 में जारी एक रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत में हेलमेट नहीं पहनने के कारण प्रतिदिन लगभग 80 लोगों की मृत्यु हो जाती है। सड़क दुर्घटनाओं पर जारी एक रिपोर्ट के अनुसार, 2022 में देश में हिट एंड रन की करीब 67 हजार दुर्घटनाएं हुई, जिनमें 30 हजार से अधिक लोगों की जान गयी। गृह मंत्रालय के राष्ट्रीय अपराध रिकॉर्ड ब्यूरो की एक रिपोर्ट में बताया गया है कि भारत में प्रतिदिन 18 से 20 महिलाओं को दहेज के कारण अपनी जान गंवानी पड़ती है।

**(ये लेखक के निजी विचार हैं।)**

स्वामी, परिजात माइनिंग इण्डस्ट्रीज (इण्डिया) प्रा. लि. के लिए प्रकाशक एंव मुद्रक हर्षवर्द्धन बजाज द्वारा इसके पब्लिकेशन डिवीजन, रेड़मा मेदिनीनगर (डालटनगंज), से प्रकाशित एवं एस एच प्रिंटर्स प्राइवेट लिमिटेड (पूर्व में शिवासाई पब्लिकेशन प्राइवेट लिमिटेड), नियर टेंडर बागीचा पेट्रोल पम्प, रातू, रांची-835222, झारखंड द्वारा मुद्रित. रजिस्ट्रेशन नं. RNI.61316/94 पोस्टल रजिस्ट्रेशन नं.-13 ।प्रधान संपादक : सुरेश बजाज, संपादक : हर्षवर्द्धन बजाज, कार्यकारी संपादक : सुनील सिंह 'बादल', सह कार्यकारी संपादक : प्रवीण कुमार दूबे, स्थानीय संपादक : राणा अरुण सिंह*, प्रेस कार्यालय : रांची रोड, रेड़मा, मेदिनीनगर, (डालटनगंज) पलामू-822102, फोन नम्बर : 06562-796018, रांची कार्यालय : 502बी, पांचवी मंजिल मंगलमूर्ति हाईट्स, रानी बागान, हरमू रोड, रांची-834001, फोन नं.- 0651-3553943, लोहरदगा कार्यालय : सरस्वती निवास, तेली धर्मशाला के सामने, कृषि मार्केट, लोहरदगा। - फोन : 7903891779, ई-मेल : समाचार - news.rnmail@gmail.com, लेख - article.rnmail@gmail.com (*पीआरबी अधिनियम के तहत खबरों के चयन के लिए जिम्मेवार।)

## न्यूज बॉक्स

### शांतिपूर्ण व कदाचारमुक्त माहौल में हुई जैक 11वीं की बोर्ड परीक्षा, 619 परीक्षार्थी शामिल



**भरनो।** झारखंड अधिविद्य परिषद (जैक) द्वारा संचालित कक्षा 11वीं की बोर्ड परीक्षा का आयोजन भरनो प्रखंड के तीन परीक्षा केंद्रों में शांतिपूर्ण एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न हुआ। परीक्षा को लेकर सभी केंद्रों पर प्रशासन एवं विद्यालय प्रबंधन पूरी तरह सतर्क नजर आया। भरनो के प्लस टू हाई स्कूल भरनो, प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय भरनो तथा उत्क्रमित उच्च विद्यालय दुम्बो को परीक्षा केंद्र बनाया गया था। परीक्षा दो पालियों में आयोजित की गई। पहली पाली में विज्ञान विषय तथा दूसरी पाली में हिंदी विषय की परीक्षा ली गई। परीक्षा में प्लस टू हाई स्कूल भरनो में 169, प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय भरनो में 300 तथा उत्क्रमित उच्च विद्यालय दुम्बो में 150, कुल 619 छात्र-छात्राओं ने परीक्षा में भाग लिया। सभी परीक्षा केंद्रों पर परीक्षा शांतिपूर्ण, सुव्यवस्थित एवं कदाचारमुक्त वातावरण में संपन्न हुई। परीक्षा के सफल संचालन में प्लस टू हाई स्कूल भरनो की प्रधानाध्यापिका वरदानी टोप्पो, प्रोजेक्ट बालिका उच्च विद्यालय की प्रधानाध्यापिका संगीता कुजूर तथा उत्क्रमित उच्च विद्यालय दुम्बो की प्रधानाध्यापिका सुमनलता कुमारी सहित विद्यालय के शिक्षक-शिक्षिकाओं एवं कर्मियों की अहम भूमिका रही। विद्यालय प्रबंधन की सजगता एवं बेहतर व्यवस्था के कारण परीक्षार्थियों ने अनुशासित माहौल में परीक्षा दी।

### पांच महीने से मानदेय न मिलने से सहियाओं के सामने भुखमरी की स्थिति, आंदोलन की चेतावनी



**डुमरी।** स्वास्थ्य व्यवस्था की रीढ़ मानी जाने वाली सहिया, सहिया साथी और बीटीटी पिछले कई महीनों से आर्थिक तंगी से जूझ रही हैं। 'सहिया एवं सामुदायिक प्रशिक्षक संघ, झारखंड' की गुमला जिला इकाई ने मानदेय भुगतान में हो रही देरी को लेकर चिकित्सा पदाधिकारी को एक मांग पत्र सौंपा है।सहिया संघ द्वारा सौंपे गए पत्र में कई गंभीर मुद्दों को उठाया गया है। पिछले 4-5 महीनों से प्रोत्साहन राशि और मानदेय का भुगतान लंबित है, जिससे कार्यकर्ताओं के लिए परिवार चलाना मुश्किल हो गया है। बच्चों की स्कूल फीस न भर पाने के कारण उन्हें स्कूल से निकाला जा रहा है। सहियाओं का कहना है कि भुगतान प्रक्रिया को अनावश्यक रूप से जटिल बनाया गया है। साथ ही, सहिया ऐप में डेटा एंट्री को लेकर आ रही समस्याओं के कारण भुगतान रोका जा रहा है, जो अनुचित है। कार्यकर्ताओं को मोबाइल या टैबलेट उपलब्ध नहीं कराए गए हैं, फिर भी वे अपने निजी फोन से काम कर रही हैं। नेटवर्क की समस्या और ऐप की कमियों के बावजूद उन्हें समय पर भुगतान नहीं मिल रहा है। जिला मुख्यालय से प्रखंड स्तर तक सहिया रेस्ट रूम को क्रियाशील करने की मांग की गई है ताकि उन्हें भटकना न पड़े। पत्र के माध्यम से कार्यकर्ताओं ने स्पष्ट किया है कि आर्थिक स्थिति इतनी खराब हो चुकी है कि अब धैर्य जवाब दे रहा है। यदि मानदेय का भुगतान जल्द से जल्द सरल प्रक्रिया के माध्यम से नहीं किया गया, तो वे उग्र आंदोलन के लिए बाध्य होंगी।

### अनियंत्रित बाइक सवार तीन युवक घायल

**चैनपुर।** चैनपुर थाना क्षेत्र के बम्हनी मोड़ के समीप एक दर्दनाक सड़क दुर्घटना में तीन युवक गंभीर रूप से घायल हो गए। घटना उस वक्त हुई जब तीनों युवक एक ही मोटरसाइकिल पर सवार होकर चैनपुर से अपने गांव बिंदोरा लौट रहे थे, तभी बम्हनी मोड़ के पास उनकी बाइक अनियंत्रित हो गई।दुर्घटना की सूचना मिलते ही चैनपुर थाना के एसआई विजय उरांव और एएसआई संतोष धर्मपाल लुगुन दलबल के साथ मौके पर पहुंचे। पुलिस ने तत्परता दिखाते हुए तीनों घायलों को तत्काल चैनपुर सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचाया।दुर्घटना में घायल हुए युवकों की पहचान बिंदोरा ग्राम निवासी के रूप में की गई है।करण उरांव (20 वर्ष), पिता- संतोष उरांव,धनकुंवर लोहरा (28 वर्ष), पिता- सीताराम लोहरा और अर्जुन लकड़ा (19 वर्ष), पिता- मर्यानुश लकड़ा है।घायलों को जब सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र लाया गया, तो वहां कोई भी डॉक्टर ड्यूटी पर तैनात नहीं था। इस स्थिति को देख परिजनों और स्थानीय लोगों में भारी आक्रोश देखा गया। घायलों की गंभीर स्थिति और प्राथमिक उपचार न मिल पाने के कारण, 108 एम्बुलेंस की मदद से तीनों को बेहतर इलाज के लिए गुमला सदर अस्पताल रेफर कर दिया गया। बताया जा रहा है कि अर्जुन लकड़ा की स्थिति काफी नाजुक बनी हुई है। घटना की सूचना मिलते ही जिला परिषद सदस्य ने सामुदायिक स्वास्थ्य केंद्र पहुंचकर घायलों का हाल जाना। अस्पताल में डॉक्टरों की अनुपस्थिति पर उन्होंने कड़ी नाराजगी जाहिर की।

### सिसई में डीलर संघ की बैठक, नए एमओ का बुके देकर किया गया स्वागत

**सिसई।** प्रखंड सह अंचल कार्यालय के सभागार में डीलर संघ की बैठक आयोजित की गयी। इस बैठक में डीलर संघ के अध्यक्ष मकिम अंसारी ने नये प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी सचिंद्र मोहन को उनके पदस्थापन व डीलर परिवार में शामिल होने पर पुष्प गुच्छ देकर स्वागत किया और बधाई दी। प्रखंड खाद्य आपूर्ति पदाधिकारी ने सभागार में उपस्थित जन वितरण प्रणाली के सभी डीलरों के साथ पहली बैठक की। बैठक की शुरुआत परिचय प्राप्ति से हुआ। उन्होंने सभी डीलरों को समय पर खाद्यान का उठाव कर लाभुकों से उत्तम व्यवहार रखते हुए समय पर खाद्यान वितरण करने के लिए प्रोत्साहित किया। बैठक में प्रखंड विकास पदाधिकारी रमेश कुमार यादव ने जन वितरण प्रणाली के डीलरों को सुझाव दिया और कहा कि नये साहब हैं इसलिए आप सभी अच्छे से काम करें वहीं उन्होंने सभी डीलरों से कहा कि गावों में लाभुकों को फाइलेरिया रोधी दवा खाने के लिए जागरुक करें। प्रमुख मीना देवी ने भी डीलरों को अच्छे सुझाव दिए। मौके पर सिसई प्रखंड अंतर्गत सभी 18 पंचायत के डीलर मौजूद थे।

### लेकोटोली में नवयुग शिक्षा निकेतन के नए भवन का उद्घाटन, शिक्षा के महत्व पर दिया जोर

**भरनो।** भरनो प्रखंड मुख्यालय के लेकोटोली गांव स्थित नवयुग शिक्षा निकेतन स्कूल के नवनिर्मित भवन का उद्घाटन सोमवार को हर्षोल्लास और गरिमामय वातावरण में संपन्न हुआ। इस अवसर पर शिक्षा के महत्व, ग्रामीण क्षेत्र में गुणवत्तापूर्ण पढ़ाई और उज्ज्वल भविष्य निर्माण पर विशेष जोर दिया गया। कार्यक्रम का शुभारंभ मुख्य अतिथि पूर्व आईपीएस डॉ. अरुण उरांव, प्रमुख पारस नाथ उरांव, थाना प्रभारी कंचन प्रजापति, विद्यालय के डायरेक्टर एवं भूतपूर्व सैनिक चंद्रमोहन महतो तथा प्रिंसिपल शांति देवी सहित अन्य अतिथियों ने संयुक्त रूप से फीता काटकर किया। इसके बाद मां सरस्वती एवं डॉ. सर्वपल्ली राधाकृष्णन की तस्वीर पर पुष्प अर्पित कर दीप प्रज्वलित किया गया। अतिथियों का स्वागत गुलाब पुष्प, अंगवस्त्र एवं स्वागत गान के साथ किया गया। इस दौरान विद्यालय के छात्र-छात्राओं ने रंगारंग सांस्कृतिक कार्यक्रम प्रस्तुत कर समारोह को यादगार बना दिया। बच्चों के गीत और नृत्य की आकर्षक प्रस्तुतियों ने उपस्थित लोगों का मन मोह लिया। विद्यालय के डायरेक्टर चंद्रमोहन महतो ने अतिथियों का परिचय कराते हुए विद्यालय की स्थापना के उद्देश्य, अनुशासित वातावरण, गुणवत्तापूर्ण शिक्षा, आधुनिक सुविधाओं तथा नए भवन में स्थानांतरण की जानकारी विस्तार से दी। उन्होंने कहा कि ग्रामीण क्षेत्र के बच्चों को बेहतर शैक्षणिक माहौल उपलब्ध कराना विद्यालय का मुख्य लक्ष्य है। मुख्य अतिथि डॉ. अरुण उरांव ने अभिभावकों को संबोधित करते हुए कहा कि शिक्षा से बड़ा कोई धन नहीं है। उन्होंने कहा कि माता-पिता शिक्षित होंगे तो आने वाली पीढ़ी भी सही दिशा में आगे बढ़ेगी। नए भवन के उद्घाटन से क्षेत्र के बच्चों को बेहतर सुविधा मिलेगी और अभिभावकों का भरोसा और मजबूत होगा। अन्य अतिथियों ने भी विद्यालय की प्रगति की सराहना करते हुए उज्ज्वल भविष्य की कामना की। इस मौके पर थाना प्रभारी कंचन प्रजापति, भाजपा मंडल अध्यक्ष अभिषेक गुप्ता, कांग्रेस प्रखंड अध्यक्ष मुख्तार आलम, पड़हा समिति अध्यक्ष लधूवा उरांव सहित बड़ी संख्या में जनप्रतिनिधि, गणमान्य लोग, अभिभावक, शिक्षक एवं छात्र-छात्राएं उपस्थित थे।

# नगरपालिका मतगणना को लेकर गुमला में धारा 163 लागू

नवीन मेल संवाददाता

**गुमला।** नगरपालिका निर्वाचन की मतगणना को शांतिपूर्ण एवं निष्पक्ष ढंग से संपन्न कराने के लिए जिला प्रशासन ने कड़े सुरक्षा इंतजाम किए हैं। अनुमंडल दंडाधिकारी राजीव नीरज द्वारा भारतीय नागरिक सुरक्षा संहिता, 2023 की धारा-163 के तहत 26 फरवरी की मध्यरात्रि 12 बजे से 27 फरवरी की मध्यरात्रि 12 बजे तक संपूर्ण गुमला नगर परिषद क्षेत्र में निषेधाज्ञा लागू कर दी गई है। मतगणना पूर्व निर्धारित कार्यक्रम के अनुसार 27 फरवरी 2026 को कार्तिक उरांव महाविद्यालय, गुमला में होगी। इस दौरान आदर्श आचार संहिता भी प्रभावी रहेगी।

#### हथियार, विस्फोटक और अफवाह फैलाने पर रोक

जारी आदेश के अनुसार निषेधाज्ञा अवधि में किसी भी प्रकार के हथियार, आग्नेयास्त्र एवं विस्फोटक सामग्री के लाने-ले जाने पर पूर्ण प्रतिबंध रहेगा, यह आदेश शस्त्र लाइसेंस धारकों पर भी लागू होगा। हालांकि ड्यूटी पर तैनात सरकारी कर्मियों एवं पुलिस बल को इससे छूट रहेगी। साथ ही सोशल मीडिया या अन्य माध्यमों से फेक न्यूज, भ्रामक संदेश, फोटो या अफवाह फैलाने पर भी पूर्ण प्रतिबंध लगाया गया है। किसी भी प्रत्याशी द्वारा धर्म, जाति या समुदाय की भावना भड़काने या किसी के विरुद्ध अप्रमाणित खबर फैलाने पर कार्रवाई की चेतावनी दी गई है।

#### मतगणना केंद्र पर थ्री-लेयर सुरक्षा, मोबाइल भी रहेगा प्रतिबंधित

मतगणना केंद्र पर त्रिस्तरीय सुरक्षा घेरा (थ्री-टियर कॉर्डनिंग सिस्टम) लागू रहेगा। बिना वैध फोटो पहचान पत्र के किसी को प्रवेश नहीं मिलेगा। दूसरे सुरक्षा घेरा पर सभी की सघन तलाशी होगी, जिसमें महिलाओं की जांच महिला पुलिसकर्मी ही करेंगी। प्रशासन ने स्पष्ट किया है कि मतगणना परिसर में मोबाइल फोन, लैपटॉप, आई-पैड, रिकॉर्डिंग उपकरण, माचिस, हथियार एवं अन्य इलेक्ट्रॉनिक सामान ले जाना पूरी तरह प्रतिबंधित रहेगा। केवल अधिकृत अधिकारी ही संचार उपकरणों का उपयोग कर सकेंगे।

#### प्रशासन की अपील-शांति बनाए रखें, नियमों का करें पालन

जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों, राजनीतिक दलों एवं प्रत्याशियों से अपील की है कि वे निर्वाचन प्रक्रिया की गरिमा बनाए रखें और जारी निर्देशों का पालन करते हुए शांति एवं विधि-व्यवस्था बनाए रखने में सहयोग करें।

### नगर भवन में मतगणना कर्मियों को मिला विशेष प्रशिक्षण




**गुमला।** नगर निकाय आम निर्वाचन 2026 के सफल, निष्पक्ष एवं पारदर्शी संचालन को सुनिश्चित करने के उद्देश्य से आज नगर भवन, गुमला में मतगणना कर्मियों का विशेष प्रशिक्षण कार्यक्रम आयोजित किया गया। प्रशिक्षण कार्यक्रम का निरीक्षण जिला निर्वाचन पदाधिकारी-सह-उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित द्वारा किया गया। उन्होंने प्रशिक्षण सत्र के दौरान उपस्थित कर्मियों से मतगणना प्रक्रिया से संबंधित विभिन्न बिंदुओं पर प्रश्न पूछकर उनकी तैयारी एवं समझ का आकलन किया। उपायुक्त ने कहा कि मतगणना निर्वाचन प्रक्रिया का अत्यंत महत्वपूर्ण चरण है, जिसमें शत-प्रतिशत सतर्कता, पारदर्शिता एवं निर्धारित दिशा-निर्देशों का अनुपालन अनिवार्य है। उन्होंने सभी कर्मियों को भारत निर्वाचन आयोग द्वारा जारी दिशा-निर्देशों का अक्षरश: पालन करने का निर्देश दिया। प्रशिक्षण के दौरान मतगणना कक्ष की व्यवस्था, टेबल मैनेजमेंट, प्रपत्रों की सही तरीके से प्रविष्टि, परिणाम संकलन एवं घोषणा की प्रक्रिया की विस्तृत जानकारी दी गई। साथ ही, संभावित आपत्तियों एवं पुनर्गणना की स्थिति में अपनाई जाने वाली विधि के संबंध में भी कर्मियों को प्रशिक्षित किया गया। इस अवसर पर अपर समाहर्ता, गुमला शशिंद्र कुमार बड़ाइक, भूमि सुधार उप समाहर्ता गुमला राजीव कुमार, अनुमंडल पदाधिकारी, चैनपुर पूर्णिमा कुमारी सहित सभी संबंधित निर्वाची पदाधिकारी एवं वरीय पदाधिकारी उपस्थित रहे। अधिकारियों ने प्रशिक्षण के दौरान कर्मियों को यह भी निर्देशित किया कि मतगणना कार्य पूर्ण निष्पक्षता, धैर्य एवं टीमवर्क के साथ संपन्न किया जाए, ताकि लोकतांत्रिक प्रक्रिया की गरिमा बनी रहे। जिला प्रशासन द्वारा मतगणना दिवस पर सभी आवश्यक व्यवस्थाएं-सुरक्षा, अभ्यर्थियों एवं अभिकर्ताओं के लिए निर्धारित स्थान, मीडिया समन्वय तथा नियंत्रण कक्ष सुनिश्चित किए जाएंगे। जिला प्रशासन, गुमला निर्वाचन प्रक्रिया को शांतिपूर्ण, पारदर्शी एवं विश्वसनीय बनाने के लिए पूर्णत: प्रतिबद्ध है।

### होली शांतिपूर्ण माहौल में मनाने की तैयारी, शांति समिति की बैठक

# कड़ी पेट्रोलिंग, ड्राई डे घोषित रहेगा शराब दुकानें रहेंगी बंद : डीडीसी

नवीन मेल संवाददाता



**गुमला।** आगामी होली पर्व को शांतिपूर्ण, सुरक्षित एवं सौहार्दपूर्ण वातावरण में संपन्न कराने को लेकर जिला प्रशासन पूरी तरह सतर्क है। इसी कड़ी में उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देश पर उप विकास आयुक्त दिलेश्वर महत्तो की अध्यक्षता में शांति समिति की महत्वपूर्ण बैठक आयोजित की गई, जिसमें पर्व के दौरान आवश्यक व्यवस्थाओं पर विस्तार से चर्चा की गई। बैठक में जानकारी दी गई कि 02 मार्च की रात 12 बजे के बाद होलिका दहन होगा, जबकि 03 मार्च को आंशिक रूप से होली एवं 04 मार्च को रंगों का मुख्य पर्व मनाया जाएगा।

#### बिजली, पानी, सफाई और सुरक्षा पर विशेष जोर

शांति समिति के सदस्यों ने पर्व के दौरान निर्बाध बिजली, पर्याप्त पेयजल आपूर्ति एवं शहर की साफ-सफाई सुनिश्चित करने की मांग रखी। गर्मी को देखते हुए होली के दिन नगर क्षेत्र में कम से कम दो बार जलापूर्ति करने का आग्रह किया गया। साथ ही खराब स्ट्रीट लाइटों की मरम्मत, ट्रांसफार्मर की जांच, सड़कों के गड्ढों की मरम्मत एवं गली-मोहल्लों में विशेष सफाई अभियान चलाने की बात कही गई। पालकोट रोड स्थित श्मशान घाट की सफाई सुनिश्चित करने का भी सुझाव दिया गया। डीडीसी दिलेश्वर महत्तो ने कहा कि गुमला आपसी भाईचारे और सौहार्द का प्रतीक रहा है, जहां सभी पर्व शांतिपूर्ण ढंग से मनाए जाते हैं। उन्होंने स्पष्ट किया कि होली के दिन ड्राई डे घोषित रहेगा और शराब की सभी दुकानें बंद रहेंगी। उन्होंने संबंधित विभागों को समिति के सुझावों पर तत्काल कार्रवाई करने का निर्देश दिया।

#### फेक न्यूज से सतर्क रहने की अपील

अनुमंडल पदाधिकारी राजीव नीरज ने सभी प्रखंडों में शांति समिति की बैठक सुनिश्चित करने और साफ-सफाई एवं ट्रैफिक व्यवस्था की रिपोर्ट देने का निर्देश दिया। उन्होंने लोगों से सोशल मीडिया पर फैलने वाली भ्रामक खबरों से सतर्क रहने और किसी भी संदिग्ध सूचना की जानकारी तुरंत प्रशासन को देने की अपील की।

#### सुबह 7 बजे से बड़े वाहनों के प्रवेश पर नियंत्रण

मुख्यालय डीएसपी वीरेंद्र टोप्पो ने बताया कि होली के दिन सुबह 7 बजे से शहर में बड़े वाहनों के प्रवेश पर नियंत्रण रखा जाएगा तथा संवेदनशील चौक-चौराहों पर अतिरिक्त पुलिस बल की तैनाती की जाएगी। साथ ही सोशल मीडिया की लगातार निगरानी भी की जाएगी। बैठक में अपर समाहर्ता शशिंद्र कुमार बड़ाइक, एसडीओ चैनपुर पूर्णिमा कुमारी, एसडीओ बसिया जयवंती देवगम सहित विभिन्न विभागों के अधिकारी, पुलिस पदाधिकारी, मीडिया प्रतिनिधि एवं शांति समिति के सदस्य उपस्थित रहे। जिला प्रशासन ने सभी नागरिकों से शांति, सौहार्द और भाईचारे के साथ होली मनाने की अपील करते हुए पर्व की अग्रिम शुभकामनाएं दी हैं।

### शादी की खुशियों के बीच हैवानियत

# चैनपुर में नाबालिग के साथ सामूहिक दुष्कर्म, केस दर्ज



नवीन मेल संवाददाता

**चैनपुर।** कुरुमगढ़ थाना क्षेत्र से मानवता को शर्मसार करने वाली एक घटना सामने आई है। यहां एक 15 वर्षीय नाबालिग लड़की के साथ सामूहिक दुष्कर्म किए जाने का मामला प्रकाश में आया है। पुलिस ने इस संबंध में मामला दर्ज कर जांच शुरू कर दी है। पीड़िता के पिता द्वारा थाने में दिए गए आवेदन के अनुसार, घटना 20 फरवरी 2026 की रात की है। पीड़िता गांव में ही आयोजित एक शादी समारोह में गई थी। रात करीब 8:30 बजे, जब वह वहां मौजूद थी, तभी एक ज्ञात युवक और उसके दो अज्ञात साथियों ने जबरन उसे उठा लिया और पास के जंगल में ले गए।आरोप है कि तीनों युवकों ने बारी-बारी से नाबालिग के साथ दुष्कर्म किया और घटना को अंजाम देकर वहां से फरार हो गए। पीड़िता ने घर लौटकर परिजनों को अपनी आपबीती सुनाई, जिसके बाद परिजनों ने आरोपियों की तलाश की लेकिन उनका कुछ पता नहीं चला।अगले दिन, 21 फरवरी 2026 को कुरुमगढ़ थाने में लिखित शिकायत दर्ज कराई गई। पुलिस ने त्वरित कार्रवाई करते हुए बीएनएस की धारा 70(2) और पॉक्सो की धारा 4/6 के तहत केस दर्ज किया है केस संख्या 02/2026 अंकित की गई है मामले की जांच की जिम्मेदारी एसआई संजय उरांव को सौंपी गई है।

### त्योहारों से पहले गुमला में मीट-चिकन दुकानों पर छापा

# बिना एनओसी के दुकान चलाने वालों को दी गई कड़ी चेतावनी

नवीन मेल संवाददाता




**गुमला।** आगामी त्योहारों को लेकर आमजन के स्वास्थ्य एवं खाद्य सुरक्षा को ध्यान में रखते हुए जिला प्रशासन ने सख्ती शुरू कर दी है। उपायुक्त प्रेरणा दीक्षित के निर्देश पर खाद्य सुरक्षा विभाग द्वारा शहर के मीट एवं चिकन दुकानों में सघन निरीक्षण अभियान चलाया गया। यह अभियान खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी प्रकाश चंद्र गुग्गी के नेतृत्व में संचालित किया गया। निरीक्षण के दौरान कई मटन एवं चिकन दुकानों में अनियमितताएं पाई गईं। विशेष रूप से स्थानीय निकाय से बिना अनापत्ति प्रमाण पत्र (एनओसी) लिए दुकान संचालन, खुले में मांस की बिक्री तथा अस्वच्छ वातावरण में कारोबार करने वाले दुकानदारों को अधिकारियों ने मौके पर ही कड़ी चेतावनी दी। अधिकारियों ने दुकानदारों को स्पष्ट निर्देश दिया कि वे निर्धारित स्थान पर ही मांस की बिक्री करें, सभी आवश्यक दस्तावेज उपलब्ध रखें तथा स्वच्छता एवं खाद्य सुरक्षा मानकों का सख्ती से पालन करें। खाद्य सुरक्षा पदाधिकारी ने कहा कि खाद्य सुरक्षा नियमों की अनदेखी किसी भी स्थिति में बर्दाश्त नहीं की जाएगी। नियमों का उल्लंघन करने वाले दुकानदारों के विरुद्ध विधि-सम्मत कार्रवाई की जाएगी। खाद्य सुरक्षा विभाग ने यह भी स्पष्ट किया कि त्योहारों के मद्देनजर आगे भी लगातार निरीक्षण एवं जागरूकता अभियान चलाए जाएंगे, ताकि लोगों को सुरक्षित एवं स्वच्छ खाद्य सामग्री उपलब्ध हो सके। जिला प्रशासन की इस कार्रवाई से मीट एवं चिकन दुकानदारों में हड़कंप मच गया है, वहीं आम लोगों ने इस पहल की सराहना की है।


**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल लातेहार**

अल्पकालीन निविदा आमंत्रण सूचना सं0– : 26/2025–26

दिनांक– 24.02.2026

1. विभाग का नाम :– भवन निर्माण विभाग
2. विज्ञापनदाता का नाम :– कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमंड़ल, लातेहार
3. परिमाण विपत्र प्राप्ति हेतु आवेदन की अंतिम तिथि एवं समय :– 10.03.2026 के 1.00 बजे अपराह्ण तक ।
4. निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय :– 11.03.2026 के 3.00 बजे अपराह्ण तक ।
5. निविदा खोलने की तिथि एवं समय :– 11.03.2026 के 3.30 बजे अपराह्ण तक ।
6. परिमाण विपत्र बिक्री का स्थान :– 1.अधीक्षण अभियंता, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02 रॉची के द्वारा प्राधिकृत स्थान एवं प्रतिनिधि के द्वारा। 2. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार। 3. सहायक अभियंता भवन अवर प्रमंड़ल, लातेहार के द्वारा प्राधिकृत स्थान पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार एवं प्रतिनिधि के द्वारा।

7 .निविदा प्राप्ति एवं खोलने का स्थान :– 1. पुलिस अधीक्षक का कार्यालय, लातेहार।
कार्य का नाम एवं अन्य सूचना :–

| क्र. सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि रु0 | अग्रधन राशि रु0 | परिमाण विपत्र का मूल्य रु0 | कार्य समाप्ति की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1. | 2. | 3. | 4. | 5. | 6. |
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बरवाडीह के पंचायत केचकी के ग्राम केचकी में बखोरीडेरा स्कूल से औरंगा नदी तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 3729300/- | 75000/- | 5000/- | 02 (Two ) Month |

नियम एवं शर्त कार्यालय के सूचना पट्ट या www.jharkhand.gov.in पर देखें ।

PR 373576 Building(25-26).D

कार्यपालक अभियंता, भवन प्रमण्डल, लातेहार



**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार**

अल्पकालीन ई–निविदा आमंत्रण सूचना।

(डी0एम0एफ0टी0 मद)

संख्या – EE/RDSD/LATEHAR/49/2025-26

1. कार्य की विस्तृत विवरणी:

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि | अग्रधन की राशि | परिमाण विपत्र का मूल्य | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|---|---|
| 1 | Construction of Bitumen Road From Entrance Gate no-03 to Football Ground at Integrated sport cum Knowledge center Bhusur Latehar | 16992300 | 340000 | 10000 | 12 माह |

2. निविदा प्रकाशन की तिथि – 26.02.2026
3. ई–निविदा प्राप्ति की तिथि एवं समय – दिनांक 28.02.2026 से दिनांक 14.03.2026 को अपराह्न 5:00 बजे तक।
4. ई–निविदा खोलने का स्थान – कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
5. ई–निविदा खोलने की तिथि एवं समय –16.03.2026 अपराह्न 2:00 बजे
6. ई–निविदा आमंत्रित करने वाले पदाधिकारी का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमण्डल, लातेहार।
7. ई–निविदा प्रकोष्ठ का दूरभाष सं० – 06565796434
8. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
10. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, उसी खाते में अग्रधन की राशि वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सारी जवाबदेही आपकी होगी।
11. बिना कारण बताये किसी एक या सभी कार्य की निविदा को रद्द करने का अधिकार अधोहस्ताक्षरी के पास सुरक्षित होगा।

विस्तृत जानकारी के लिये वेबसाईट www.jharkhandtenders.gov.in एवं कार्यालय की सूचना पट्ट पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण विकास विशेष प्रमंडल, लातेहार।

PR.NO.373604 Rural Development(25-26):D



**ई0 प्रोक्योरमेन्ट सेल**
**कार्यपालक अभियंता का कार्यालय भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार**

ई– प्रोक्योरमेन्ट नोटिस

ई–टेन्डर रेफरेन्स नं0–13/2025-26/EE/BCD/LATEHAR दिनांक– 24.02.2026

| क्र0 सं0 | कार्य का नाम | प्राक्कलित राशि (रू0) | कार्य पूर्ण करने की अवधि |
|---|---|---|---|
| 1 | लातेहार जिलान्तर्गत प्रखण्ड बरवाडीह के पंचायत केचकी के ग्राम केचकी में मेन रोड सेमल पेड़ नहर से महुराम टोला REO रोड तक पी0सी0सी0 पथ निर्माण। | 86,34,800 /- | 02 (Two) Months |

1. वेबसाईट पर निविदा प्रकाशन की तिथि :– 10/03/2026 को 11:00 बजे
2. बिड प्राप्ति के लिए अन्तिम तिथि/समय :– 24/03/2026 को 11:00 बजे
3. निविदा प्रकाशित करने वाले कार्यालय का नाम एवं पता :– कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार।
4. निविदा खोलने की तिथि/समय एवं स्थान :– 25/03/2026 को 11:30 बजे नोडल पदाधिकारी, ई0 प्रोक्योरमेन्ट सेल, अधीक्षण अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन अंचल सं0–02, राँची।
5. प्रोक्योरमेन्ट पदाधिकारी का सम्पर्क संख्या :– 9431501121
6. ई–प्रोक्योरमेन्ट सेल का हेल्पलाईन संख्या :– 8434414939
7. परिमाण विपत्र की राशि घट–बढ़ सकती है तद्नुसार अग्रधन की राशि देय होगी।
8. सूचना प्रौधोगिकी एवं ई–गवर्नेस विभाग, झारखण्ड सरकार के आदेश ज्ञापांक 120 दिनांक 03.10.2023 के द्वारा निर्गत SOP (मानक संचालन प्रक्रिया) एवं भवन निर्माण विभाग, झारखण्ड सरकार के पत्रांक 2229 दिनांक 06.10.2023 के आलोक में निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि केवल Online Mode द्वारा स्वीकार्य होगी।
9. निविदा शुल्क एवं अग्रधन की राशि का ई–भुगतान जिस खाता से किया जायेगा, SOP के तहत् अग्रधन की राशि उसी खाते में वापस होगी। अगर खाता को बंद कर दिया जाता है तो उसकी सम्पूर्ण जवाबदेही निविदादाता की होगी।

- अन्य किसी भी प्रकार के बदलाव की सूचना http://jharkhandtenders.gov.in पर देखा जा सकता है।

कार्यपालक अभियंता का कार्यालय, भवन निर्माण विभाग, भवन प्रमण्डल, लातेहार

PR 373575 (Building)25-26*D




# एआई भारत में समावेशी ग्रामीण विकास के एक मूलभूत चालक के रूप में उभर रहा है




## जिम्मेदारी के साथ उपयोग

नवंबर 2025 में इलेक्ट्रॉनिक्स और सूचना प्रौद्योगिकी मंत्रालय द्वारा लॉन्च किए गए इंडिया एआई गवर्नेंस दिशानिर्देश, एआई नीति को अनुप्रयोगों पर ध्यान केंद्रित करने से लेकर शासन ढांचे, सुरक्षा उपायों और संस्थागत तैयारियों पर ध्यान केंद्रित करते हैं। यह दृष्टिकोण, ग्रामीण भारत के लिए विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। ये दिशानिर्देश पक्षपात, बहिष्करण और अपारदर्शी निर्णय लेने के जोखिमों को कम करने के लिए निष्पक्षता, जवाबदेही और पारदर्शिता जैसे जन-केंद्रित सिद्धांतों को स्थापित करते हैं। यह स्वीकार करते हुए कि वैश्विक जोखिम मॉडल भारत के सामाजिक-आर्थिक संदर्भ को पूरी तरह से पकड़ नहीं सकते हैं, इसकी संरचना भारत-विशिष्ट जोखिम मूल्यांकन और सुरक्षा की वकालत करती है, विशेष रूप से कल्याण वितरण प्रणालियों में जहां स्वचालित उपकरण लक्ष्यीकरण और सेवा प्रावधान को प्रभावित करते हैं।

## ढांचे में चार प्रमुख घटक शामिल हैं

1. नैतिक और जिम्मेदार एआई के लिए सात मार्गदर्शक सिद्धांत (सूत्र)।
2. एआई शासन के छह स्तंभों में प्रमुख अनुशंसाएं।
3. लघु, मध्यम और दीर्घकालिक समयसीमा के लिए मानचित्रित एक कार्य योजना।
4. पारदर्शी और जवाबदेह एआई तैनाती सुनिश्चित करने के लिए उद्योग, डेवलपर्स और नियामकों के लिए व्यावहारिक दिशानिर्देश।

**नई दिल्ली ।** आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस (एआई) मशीनों की संज्ञानात्मक कार्यों जैसे सीखने, तर्क करने और निर्णय लेने की क्षमता को संदर्भित करता है। हाल के वर्षों में, एआई तेजी से प्रयोगात्मक उपयोग से व्यापक स्तर पर तैनाती की ओर बढ़ गया है, जो डेटा, कंप्यूटिंग शक्ति और कनेक्टिविटी में प्रगति से प्रेरित है।

भारत में, एआई को समावेशी कल्याण के दृष्टिकोण के साथ एक सामाजिक-उद्देश्य ढांचे के भीतर विकसित किया जा रहा है, जो इसे विशिष्टता के बजाय समानता और व्यापक-आधारित पहुंच के उद्देश्य से एक सार्वजनिक वस्तु के रूप में स्थापित करता है। सेवा वितरण को मजबूत करके, डेटा-संचालित शासन का समर्थन करके और हाशिए पर रहने वाले समुदायों को औपचारिक प्रणालियों में एकीकृत करके, एआई कृषि, स्वास्थ्य देखभाल, कौशल, रोजगार और स्थानीय शासन में ग्रामीण विकास के लिए विशेष रूप से प्रासंगिक है। इस दृष्टिकोण का लोक-केंद्रित अनुकूलन भारत-एआई प्रभाव शिखर सम्मेलन 2026 में परिलक्षित होता है, जो कृषि, स्वास्थ्य देखभाल, शिक्षा और शासन जैसे सेक्टरों में ग्रामीण आजीविका, सामाजिक समावेश और सेवा वितरण पर बल देता है। संस्थागत समन्वय को बढ़ावा देकर और इंडिया एआई मिशन और डिजिटल इंडिया के तहत सिद्ध उपयोग के मामलों को बढ़ाकर, इस समिट ने समान और सतत ग्रामीण विकास के लिए पायलट पहल से प्रणाली-व्यापी कार्यान्वयन में परिवर्तन का संकेत दिया है।

### समावेशी विकास के लिए राष्ट्रीय एआई नीति और शासन ढांचा

एआई के प्रति भारत का दृष्टिकोण एक दोहरे ढांचे पर आधारित है जो सभी सेक्टरों में, विशेष रूप से ग्रामीण और सामाजिक रूप से संवेदनशील संदर्भों में जिम्मेदार, पारदर्शी और न्यायसंगत तैनाती सुनिश्चित करने के लिए एक मजबूत शासन संरचना के साथ समावेशी विकास के लिए एक दूरदर्शी राष्ट्रीय रणनीति को जोड़ता है।

### आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए राष्ट्रीय रणनीतिः सभी के लिए एआई

नीति आयोग द्वारा जून 2018 में शुरू की गई आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के लिए राष्ट्रीय रणनीति, आवश्यक सेवाओं की पहुंच, सामर्थ्य और गुणवत्ता में सुधार करके भारत की विकास चुनौतियों का समाधान करने के लिए एआई की पहचान एक परिवर्तनकारी टूल के रूप में की गई है। चूंकि, ग्रामीण भारत को लगातार सेवा और बुनियादी ढांचे के अंतराल के कारण एक प्रमुख फोकस क्षेत्र के रूप में मान्यता दी गई है, यह समावेशी और सामाजिक रूप से उन्मुख विकास- विशेष रूप से वंचित सेक्टरों और क्षेत्रों को प्राथमिकता देता है।

कृषि, स्वास्थ्य सेवा और शिक्षा जैसे सेक्टरों में, एआई-सक्षम निर्णय-समर्थन प्रणाली और डेटा-संचालित प्लेटफार्मों की परिकल्पना अग्रिम पंक्ति के कार्यकर्ताओं और स्थानीय संस्थानों को मजबूत करने, व्यापक भौतिक बुनियादी ढांचे के विस्तार के बिना दूरदराज की आबादी को सेवाएं प्रदान करने के लिए की गई है। यह कार्यनीति मानव श्रम के विस्थापन के बजाय वृद्धि पर जोर देती है, एआई को किसानों, स्वास्थ्य कार्यकर्ताओं, शिक्षकों और प्रशासकों के लिए एक समर्थन प्रणाली के रूप में स्थापित करती है।

# अफगानिस्तान में भूकंप, रिक्टर स्केल पर 5.4 मापी गई तीव्रता

**एजेंसी । काबुल**

अफगानिस्तान-ताजिकिस्तान के सीमावर्ती इलाकों में भूकंप के तेज झटके महसूस किए गए हैं। बुधवार को आए भूकंप की तीव्रता जर्मनी के भूविज्ञान अनुसंधान केंद्र ने 5.4 बताई है। कुछ अन्य जगह 5.7 बताई गई है। सिन्हुआ न्यूज एजेंसी ने जीएफजेड जर्मन रिसर्च सेंटर फॉर जियोसाइंसेज के हवाले से बताया कि अफगानिस्तान-ताजिकिस्तान बॉर्डर इलाके में 5.6 तीव्रता का भूकंप आया। बुधवार को स्थानीय समयानुसार 4 बजकर 42 मिनट पर तेज झटकों से लोग सहम गए। भूकंप का केंद्र (एपिसेंटर) 36.93 डिग्री नॉर्थ अक्षांश और 71.61 डिग्री ईस्ट देशांतर पर स्थित था। जबकि हाइपोसेंटर जमीन की सतह से 90.2 किमी की गहराई पर दर्ज किया गया। भूकंप के झटके पड़ोसी देश पाकिस्तान में भी महसूस किए गए। पाकिस्तान के सिसमोलॉजी विभाग के अनुसार झटके इस्लामाबाद, स्वात, पेशावर, चित्राल और पाकिस्तान के दूसरे शहरों में भी महसूस किए गए। प्रभावित शहरों में रहने वालों ने तेज झटकों की सूचना दी, जिससे कई लोगों को घर और ऑफिस खाली करने पड़े और वे खुली जगहों पर सुरक्षित जगह पर चले गए। अभी तक किसी नुकसान या किसी के हताहत होने की कोई खबर नहीं है। 20 फरवरी को भी अफगानिस्तान के कुछ हिस्सों में 5.8 तीव्रता का भूकंप आया, जिससे काबुल और कई अन्य प्रांत हिल गए थे। अमेरिकी भूवैज्ञानिक सर्वेक्षण (यूएसजीएस) के अनुसार, भूकंप का केंद्र पंजशीर प्रांत की राजधानी बजारक से लगभग 38 किलोमीटर उत्तर-पश्चिम में था, जो 90 किलोमीटर की गहराई में दर्ज किया गया था।

# अमेरिका में बर्फीले तूफान से 11 हजार फ्लाइट रद्द, 5 लाख घरों की बिजली गुल

## 153 साल में पहली बार अखबार नहीं छप सका

**एजेंसी । वॉशिंगटन डीसी**



अमेरिका में भीषण तेज हवाओं और भारी बर्फबारी के कारण एयरपोर्ट पर रनवे बंद करने पड़े और कई जगह उड़ानों पर रोक लगानी पड़ी है। यहां रविवार से मंगलवार के बीच 11,055 से ज्यादा उड़ानें रद्द कर दी गईं। सिर्फ सोमवार को ही करीब 5,600 से 5,700 उड़ानें कैंसिल हुईं, जो देशभर की उड़ानों का लगभग 20% था। यह जानकारी फ्लाइट ट्रैकिंग कंपनी फ्लाइटअवेयर ने दी। नेशनल वेदर सर्विस के मुताबिक, रोड आइलैंड और मैसाचुसेट्स के कुछ हिस्सों में लगभग 37 इंच तक बर्फ गिरी। बर्फबारी की वजह से उत्तर-पूर्वी राज्यों में 6 लाख से ज्यादा घरों की बिजली चली गई। सोमवार शाम तक 5 लाख 19 हजार 232 घर और ऑफिस बिना बिजली के थे। भारी बर्फबारी के कारण द बोस्टन ग्लोब अपने 153 साल के इतिहास में पहली बार अखबार नहीं छाप सका क्योंकि कर्मचारी प्रिंटिंग प्रेस तक नहीं पहुंच पाए।

न्यूयॉर्क के सेंट्रल पार्क में रविवार से सोमवार के बीच करीब 20 इंच बर्फ दर्ज की गई, जबकि लॉन्ग आइलैंड के इस्लिप इलाके में 22 इंच से ज्यादा बर्फ पड़ी। प्रोविडेंस, रोड आइलैंड में 32.8 इंच बर्फबारी हुई, जिसने 1978 के पुराने रिकॉर्ड 28.6 इंच को तोड़ दिया। हालात इतने खराब हो गए कि कई राज्यों में इमरजेंसी घोषित करनी पड़ी। न्यूयॉर्क सिटी में स्कूलों, सड़कों, पुलों और हाईवे को अस्थायी रूप से बंद कर दिया गया। बाद में हालात सुधरने पर मेयर जोहरान ममदानी ने यह आदेश हटा लिया और कहा कि स्कूल मंगलवार को खुलेंगे। वहीं मैसाचुसेट्स की गवर्नर मॉरा हीली ने कुछ इलाकों में ट्रैवल बैन लागू किया और लोगों से घर में रहने की अपील की। रोड आइलैंड के गवर्नर डैन मैकी ने भी पूरे राज्य में ट्रैवल बैन लगा दिया। न्यूयॉर्क की गवर्नर कैथी होचुल ने भी पूरे राज्य में इमरजेंसी की घोषणा की और नेशनल गार्ड को अलर्ट पर रखा है।

# भोपाल-धनबाद व भोपाल-चोपन एक्सप्रेस को हरी झंडी

- संपर्क व व्यापार को मिलेगा बढ़ावा

**नई दिल्ली।** रेल मंत्री अश्विनी वैष्णव ने रेल भवन, नई दिल्ली से वर्चुअल माध्यम से भोपाल-धनबाद-भोपाल (11631/32) त्रि-साप्ताहिक और भोपाल-चोपन-भोपाल (11633/34) साप्ताहिक एक्सप्रेस ट्रेनों को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर भोपाल स्टेशन पर आयोजित समारोह में मध्य प्रदेश के मुख्यमंत्री मोहन यादव सहित कई जनप्रतिनिधि उपस्थित रहे। नई ट्रेनों से मध्य प्रदेश का उत्तर प्रदेश और झारखंड से सीधा संपर्क मजबूत होगा। भोपाल-धनबाद एक्सप्रेस 30 स्टेशनों पर ठहरेगी और एसी, स्लीपर व जनरल सहित 24 कोचों के साथ चलेगी। वहीं भोपाल-चोपन एक्सप्रेस 15 स्टेशनों पर ठहराव के साथ संचालित होगी। इन सेवाओं से विदिशा, बीना, सागर, कटनी, सिंगरौली, चोपन और धनबाद जैसे प्रमुख शहरों को सीधी कनेक्टिविटी मिलेगी। श्री वैष्णव ने कहा कि मध्य प्रदेश में रेल विकास अभूतपूर्व गति से हो रहा है। लगभग 48,000 करोड़ रुपये की परियोजनाओं को मंजूरी दी गई है। इंदौर-मनमाड़ नई लाइन, इटारसी-भोपाल-बीना चौथी लाइन और वडोदरा-रतलाम परियोजनाएं राज्य की क्षमता बढ़ाएंगी।

उन्होंने बताया कि डंकुनी से सूरत तक प्रस्तावित 2,052 किमी लंबा समर्पित माल गलियारा मध्य प्रदेश के औद्योगिक विकास को नई मजबूती देगा और पश्चिमी बंदरगाहों से बेहतर संपर्क सुनिश्चित करेगा। मुख्यमंत्री डॉ. मोहन यादव ने कहा कि नई रेल सेवाएं क्षेत्रीय विकास, व्यापार, ऊर्जा और खनन क्षेत्रों को बढ़ावा देंगी। केंद्रीय बजट 2026-27 में रेलवे के लिए रिकॉर्ड 2.93 लाख करोड़ रुपये के पूंजीगत व्यय का प्रावधान किया गया है। मध्य प्रदेश में वर्तमान में 1.18 लाख करोड़ रुपये की परियोजनाएं प्रगति पर हैं और राज्य में रेलवे लाइनों का 100% विद्युतीकरण पूरा हो चुका है।

# अफगानिस्तान से डरा पाकिस्तान! मंत्री बोले- हम पर हो सकती है जवाबी कार्रवाई

**एजेंसी । इस्लामाबाद**



अफगानिस्तान के सीमावर्ती इलाकों पर एयरस्ट्राइक कर अपनी बहादुरी के कसीदे गढ़ रहा पाकिस्तान अब खौफजदा है। इसकी वजह अफगानिस्तान ही है। इस्लामाबाद को डर है कि कहीं काबुल अपना बदला लेने के लिए जवाबी हमला न कर दे। पाकिस्तान के गृह मंत्री तलाल चौधरी ने खुद ये बयान दिया है। उन्होंने इस मुकाबले से लड़ने के लिए पूरे देश में सुरक्षा व्यवस्था चाक चौबंद करने का दम भी भरा है। बुधवार को चौधरी ने ये बातें रॉयटर्स न्यूज एजेंसी से कही। चौधरी ने बताया, "किसी भी हमले से निपटने के लिए हमारी सेना हाई-अलर्ट पर है। आप जानते हैं कि जब भी हम अफगानिस्तान के मिलिटेंट ठिकानों पर हमला करते हैं, तो वो हमेशा जवाबी हमला करते हैं। पाकिस्तान ने पिछले हफ्ते अफगानिस्तान के रिहायशी इलाकों पर एयरस्ट्राइक की थी। काबुल ने कहा था कि इस हमले में कई आम नागरिकों की जान गई है, तो पाकिस्तान ने कहा कि उनके निशाने पर अफगानिस्तान के आतंकी समूह थे, जिन्हें वह पाक के अंदर हाल ही में हुए कई आत्मघाती हमलों का जिम्मेदार मानता है। इस्लामाबाद का आरोप है कि काबुल ने लड़ाकों को अफगानिस्तान को एक सुरक्षित पनाहगाह के तौर पर इस्तेमाल करने की इजाजत दे रखी है। हालांकि तालिबान ने इन आरोपों से इनकार करते हुए हमेशा कहा है कि मिलिटेंसी पाकिस्तान की अंदरूनी समस्या है। प्रमुख स्थानीय दैनिक डॉन के अनुसार पाकिस्तानी और अफगान सेनाओं के बीच मंगलवार को सीमा पर गोलीबारी हुई थी, जिसमें दोनों पक्षों ने एक-दूसरे पर झड़प शुरू करने का आरोप लगाया था।

# नेपाल में मतदान से 72 घंटे पहले भारत और चीन से लगी सीमा बंद करने का फैसला

**एजेंसी । काठमांडू**

नेपाल में संसदीय चुनावों को शांतिपूर्ण, निष्पक्ष और सुव्यवस्थित ढंग से संपन्न कराने के उद्देश्य से भारत और चीन से लगी सीमा को तीन दिनों के लिए पूर्णतः बंद रखने का निर्णय लिया है। प्रधानमंत्री सुशीला कार्की की अध्यक्षता में आज सिंहदरबार में हुई सुरक्षा परिषद की बैठक में 2 मार्च को रात 12 बजे से लेकर 5 मार्च को शाम 7 बजे तक भारत और चीन से जुडी सभी सीमाओं को सील करने का निर्णय लिया गया है। बैठक में प्रधानमंत्री कार्की के अलावा गृहमंत्री सहित सभी सुरक्षा बल के प्रमुखों की उपस्थिति रही। यह कदम अवांछित गतिविधियों, अवैध आवागमन, धन तथा आपत्तिजनक सामग्रियों की तस्करी पर रोक लगाने के लिए उठाया गया है। गृहमंत्री ओमप्रकाश अर्याल ने बुधवार को बताया कि सीमा सील रहने की अवधि में आम नागरिकों की आवाजाही, छोटे व्यापारिक आवागमन तथा निजी वाहनों का प्रवेश-निकास प्रतिबंधित रहेगा। हालांकि, अत्यावश्यक सेवाओं जैसे एंबुलेंस, कूटनीतिक मिशन, और विशेष अनुमति प्राप्त आपातकालीन मामलों में आवश्यक समन्वय के बाद अनुमति दी जा सकती है। निर्वाचन सुरक्षा को मजबूत बनाने के लिए नेपाली सेना, सशस्त्र पुलिस बल, नेपाल पुलिस और अन्य सुरक्षा एजेंसियों को सीमा क्षेत्रों में अतिरिक्त रूप से तैनात किया गया है। सुरक्षा निगरानी बढ़ाने के साथ-साथ संवेदनशील क्षेत्रों में विशेष चेकिंग अभियान भी चलाया जाएगा। निर्वाचन आयोग नेपाल ने स्पष्ट किया है कि यह निर्णय चुनाव की पारदर्शिता और विश्वसनीयता बनाए रखने के लिए आवश्यक है।


# ब्राजील में बाढ़ से 25 की मौत, सैकड़ों बेघर रिकॉर्ड मूसलाधार बारिश के बाद भूस्खलन



**नई दिल्ली ।** ब्राजील के दक्षिण-पूर्वी राज्य मिनास गेरैस में भारी बारिश के कारण आई बाढ़ और भूस्खलन से कम से कम 25 लोगों की मौत हो गई है। सोमवार शाम शुरू हुई तेज बारिश के बाद सबसे ज्यादा तबाही जुइज दे फोरा और उबा शहर में हुई। अधिकारियों के अनुसार जुइज दे फोरा में 18 और उबा में 7 लोगों की जान गई। कई घर और इमारतें ढह गईं। दर्जनों लोग अब भी लापता हैं और रेस्क्यू ऑपरेशन जारी है।

# 40 साल का सफर और 'सूबेदार' का जोश!

## अनिल कपूर बोले- 'सिनेमा ने मुझे हमेशा चुनौती दी है'




भारतीय सिनेमा के इतिहास में अनिल कपूर एक ऐसे अभिनेता के रूप में उभरे हैं, जिन्होंने समय की सीमाओं को मात देते हुए खुद को हर दौर में प्रासंगिक बनाए रखा है। उनकी सबसे बड़ी खूबी उनका अतुलनीय अनुशासन और कभी न खत्म होने वाला उत्साह है, जो चार दशकों के बाद भी उन्हें युवा कलाकारों के समकक्ष खड़ा करता है। अपनी फिटनेस के प्रति समर्पण हो या हर किरदार में जान फूँकने की कला, अनिल कपूर ने खुद को केवल एक 'सितारे' तक सीमित नहीं रखा, बल्कि एक 'वर्सेटाइल परफॉर्मर' के रूप में स्थापित किया। उनकी सहजता और काम के प्रति उनका 'झक्कास' जुनून ही है जो उन्हें बॉलीवुड का सदाबहार नायक बनाता है। अभिनेता अनिल कपूर ने अपने 40 से अधिक वर्षों के करियर में हर तरह की भूमिकाएं निभाई हैं। बॉलीवुड सितारे का कहना है कि सिनेमा में उनका शानदार सफर उनके अंदर के अभिनेता को लगातार प्रेरित करता है और उसे चुनौती देता रहता है। कपूर अपनी अगली फिल्म "सूबेदार" में एक सेवानिवृत्त सैनिक की भूमिका निभा रहे हैं और उन्होंने कहा कि इस फिल्म के एक्शन दृश्यों ने उनकी खूब परीक्षा ली।

# सीजेआई ने एनसीईआरटी की किताब में 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' चैप्टर होने पर कहा- 'यह सोचा -समझा कदम है'

- वकील सिब्बल व सिंघवी ने कहा -'किताब में नौकरशाही या राजनीति में भ्रष्टाचार पर एक शब्द नहीं है, सिर्फ न्यायपालिका को निशाना बनाया गया'

**ब्यूरो**

**नई दिल्ली ।** केन्द्रीय शिक्षा मंत्रालय के यूजीसी द्वारा हाल ही में उच्च शिक्षण संस्थानों में अगड़ी जातियों के छात्रों से विभेद की स्थिति बना देने और पिछड़े व दलित जातियों के हर मामले की सुनवाई के लिए इन जातियों के पदाधिकारियों वाली समता कमेटी बनाने का फरमान जारी करने , और उस पर देश में बढ़ती नाराजगी व विरोध और सुप्रीम कोर्ट द्वारा रोक लगा देने के बाद अब फिर केन्द्र सरकार के ही शिक्षा मंत्रालय द्वारा एनसीईआरटी की कक्षा 8 की किताब में'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' पर एक चैप्टर होने का प्रमाण सहित मामला सामने आया है।जबकि केन्द्र सरकार , नौकरशाही व सत्ताधारी पार्टी , राजनीति में भ्रष्टाचार पर न तो कोई चैप्टर, नहीं कोई शब्द है।यह मामला जब भारत के मुख्य न्यायाधीश सूर्यकांत के सामने पहुंचा तो उन्होंने एनसीईआरटी की कक्षा 8 की सोशल साइंस किताब में 'न्यायपालिका में भ्रष्टाचार' वाले अध्याय पर कड़ी नाराजगी जताई । उन्होंने इसे (केन्द्र सरकार का, शिक्षा मंत्रालय )सोचा-समझा कदम बताते हुए खुद नोटिस लेने की बात कही।25 फरवरी 2026 को सीजेआई सूर्यकांत, जस्टिस विपुल एम. पंचोली और जस्टिस जॉयमाल्या बागची की बेंच के समक्ष यह मामला वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल व अभिषेक मनु सिंघवी ने उठाया। सीजेआई ने कहा, "मुझे पूरी जानकारी है, यह ज्यूडिशियल संस्था के लिए चिंता की बात है। मैं किसी को भी संस्था को बदनाम नहीं करने दूंगा।" जस्टिस बागची ने इसे संविधान के बेसिक स्ट्रक्चर के खिलाफ बताया। एनसीईआरटी की 23 फरवरी 2026 को जारी किताब 'एक्सप्लोरिंग सोसायटीः इंडिया एंड बियॉन्ड पार्ट 2' में 'द रोल ऑफ द ज्यूडीशियरी इन अवर सोसायटी' टॉपिक के तहत न्यायपालिका में भ्रष्टाचार और पेंडिंग केसों का जिक्र है। किताब में सुप्रीम कोर्ट में 81,000, हाईकोर्ट्स में 62.40 लाख, और डिस्ट्रिक्ट कोर्ट्स में 4.70 करोड़ पेंडिंग केस बताए गए हैं। इसमें 'जस्टिस डिलेड इज जस्टिस डिनाइड' उद्धरण, जजों का कोड ऑफ कंडक्ट, सीपीग्राम्स के जरिए 2017-2021 में 1,600+ शिकायतें, और इंपीचमेंट प्रक्रिया का वर्णन है। पूर्व सीजेआई बी.आर. गवई के जुलाई 2025 के बयान का भी हवाला दिया गया है।

| कोर्ट स्तर | पेंडिंग केस (किताब के अनुसार) |
|---|---|
| सुप्रीम कोर्ट | 81,000 |
| हाईकोर्ट्स | 62.40 लाख |
| डिस्ट्रिक्ट/सबऑर्डिनेट | 4.70 करोड़ |

वकीलों की आपत्ति- वरिष्ठ वकील कपिल सिब्बल और अभिषेक मनु सिंघवी ने कहा कि किताब में ब्यूरोक्रेसी या पॉलिटिक्स में भ्रष्टाचार पर एक शब्द नहीं, सिर्फ न्यायपालिका को निशाना बनाया गया। यह बच्चों को गलत संदेश दे रहा है। सीजेआई ने सभी हितधारकों की चिंता स्वीकार करते हुए खुद जांच का भरोसा दिया। विवाद बढ़ने पर किताब एनसीईआरटी वेबसाइट से हटा ली गई और 24 फरवरी से ऑफलाइन बिक्री बंद। सरकार ने विवादित हिस्सा हटाने की घोषणा की। किताबें एनईपी-2020 और एनसीएफ के तहत 2025 से नई हैं, 2026-27 सेशन से लागू होनी थीं।

# इमरान खान के प्रति पीटीआई के रवैए से नाखुश बहन अलीमा



**इस्लामाबाद ।** पाकिस्तान के पूर्व प्रधानमंत्री इमरान खान के इलाज का मसला अब पक्ष विपक्ष का ही नहीं रह गया है बल्कि परिवार और पार्टी भीतर के असंतोष का भी मामला बन गया है। पाकिस्तान-तहरीक-ए-इंसाफ के संस्थापक इमरान खान की बहन अलीमा खानम ने पार्टी नेतृत्व पर ही सवाल खड़े किए हैं। बुधवार को पूर्व प्रधानमंत्री के मेडिकल ट्रीटमेंट को लेकर किए गए फैसलों पर पार्टी नेतृत्व की कड़ी आलोचना की। अलीमा ने मीडिया के सामने अपना दर्द और आक्रोश जाहिर किया। हालांकि, उनकी पार्टी (पीटीआई) ने इस प्रक्रिया को लेकर बरती जा रही 'सीक्रेसी' और परिवार के सदस्यों को इससे पूरी तरह बाखबर न रखने पर ऐतराज जताया था। विपक्ष ने भी बार-बार मांग की है कि जेल में बंद इमरान के केस की जल्द सुनवाई की जाए।

## चंपाई सोरेन के पोते के निधन पर सीएम हेमंत सोरेन ने जताया शोक



**रांची।** पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के पोते वीर सोरेन के निधन पर मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन ने शोक जताया है। उन्होंने शोक जताते हुए कहा कि वीर के आकस्मिक निधन का अत्यंत मर्माहत करने वाला समाचार मिला। मरांग बुरु दिवगंत आत्मा को शांति प्रदान कर शोकाकुल परिजनों को दुःख की घड़ी सहन करने की शक्ति दें। इस दुखद घड़ी में हम उनके साथ हैं।

## वीर सोरेन के असामयिक निधन पर डॉ. प्रदीप वर्मा ने जताई संवेदना

**रांची।** हिमाचल प्रदेश के कुल्लू में झारखंड के पूर्व मुख्यमंत्री चंपाई सोरेन के पोते एवं भाजपा नेता बाबूलाल सोरेन के सुपुत्र वीर सोरेन के असामयिक निधन हुआ है। इस पर भाजपा प्रदेश महामंत्री व राज्यसभा सांसद डॉ. प्रदीप कुमार वर्मा ने इस दुःखद घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया। वहीं कहा कि वीर सोरेन का असमय निधन अत्यंत पीड़ादायक एवं हृदयविदारक है। एक युवा जीवन का इस प्रकार अचानक समाप्त हो जाना न केवल परिवार, बल्कि समस्त समाज के लिए अपूरणीय क्षति है। डॉ. वर्मा ने ईश्वर से प्रार्थना की कि दिवंगत आत्मा को अपने श्रीचरणों में स्थान प्रदान करें तथा शोकाकुल परिवार विशेषकर बाबूलाल सोरेन एवं उनके परिजनों को इस असहनीय दुःख को सहन करने की शक्ति दें। उन्होंने कहा कि इस दुःख की घड़ी में भाजपा परिवार शोकाकुल परिजनों के साथ खड़ा है और अपनी गहरी संवेदना व्यक्त करता है।

## महिला की हत्या में सत्यनारायण मुंडा को उम्रकैद की सजा

**रांची।** तमाड़ थाना क्षेत्र में महिला की निर्मम हत्या में अपर न्यायायुक्त श्याम नंदन तिवारी की अदालत ने बुधवार को सत्यनारायण मुंडा को उम्रकैद की सजा सुनाई। उस पर 10 हजार का जुर्माना भी लगा है। पैसे जमा नहीं करने पर छह माह की अतिरिक्त सजा काटनी होगी। घटना तमाड़ थाना क्षेत्र के राबो गांव में 2022 में हुई थी। सुनवाई में एपीपी सिद्धार्थ सिंह ने ठोस साक्ष्य व गवाह पेश किए। अभियोजन के अनुसार, 48 वर्षीय मंगरी देवी जंगल से लकड़ी लेकर आ रही थी।

# झारखंड विधानसभा : राज्य के खराब पड़े हैंडपंप की मरम्मत का मुद्दा उठा

**नवीन मेल संवाददाता**

**रांची।** झारखंड विधानसभा में बजट सत्र के छठे दिन बुधवार को सारठ विधायक उदय शंकर सिंह ने अल्पसूचित प्रश्न के माध्यम से राज्य के खराब हैंडपंप की मरम्मत का मुद्दा उठाया। जल संसाधन विभाग के मंत्री योगेंद्र प्रसाद ने इसके जवाब में कहा कि विभाग ने सभी खराब हैंडपंप की मरम्मत के लिए तैयारी पूरी कर ली है। टोल-फ्री नंबर जारी किया गया है, ताकि नागरिक अपनी शिकायतें सीधे विभाग को भेज सकें। शिकायतें मिलने पर विभाग तुरंत कार्रवाई करेगा। विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने भी गर्मी में पानी की समस्या को लेकर चिंता जताई। विधायक और अध्यक्ष दोनों ने कहा कि मरम्मत कार्य जल्द से जल्द पूरा होना चाहिए ताकि जनता को राहत मिल सके।

### पेयजल आपूर्ति की समस्या को लेकर सवाल

सदन में विधायक सुरेश पासवान ने देवघर शहर में पेयजल आपूर्ति की समस्या को लेकर सवाल उठाया। उन्होंने पूछा कि पुनाशी जलाशय से देवघर शहर तक पाइप बिछाकर जलापूर्ति सुनिश्चित करने की परियोजना में देरी क्यों हो रही है। इस पर नगर विकास मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने जवाब दिया कि इकरारनामा के अनुसार परियोजना को पूर्ण करने की तिथि जुलाई 2023 निर्धारित थी। हालांकि चिन्हित वन भूमि पर वाटर ट्रीटमेंट प्लांट और ग्राउंड लेवल सर्विस रिजर्वायर के निर्माण के लिए वन विभाग से एनओसी नहीं मिलने के कारण कार्य में विलंब हुआ।



### 24 घंटे बिजली की आपूर्ति कर रही सरकार : अनंतप्रताप

**रांची।** झारखंड विस में बजट पर चल रही चर्चा के दौरान बुधवार को सत्ता पक्ष की ओर से विधायक अनंत प्रतापदेव ने कहा कि पूर्व की सरकार में भवनाथपुर में एक से दो घंटे ही बिजली आपूर्ति होती थी। लेकिन मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के नेतृत्व में बनी झारखंड में सरकार बनने के साथ ही राज्यभर में 22 से 24 घंटे तक बिजली आपूर्ति सुनिश्चित की जा रही है। उन्होंने कहा कि न सिर्फ बिजली बल्कि सरकार ने सड़क, पुल और पुलिया निर्माण के लिए भी बेहतर कार्य कर रही है। बजट में भी इसके प्रावधान किए गए हैं। इसपर भाजपा विधायक नवीन जायसवाल ने कहा कि पूर्व की सरकार में जितना कार्य किए गए हैं हेमंत सरकार में दूर-दूर तक नजर नहीं आती है। इस सरकार से कोई और उम्मीद भी नहीं की जा सकती है। अनंत प्रतापदेव ने कहा कि विपक्ष अक्सर सवाल उठाता है, लेकिन राज्य सरकार ने विकास को गति देने का काम किया है। उन्होंने कहा कि बेहतर शासन और कुशल व्यवस्था के कारण ही यह संभव हो पाया है। उन्होंने कहा कि बजट में कृषि ऋण की सीमा बढ़ाकर किसानों को राहत दी गई है, जिससे वे सीधे तौर पर लाभान्वित होंगे। बजट में देश में पहली बार सर्वजन पेंशन योजना लागू कर 15 प्रतिशत की वृद्धि की गई है। उन्होंने भवनाथपुर विधानसभा क्षेत्र में सरकार की ओर से शुरू किए गए योजनाओं का उल्लेख किया। चर्चा के दौरान भाजपा सदस्य नवीन जायसवाल और नीरा यादव ने बीच में हस्तक्षेप करते हुए सरकार के दावों को गलत बताया। इसपर सदन में कुछ देर के लिए हंगामे की स्थिति उत्पन्न हो गई और स्पीकर रबींद्रनाथ महतो को हस्तक्षेप करना पड़ा।

### पुल निर्माण में आ रही समस्या का मुद्दा उठाया

सदन में विधायक अमित कुमार यादव ने अल्पसूचित प्रश्न के माध्यम से ग्राम सेतु योजना के तहत पुल निर्माण में आ रही समस्याओं का मुद्दा उठाया। उन्होंने कहा कि कभी-कभी पुल की लंबाई ज्यादा होने के कारण 10 करोड़ रूपये की निर्धारित राशि कम पड़ जाती है। सदन में विधानसभा अध्यक्ष रवींद्रनाथ महतो ने भी अपनी पीड़ा साझा करते हुए कहा कि पिछले 15 सालों में उनके विधानसभा क्षेत्र में एक पुल का निर्माण नहीं हो सका, जिसका मुख्य कारण निर्माण लागत की अधिकता रही। इस पर ग्रामीण विकास मंत्री दीपिका पांडे सिंह ने स्पष्ट किया कि विधायक की अनुशंसा पर अधिकतम 10 करोड़ रुपए की स्वीकृति देने का प्रावधान है। इससे अधिक लागत आने पर अतिरिक्त राशि स्वीकृत नहीं की जा सकती। विधायकों ने कहा कि योजना में वित्तीय सीमा के कारण विकास कार्य प्रभावित हो रहे हैं लेकिन मंत्री ने स्पष्ट किया कि यह सीमा नियमावली के अनुसार तय की गई है। इसका पालन अनिवार्य है।

**थानों में सीसीटीवी लगाने की निविदा पर बाबूलाल ने उठाए सवाल**

## मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से की निविदा रद्द करने की मांग

**नवीन मेल संवाददाता**



**रांची।** राज्य के सभी थानों में सीसीटीवी कैमरे लगाने की निविदा प्रक्रिया को लेकर पूर्व मुख्यमंत्री एवं भाजपा नेता बाबूलाल मरांडी ने गंभीर अनियमितताओं का आरोप लगाया है। उन्होंने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन को पत्र लिखकर निविदा को तत्काल रद्द करने और दोषी अधिकारियों पर कार्रवाई की मांग की है।

श्री मरांडी ने अपने पत्र में कहा है कि जेएपीटीआई द्वारा जारी निविदा में राज्य सरकार के निर्धारित क्रय मापदंडों का उल्लंघन किया गया है। उन्होंने आरोप लगाया कि कैबिनेट के निर्देशों के बावजूद निविदा जेम पोर्टल पर जारी नहीं की गई, बल्कि झारखंड टेंडर्स के माध्यम से प्रकाशित की गई।

पत्र में यह भी उल्लेख है कि जेएपीआईटी के सीईओ ने विभागीय सचिव को पत्र लिखकर कुछ बिंदुओं पर घटनोत्तर स्वीकृति मांगी है, जिससे प्रक्रिया पर संदेह उत्पन्न होता है। श्री मरांडी ने आरोप लगाया कि निविदा में "प्रोक्योरमेंट ऑफ प्रोडक्ट्स" के बजाय "सर्विस प्रोवाइडर" शब्द का प्रयोग कर नियमों में हेरफेर किया गया।

उन्होंने यह भी कहा कि मूल्यांकन प्रक्रिया में विभागीय स्तर पर पारदर्शिता नहीं बरती गई और संबंधित कर्मचारियों को बाहर रखा गया। साथ ही संविदा कर्मियों पर दबाव डालने और एक विशेष कंपनी को लाभ पहुंचाने की आशंका भी जताई।

मरांडी ने मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन से मांग की है कि उच्च न्यायालय के आदेश के आलोक में पारदर्शी प्रक्रिया सुनिश्चित की जाए तथा संभावित भ्रष्टाचार को रोकने के लिए तत्काल हस्तक्षेप किया जाए।

## आरपीएफ ने 16 किलो गांजा किया जब्त, चार नाबालिग का रेस्क्यू

**रांची।** रांची रेल मंडल में आरपीएफ द्वारा मादक पदार्थों की तस्करी और मानव तस्करी के खिलाफ बड़ी कार्रवाई की गई है। कमांडेंट पवन कुमार के निर्देशन में आरपीएफ पोस्ट रांची, हटिया और फ्लाइंग टीम ने अलग-अलग अभियान में 16 किलो गांजा जब्त किया है। साथ ही चार नाबालिग बच्चों को सुरक्षित रेस्क्यू किया है। ऑपरेशन "नार्कोस" के तहत रांची रेलवे स्टेशन पर विशेष चेकिंग अभियान चलाया गया। ट्रेन संख्या 18309 एक्सप्रेस के आगमन पर कोच S-7 की जांच के दौरान सीट संख्या 04 पर बैठे एक यात्री के पास नीले रंग का पिट्ठू बैग संदिग्ध अवस्था में पाया गया। पूछताछ में उसने अपना नाम मोहन सिंह (41 वर्ष), निवासी सुंदरगढ़ (ओडिशा) बताया। तलाशी लेने पर उसके बैग से प्लास्टिक में लिपटा गांजा बरामद हुआ। उसके बयान के आधार पर उसी कोच की सीट संख्या 64 पर बैठे राहुल पांडेय (32 वर्ष), निवासी गाजीपुर (उत्तर प्रदेश) की तलाशी ली गई। उसके बैग से भी गांजा बरामद किया गया। दोनों के पास से कुल 8 पैकेट गांजा (5 पैकेट मोहन सिंह और 3 पैकेट राहुल पांडेय के पास से) जब्त किए गए। बरामद गांजे का कुल वजन 16 किलोग्राम पाया गया, जिसकी अनुमानित कीमत करीब 8 लाख रुपये बताई जा रही है। पूछताछ में दोनों आरोपियों ने स्वीकार किया कि वे गांजा ओडिशा से खरीदकर उत्तर प्रदेश में अवैध बिक्री के उद्देश्य से ले जा रहे थे। एनडीपीएस एक्ट की धाराओं के तहत मामला दर्ज कर दोनों को गिरफ्तार कर लिया गया और जब्त गांजा सहित जीआरपी रांची को सौंप दिया गया। इसी क्रम में 24 और 25 फरवरी की दरमयानी रात ट्रेन संख्या 12825 (झारखंड संपर्क क्रांति एक्सप्रेस) के आगमन पर आरपीएफ पोस्ट रांची ने ऑपरेशन "एएचटी" के तहत जांच अभियान चलाया। जांच के दौरान एक महिला दो नाबालिग बालिकाओं के साथ संदिग्ध स्थिति में पाई गई। पूछताछ में महिला ने अपना नाम रेशमा देवी (40 वर्ष), निवासी दिल्ली बताया। वहीं पूछताछ में दोनों नाबालिग लड़कियों ने बताया कि वे दोनों सिमडेगा की निवासी हैं और घरेलू काम के लिए दिल्ली जा रही हैं। गहन पूछताछ में खुलासा हुआ कि महिला उन्हें घरेलू कार्य में लगाने के नाम पर प्रति बालिका 14-15 हजार वेतन तय कर स्वयं कमीशन लेने वाली थी।

### 24 को दो बालकों का किया गया था रेस्क्यू

24 फरवरी को ही हटिया रेलवे स्टेशन पर "ऑपरेशन नन्हे फरिश्ते" के तहत आरपीएफ पोस्ट हटिया और डीएनएफटी टीम ने प्लेटफॉर्म संख्या 1 पर दो नाबालिग बालकों को संदिग्ध अवस्था में घूमते पाया। पूछताछ में दोनों ने अपना पता चतरा बताया। दोनों बालकों ने बताया कि वे घर से डांट खाने के बाद भाग आए थे और मजदूरी करने के लिए बेंगलुरु जाने की योजना बना रहे थे। मामले की गंभीरता को देखते हुए तत्काल चाइल्ड लाइन रांची को सूचना दी गई और सभी औपचारिकताएं पूरी कर दोनों को परामर्श और संरक्षण के लिए सुपुर्द किया गया।

## न्यूज बॉक्स

### संयुक्त सचिव पद पर प्रोन्नति विवाद में हाईकोर्ट ने राज्य से मांगा जवाब




**रांची।** हाईकोर्ट के जस्टिस आनंद सेन की अदालत में संयुक्त सचिव पद पर प्रोन्नति की मांग को लेकर दायर याचिका पर बुधवार को सुनवाई हुई। सुनवाई के बाद अदालत ने राज्य सरकार से जवाब तलब किया है। मामले की अगली सुनवाई आठ सप्ताह बाद होगी। यह याचिका हरिवंश पंडित एवं अन्य की ओर से दाखिल की गई है। प्रार्थियों की ओर से अदालत को बताया गया कि वे सभी अपर समाहर्ता रैंक के अधिकारी हैं और जेपीएससी के प्रथम बैच से संबंधित हैं। याचिकाकर्ताओं ने कोर्ट को बताया कि उनके बैच से कनीय अधिकारियों को संयुक्त सचिव पद पर प्रोन्नति दे दी गई है, जबकि उन्हें अब तक पदोन्नति नहीं मिली है। याचिका में यह भी कहा गया कि राज्य सरकार में संयुक्त सचिव के करीब 25 पद वर्तमान में रिक्त हैं। प्रार्थियों का कहना है कि वर्ष 2025 में चार अधिकारियों को संयुक्त सचिव पद पर प्रोन्नत किया गया, जिनमें उनके बैच का एक कनीय अधिकारी भी शामिल है। उनका दावा है कि वे भी संयुक्त सचिव पद की सभी अर्हताएं पूरी करते हैं, इसलिए उन्हें भी पदोन्नति का लाभ दिया जाना चाहिए।

### मनी लाउंड्रिंग केस में पूर्व मंत्री कमलेश सिंह के परिवार को कोर्ट से राहत नहीं



**रांची।** हाईकोर्ट के जस्टिस आर. मुखोपाध्याय की अदालत ने मनी लाउंड्रिंग केस में आरोपी पूर्व मंत्री कमलेश सिंह के पुत्र सूर्य सोनल सिंह, पुत्री अंकिता सिंह और दामाद नरेंद्र मोहन सिंह को राहत देने वाली याचिका खारिज कर दी। तीनों आरोपितों ने हाईकोर्ट में याचिका दाखिल कर ईडी द्वारा दर्ज मनी लाउंड्रिंग केस को रद्द करने का आग्रह किया था। दलील दी थी कि उनके खिलाफ मनी लाउंड्रिंग का मामला नहीं बनता। ईडी का आरोप है कि कमलेश की राशि को मनी लाउंड्रिंग के जरिए घुमाने में सूर्य सोनल व नरेंद्र की भूमिका रही। जांच में पाया गया कि एक ही दिन में करीब 83 लाख चार अलग-अलग खातों से होते हुए कमलेश तक पहुंचाए गए। ईडी ने मामले में 12 अगस्त 2013 को पूर्व मंत्री कमलेश सिंह सहित पांच लोगों के खिलाफ चार्जशीट दाखिल किया था। इसमें कमलेश सिंह, उनकी पत्नी मधु सिंह, पुत्र सूर्य सोनल सिंह, पुत्री अंकिता सिंह और दामाद नरेंद्र मोहन सिंह के नाम शामिल हैं। अदालत के आदेश के बाद अब तीनों आरोपियों को ट्रायल का सामना करना होगा।


### झारखंड हाईकोर्ट से जेएसएससी ने दस्तावेज प्रस्तुत करने के लिए लिया समय

**रांची।** हाईकोर्ट के चीफ जस्टिस एमएस सोनक व जस्टिस राजेश शंकर की खंडपीठ में हाईस्कूल शिक्षकों की नियुक्ति-2016 में एकल पीठ के आदेश को चुनौती देने वाली जेएसएससी की अपील पर बुधवार को सुनवाई हुई। सुनवाई में जेएसएससी ने कुछ दस्तावेज पेश करने के लिए समय मांगा। इसे कोर्ट ने स्वीकार कर लिया। कोर्ट ने अपील याचिका में त्रुटि को भी चार हफ्ते में सुधारने को कहा। खंडपीठ ने कहा कि यदि जेएसएससी की ओर से तय समय में त्रुटि नहीं हटाई गई तो याचिका स्वतः खारिज मानी जाएगी। मीना कुमारी मामले में हाईकोर्ट की एकल पीठ ने सरकार को कहा था कि नियुक्ति प्रक्रिया विवादों की जांच के लिए वन मैन कमीशन बनाया जाए। यह कमीशन समीक्षा कर रिपोर्ट कोर्ट में पेश करेगा। अदालत ने कहा था कि शिक्षक नियुक्ति से संबंधित लंबित मामलों और अभ्यर्थियों की शिकायतों के समाधान के लिए ठोस व्यवस्था की आवश्यकता है। इसके तहत संबंधित चयन आयोग को एक स्पेशल काउंटर बनाने का निर्देश दिया गया था। सुनवाई में कोर्ट ने स्पष्ट किया था कि मेरिट लिस्ट और नियुक्ति प्रक्रिया में पारदर्शिता सुनिश्चित की जानी चाहिए। यदि किसी अभ्यर्थी को आपत्ति है तो उसे अपनी शिकायत दर्ज कराने और जानकारी प्राप्त करने का पूरा अवसर मिलना चाहिए था।

### हाथियों से बचाव के लिए बनेगी विशेष रणनीति

**रांची।** प्रधान मुख्य वन संरक्षक (हॉफ) संजीव कुमार की अध्यक्षता में बुधवार को आयोजित विभागीय समीक्षा बैठक में वन संपदा को जन-आजीविका से जोड़ने और ग्रामीण सशक्तीकरण पर जोर दिया गया। पीसीसीएफ संजीव कुमार ने निर्देश दिया कि महुआ, शहद, तेंदूपत्ता और साल बीज जैसे लघु वनोपजों के प्रसंस्करण और विपणन को सुदृढ़ किया जाए, ताकि आदिवासी व स्थानीय समुदायों की आय में वृद्धि हो सके। इसके साथ ही बांस आधारित उद्योग, मधुमक्खी पालन और नर्सरी प्रबंधन जैसे वन-आधारित उद्यमों को बढ़ावा देने के निर्देश दिए गए। बैठक में वन्यजीव प्रबंधन और मानव-हाथी संघर्ष को रोकने पर गंभीर चर्चा हुई। पीसीसीएफ ने स्पष्ट किया कि मुख्यमंत्री हेमंत सोरेन के निर्देशों के अनुरूप हाथियों के हमले में होने वाली मृत्यु पर मुआवजे का भुगतान हर हाल में 12 दिनों के भीतर सुनिश्चित किया जाए। हाथियों के बचाव के लिए सभी रीजनों में रेस्क्यू सेंटर बनाने, ट्रेंकुलाइजर टीम और क्विक रिस्पांस टीम को सक्रिय करने के निर्देश दिए गए। साथ ही, हाथियों के कॉरिडोर के विकास और संवेदनशील क्षेत्रों के मानचित्रण पर भी सहमति बनी। पार्कों के बेहतर रख-रखाव के लिए एक विशेष टीम गठित की जाएगी, जो अन्य राज्यों के सफल मॉडलों का अध्ययन कर झारखंड में बेस्ट मॉडल लागू करेगी। इसके अतिरिक्त, बैठक में अवैध खनन, वन भूमि अतिक्रमण और अवैध आरा मिलों पर सख्त कार्रवाई के निर्देश दिए गए। ईको-टूरिज्म को बढ़ावा देने और संयुक्त वन प्रबंधन समितियों को और अधिक प्रभावी बनाने पर भी मंथन किया गया।

### रिम्स में 27-28 फरवरी को शिशु शल्य चिकित्सा पर राष्ट्रीय सम्मेलन



**रांची।** बुद्धा बिरसा एसोसिएशन ऑफ पीडियाट्रिक सर्जन्स द्वारा 27 और 28 फरवरी को रिम्स, रांची में द्वितीय वार्षिक सम्मेलन का आयोजन किया जा रहा है। इस संबंध में आज एक प्रेस वार्ता आयोजित की गई। प्रेस वार्ता को संबोधित करते हुए रिम्स के चिकित्सा अधीक्षक और शिशु शल्य चिकित्सक प्रो डॉ हिरेंद्र बिरुआ ने कहा कि झारखंड में पहली बार इस स्तर का शिशु शल्य चिकित्सा सम्मेलन आयोजित हो रहा है। उन्होंने बताया कि यह संगठन बिहार और झारखंड के पीडियाट्रिक सर्जनों का संयुक्त मंच है और सम्मेलन में देशभर के विशेषज्ञ भाग लेंगे। आयोजन सचिव और शिशु शल्य विभागाध्यक्ष डॉ अभिषेक रंजन ने बताया कि सम्मेलन में कोलकाता, लखनऊ, वाराणसी, दिल्ली, गुरुग्राम, पांडिचेरी और विभिन्न एम्स से विशेषज्ञ शामिल होंगे। लगभग 60 से 70 प्रतिनिधि दूसरे राज्यों से आ रहे हैं। नई तकनीक, रोबोटिक सर्जरी और आर्टिफिशियल इंटेलिजेंस के उपयोग पर चर्चा होगी। विशेषज्ञों ने कहा कि बच्चों की सर्जरी अलग होती है और इसके लिए विशेष प्रशिक्षण जरूरी है। ऐसे आयोजनों से राज्य में बेहतर चिकित्सा सुविधा विकसित होगी। प्रेस वार्ता में डॉ श्याम सुन्दर साहू, डॉ अभिषेक कुमार सिंह, डॉ जैनेन्द्र कुमार और डॉ इमरान भी मौजूद थे।

## पृष्ठ एक के शेष

**द्रौपदी मुर्मू आज...**
सुरक्षा व्यवस्था में करीब चार हजार पुलिसकर्मी और 125 दंडाधिकारी तैनात किए गए हैं। राष्ट्रपति के काफिले की सुरक्षा की जिम्मेदारी ग्रामीण पुलिस अधीक्षक ऋषभ गर्ग को सौंपी गई है। कारकेड में 26 वाहन शामिल रहेंगे। राष्ट्रपति के दौरे को लेकर रांची में भी यातायात व्यवस्था में गुरुवार को कई बदलाव किए गए हैं।

**डीएमएफटी फंड में बिचौलियागिरी...**
मुख्यमंत्री के विदेश दौरे का परिणाम दो वर्षों के भीतर दिखाई देगा और अधिक से अधिक पूंजी निवेश आएगा। वित्त मंत्री किशोर ने कहा कि बजट में सामाजिक और आर्थिक क्षेत्र में संतुलन बनाने का प्रयास किया गया है। मंत्री ने कहा कि मंईयां सम्मान योजना किसी राजनीतिक उद्देश्य से नहीं लाई गई है। राज्य आगे बढ़ेगा, तो हम सब आगे बढ़ेंगे। पक्ष और विपक्ष दोनों की प्रशंसा होगी। वित्त मंत्री ने कहा कि राज्य के अधिकारी यदि नहीं चाहेंगे, तो सफलता की ओर एक कदम भी आगे नहीं बढ़ सकते हैं। विकास को लेकर एक जुनून पैदा करना होगा। उन्होंने कहा कि वे राजनीति के अंतिम पड़ाव पर हैं, ऐसे में क्या छलावा, क्या बाजीगरी और क्या धोखेबाजी की जा सकती है। इस दौरान विपक्ष ने वॉकआउट किया। वित्त मंत्री ने कहा कि हम सभी की चिंता यह होनी चाहिए कि राज्य का सर्वांगीण विकास कैसे हो। यदि जनता के साथ थोड़ा भी छलावा करेंगे, तो अगली बार जनता मौका नहीं देगी। संसदीय व्यवस्था में पक्ष और विपक्ष के साथ राज्य की जनता भी होती है। इस बजट की सराहना व्यापार जगत, किसानों, महिलाओं, शिक्षाविदों, छात्रों और मजदूरों ने भी की है। उन्होंने कहा कि केंद्र सरकार ने केंद्रीय करों में राज्य की हिस्सेदारी और अनुदान में कटौती की है। उन्होंने आरोप लगाया कि झारखंड में भाजपा की सरकार नहीं है, इसलिए केंद्र सहयोग नहीं कर रहा है। उन्होंने कहा कि वर्ष 2001 से अब तक 8 लाख 56 हजार 404 करोड़ रुपए की स्वीकृति इसी सदन ने दी है। पहली बार इस बजट में स्थापना मद की राशि बढ़ाई गई है, ताकि मानव संसाधन की कमी न हो। अब तक राज्य सरकार की ओर से 38 हजार लोगों को सरकारी नौकरी दी गई है। इसके बाद सदन की कार्यवाही स्पीकर रबींद्र नाथ महतो ने गुरुवार को दिन में 11:00 बजे तक के लिए स्थगित कर दी।

**झारखंड को विकसित करे...**
उन्होंने कहा कि आमजनों का फायदा होगा तो ही आम लोग बेहतर जीवन जी पाएंगे। सरकार को राज्य के विकास की चिंता है। इसलिए मुख्यमंत्री ने दावोस यात्रा कर स्टील और अन्य क्षेत्रों से एमओयू किया है। राज्य में निवेश आएगा, तो राज्य का विकास होगा। विधायक ने कहा कि किसी भी बजट की दो प्रमुख विशेषताएं विकास की दिशा और सामाजिक सरोकार है। इसबार सदन पटल पर प्रस्तुत बजट में दोनों पहलुओं का समावेश किया गया है।

**सदन में उठा धनबाद...**
मंत्री ने बताया कि बोकारो में एयरपोर्ट निर्माण प्रक्रिया जारी है। सदन में अरूप चटर्जी ने कहा कि धनबाद में जमीन की कमी नहीं है और सरकार की अगर मंशा एयरपोर्ट बनाने की है तो जमीन उपलब्ध हो जाएगा। एफसीआई के पास 4000 एकड़ जमीन है, तोपचांची में 800 एकड़ जमीन है। विधायक ने कहा कि एयरपोर्ट का यदि वहां निर्माण होगा, तो इससे जैन एवं बौद्ध धर्म के लोगों का भी आना-जाना लगा रहेगा और इलाके में व्यापार की भी बढ़ोतरी होगी। झारखंड सरकार से केंद्र ने पूछा था कि धनबाद में क्या एयरपोर्ट होना चाहिए, तो सरकार ने अपनी असमर्थता जाहिर की थी। सदन में विधायक सरयू राय ने मानगो नगर निगम से जुड़ी छह योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति में कथित देरी को लेकर मामला उठाया। उन्होंने कहा कि नगर विकास विभाग के सचिव को इन योजनाओं की प्रशासनिक स्वीकृति के लिए प्रस्ताव भेजा गया था। उन्होंने पूछा कि विगत 17 फरवरी को जिला योजना चयन समिति की बैठक में चयनित इन योजनाओं को मुख्य अभियंता, तकनीकी कोषांग की ओर से तकनीकी स्वीकृति मिली है या नहीं। यह भी सवाल उठाया कि जब इन योजनाओं के क्रियान्वयन के लिए मानगो नगर निगम के पास नागरिक सुविधा मद में पर्याप्त राशि उपलब्ध है और राज्य सरकार पर कोई अतिरिक्त वित्तीय भार नहीं पड़ना है, तो फिर प्रशासनिक स्वीकृति में देरी क्यों हो रही है। इस पर मंत्री सुदिव्य कुमार सोनू ने जवाब दिया कि योजनाओं की स्वीकृति पूर्व में दे दी गई है और विभाग की ओर से इस संबंध में औपचारिक पत्र भी जारी कर दिया गया है। उन्होंने स्पष्ट किया कि स्वीकृति की प्रक्रिया पूर्ण हो चुकी है। झरिया विधानसभा क्षेत्र में अवैध खनन के दौरान एक दर्दनाक घटना सामने आई है। इस घटना को लेकर विधानसभा में आवाज उठाई गई। विधायक रागिनी सिंह ने सदन में अर्जेंट सूचना के माध्यम से सरकार का ध्यान इस मामले की ओर दिलाया। विधायक ने बताया कि 23 तारीख को झरिया क्षेत्र में अवैध खनन की गतिविधियों के बीच एक मासूम बच्चा सो रहा था। इसी दौरान उसे रौंद दिया गया, जिससे उसकी मौत हो गई। उन्होंने कहा कि यह घटना बेहद दुखद और दिल दहलाने वाली है। रागिनी सिंह ने यह भी कहा कि यह पहली घटना नहीं है। इससे पहले अक्टूबर में इसी तरह का हादसा हुआ था। अब देव फार्मा के पास दोबारा ऐसी घटना होने से लोगों में डर और गुस्सा है। उन्होंने कहा कि झरिया में अवैध खनन के कारण लगातार हादसे हो रहे हैं। सदन के माध्यम से उन्होंने सरकार से पूछा कि इन घटनाओं पर प्रशासन क्या कार्रवाई कर रहा है। उन्होंने अवैध खनन पर रोक लगाने और जिम्मेदार लोगों पर सख्त कार्रवाई की मांग की।

**अम्बेडकर पार्क के पीछे ब्राउन...**
दोनों आरोपियों को गिरफ्तार कर शहर थाना कांड संख्या 77/2026, दिनांक 25 फरवरी 2026, धारा 21(b)/29 एनडीपीएस एक्ट के तहत मामला दर्ज किया गया है। विशाल कुमार के विरुद्ध पूर्व में शहर थाना कांड संख्या 62/2023 (धारा 341/342/323/377/504/506/34 भादवि) दर्ज है। राहुल कुमार के विरुद्ध शहर थाना कांड संख्या 469/2023 (धारा 20/20(b)(iv)/22 एनडीपीएस एक्ट) दर्ज है। छापेमारी दल में पुलिस उपाधीक्षक राजीव रंजन (सदर अनुमंडल, मेदिनीनगर), थाना प्रभारी ज्योति लाल रजवार सहित अन्य पुलिस पदाधिकारी एवं जवान शामिल थे। पुलिस ने स्पष्ट किया है कि शहर क्षेत्र में मादक पदार्थों के विरुद्ध अभियान आगे भी जारी रहेगा।

**चंपाई सोरेन के पोते की...**
बुधवार को परिवार के सदस्य तत्काल कुल्लू के लिए रवाना हो गए हैं। परिजनों का कहना है कि स्थानीय प्रशासन और चिकित्सकों से विस्तृत जानकारी प्राप्त होने के बाद ही मौत के वास्तविक कारणों पर कुछ कहा जा सकेगा। बताया जाता है कि बाबूलाल सोरेन के दो पुत्र हैं, जिनमें वीर सोरेन बड़े थे। कम उम्र में उनके असामयिक निधन से परिवार पर दुख का पहाड़ टूट पड़ा है। क्षेत्र के राजनीतिक और सामाजिक संगठनों ने भी इस घटना पर गहरा शोक व्यक्त किया है और परिवार के प्रति संवेदना प्रकट की है।

**सीएम हेमंत सोरेन को मिली...**
बार 14 अगस्त 2023 को हाजिर होने के लिए समन भेजा गया था। इसके बाद इसी वर्ष उन्हें 19 अगस्त, 1 सितंबर, 17 सितंबर, 26 सितंबर, 11 दिसंबर, 29 दिसंबर को और 2024 में 13 जनवरी, 22 जनवरी और 27 जनवरी को भी समन भेजे गए थे। इस तरह उन्हें कुल दस समन भेजे गए, लेकिन इनमें से मात्र दो समन पर वे उपस्थित हुए। यह पीएमएलए (प्रिवेंशन ऑफ मनी लांड्रिंग एक्ट) की धारा 63 एवं आईपीसी की धारा 174 के तहत गैरकानूनी है। कोर्ट ने ईडी की ओर से दाखिल शिकायतवाद पर सुनवाई के बाद 4 मार्च 2024 को संज्ञान लिया था। बाद में यह मामला एमपी-एमएलए स्पेशल कोर्ट में स्थानांतरित कर दिया गया। बाद में मुख्यमंत्री ने इस आदेश को झारखंड हाईकोर्ट में चुनौती दी। हालांकि, हाईकोर्ट ने एमपी-एमएलए कोर्ट के आदेश को रद्द करने से इनकार करते हुए ट्रायल की प्रक्रिया आगे बढ़ाने का निर्देश दिया था। झारखंड हाईकोर्ट के आदेश के खिलाफ मुख्यमंत्री ने सुप्रीम कोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। सुप्रीम कोर्ट के मुख्य न्यायाधीश न्यायमूर्ति सूर्यकांत और न्यायमूर्ति जॉयमंगल बागची की खंडपीठ में इस मामले में बुधवार को हुई सुनवाई के दौरान हेमंत सोरेन की ओर से अधिवक्ता प्रज्ञा सिंह बघेल ने बहस की। दलील दी गई कि जिन समन पर वे उपस्थित नहीं हुए, उनका लिखित जवाब दिया गया था और बाद के समन पर वे ईडी के समक्ष पेश हुए थे। साथ ही, शिकायतवाद को दुर्भावनापूर्ण बताया गया।

**रोजगार के नए अवसर सृजित...**
इस सहयोग के माध्यम से उद्योगों को इंडस्ट्री-रेडी मैनपावर मिलेगी और युवाओं के लिए रोजगार के नए अवसर सृजित होंगे। झारखंड चैंबर राज्य को एक फ्यूचर-रेडी वर्कफोर्स देने के लिए पूरी प्रतिबद्धता के साथ काम करेगा। उप समिति चेयरमैन आलोक कुमार और प्रियंक भगत ने कहा कि यह साझेदारी रोजगार सृजन, प्रोडक्टिविटी एन्हांसमेंट और राज्य को एक फ्यूचर-रेडी वर्कफोर्स प्रदान करेगी। इस अवसर पर झारखंड गवर्नमेंट टूल रूम के प्रिंसिपल सह प्रबंध निदेशक (इंचार्ज) एमके गुप्ता, सीनियर एडमिनिस्ट्रेटिव अफसर आशुतोष मिश्रा, एचओडी ट्रेनिंग मंगल टोप्पो, चैंबर के उपाध्यक्ष प्रवीण लोहिया, महासचिव रोहित अग्रवाल, सदस्य भानु कुमार उपस्थित थे।

**धनबाद सिविल कोर्ट को बम से...**
डॉग स्क्वॉड, बम निरोधक दस्ता और मेटल डिटेक्टर की मदद से कोर्ट भवन और आसपास के इलाके की सघन तलाशी ली गई। तलाशी अभियान के दौरान परिसर से छह संदिग्ध बाइक जब्त की गई है। इनमें से एक बाइक से एक रिमोट भी बरामद हुआ है, जिसकी जांच की जा रही हैं। हालांकि, विस्तृत जांच के बावजूद अब तक किसी प्रकार का विस्फोटक या आपत्तिजनक सामग्री बरामद नहीं हुई है। धनबाद के सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव ने कहा कि ईमेल में दी गई धमकी को गंभीरता से लेते हुए सभी आवश्यक सुरक्षा कदम उठाए गए हैं। संदिग्ध वाहनों को जब्त कर उनकी तकनीकी जांच की जा रही है, तथा बरामद रिमोट की भी विशेषज्ञों की ओर से पड़ताल की जा रही है। उन्होंने कहा कि फिलहाल स्थिति पूरी तरह शांतिपूर्ण और नियंत्रण में है। अदालत परिसर और आसपास के इलाकों में सुरक्षा व्यवस्था कड़ी कर दी गई है। आने-जाने वाले लोगों की सघन जांच की जा रही है। सिटी एसपी के अनुसार, ईमेल भेजने वाले व्यक्ति की पहचान के लिए साइबर सेल को सक्रिय कर दिया गया है। मामले की गहन जांच की जा रही है। इसके साथ ही सिटी एसपी ऋत्विक श्रीवास्तव ने आम नागरिकों से अपील की कि वे अफवाहों पर ध्यान न दें। किसी भी संदिग्ध वस्तु या गतिविधि की सूचना तुरंत पुलिस को दें।

# आयुष चिकित्सा का स्वस्थ भारत में अमूल्य योगदान : राष्ट्रपति

**एजेंसी। बुलढाणा**

राष्ट्रपति द्रौपदी मुर्मु ने बुधवार को महाराष्ट्र के बुलढाणा जिले के शेगांव में 'राष्ट्रीय आरोग्य मेला 2026' का उद्घाटन किया। उन्होंने आयुष स्वास्थ्य सेवा के क्षेत्र में महत्वपूर्ण योगदान देने वाले छह वरिष्ठ वैद्यों को भी सम्मानित किया। इस अवसर पर राष्ट्रपति मुर्मु ने कहा कि हमारी परंपरा में संपूर्ण स्वास्थ्य को सबसे बड़ा सुख माना जाता है। स्वस्थ नागरिक देश को मजबूत बनाने में महत्वपूर्ण भूमिका निभाते हैं। आयुष चिकित्सा पद्धतियों ने नागरिकों के स्वास्थ्य में अमूल्य योगदान दिया है। योग, आयुर्वेद और सिद्ध जैसी प्रणालियां आधुनिक चिकित्सा के उदय से ही लोगों की सेवा कर रही हैं। उन्होंने प्रसन्नता व्यक्त की कि आयुष मंत्रालय इस दिशा में निरंतर प्रयासरत है। अनुसंधान और औषधि विकास के लिए सामान्य दिशानिर्देश अंतरराष्ट्रीय मानकों के अनुरूप स्थापित किए गए हैं। आयुर्वेद, योग और अन्य आयुष प्रणालियों को आधुनिक स्वास्थ्य चुनौतियों के विश्वसनीय, वैज्ञानिक समाधान के रूप में स्थापित करने के लिए अनेक वैज्ञानिक प्रयास जारी हैं। उन्होंने विश्वास व्यक्त किया कि आधुनिक वैज्ञानिक हस्तक्षेपों, नवाचारों और वैश्विक सहयोग के माध्यम से पारंपरिक चिकित्सा प्रणालियों को अधिक सुलभ और लोकप्रिय बनाकर, हम उन्हें समग्र स्वास्थ्य देखभाल प्रणाली का अभिन्न अंग बनाने में सफल होंगे।

## औषधीय पौधों के संरक्षण और आयुष प्रणालियों के संवर्धन पर जोर

राष्ट्रपति ने कहा कि हमारे खेतों, रसोई घरों और जंगलों में औषधीय पौधों और स्वास्थ्यवर्धक जड़ी-बूटियों का अनमोल भंडार मौजूद है। इस बहुमूल्य



संपदा का संरक्षण और संवर्धन औषधियों के लिए कच्चा माल उपलब्ध कराने और पर्यावरण संतुलन बनाए रखने के लिए अत्यंत महत्वपूर्ण है। औषधीय पौधों की खेती न केवल किसानों की आर्थिक स्थिति में सुधार करती है, बल्कि मृदा स्वास्थ्य और संरक्षण में भी योगदान देती है। इसलिए, आयुष प्रणालियों को बढ़ावा देना न केवल लोगों के शारीरिक और आर्थिक स्वास्थ्य में सुधार करता है, बल्कि पर्यावरण संरक्षण में भी सहायक होता है। उन्होंने कहा कि आयुर्वेद, योग और अन्य आयुष प्रणालियां स्वस्थ और संतुलित जीवन जीने के लिए मार्गदर्शन प्रदान करती हैं। आज विश्व रोगों की रोकथाम में एकीकृत चिकित्सा के महत्व को पहचान रहा है। दुनिया भर के लोग तनाव मुक्त और स्वस्थ जीवन शैली के लिए योग अपना रहे हैं और आयुर्वेदिक उपचारों और दवाओं से लाभ उठा रहे हैं। साक्ष्य-आधारित अनुसंधान, औषधियों का मानकीकरण और गुणवत्ता नियंत्रण जैसे कदम आयुष प्रणालियों की मान्यता और स्वीकृति को और बढ़ाएंगे।

## जम्मू-कश्मीर : पुंछ में बड़ी आतंकी साजिश नाकाम, भारी मात्रा में विस्फोटक बरामद

**पुंछ।** जम्मू-कश्मीर के पुंछ जिले के गनी वन क्षेत्र में भारतीय सेना



की व्हाइट नाइट कोर और जम्मू-कश्मीर पुलिस के स्पेशल ऑपरेशंस ग्रुप (एसओजी) ने संयुक्त खुफिया सूचनाओं के आधार पर एक बड़ा आतंकवाद विरोधी अभियान चलाया। इस अभियान का नाम 'ऑपरेशन गनी' रखा गया। यह जानकारी व्हाइट नाइट कोर नामक सोशल मीडिया एक्स हैंडल पर दी गई है। प्राप्त जानकारी के अनुसार, खुफिया सूचनाओं पर कार्रवाई करते हुए सुरक्षा बलों ने विस्तृत तलाशी अभियान शुरू किया। समन्वय और सटीकता के साथ की गई इस खोज में एक प्राकृतिक गुफा के नीचे छिपा हुआ आतंकी हथियारों और विस्फोटकों का बड़ा जखीरा मिला। बरामद सामग्री में एक बड़ा आईईडी (4.5 किलोग्राम), एक छोटा आईईडी (800 ग्राम), दो चीनी ग्रेनेड, एक 9 मिलीमीटर पिस्तौल, दो 9 मिलीमीटर कारतूस और बाईस 7.62 मिलीमीटर कारतूस शामिल थे। बम निरोधक दस्ते ने मौके पर ही इन आईईडी और ग्रेनेड को सुरक्षित तरीके से नष्ट कर दिया। इससे इलाके में आम नागरिकों और सुरक्षा कर्मियों की जान-माल की सुरक्षा सुनिश्चित हुई। यह अभियान अपने सोर्स और जम्मू-कश्मीर पुलिस के साथ मिलकर प्राप्त संयुक्त खुफिया इनपुट्स पर आधारित था। सुरक्षा बलों ने सटीकता और टीमवर्क का शानदार प्रदर्शन किया, जिससे आतंकियों के छिपे हुए संसाधनों को नष्ट करने में सफलता मिली।

## पाकिस्तान : आत्मघाती हमले का असर केपी-पंजाब के बीच यातायात ठप

**पेशावर।** पाकिस्तानी सेना और पुलिस को निशाना बनाकर पिछले



कुछ दिनों से हमले तेज हो गए हैं। मंगलवार को अलग-अलग हमलों में करीब 7 पुलिस कर्मियों की मौत हो गई। अधिकारियों ने बताया कि देर शाम पंजाब प्रांत के भक्कर जिले में एक सुरक्षा चौकी पर हुए आत्मघाती हमले ने भी पुलिसकर्मियों की जान ले ली। स्थानीय मीडिया के अनुसार, इसके बाद से ही केपी-पंजाब के बीच आवाजाही पूरी तरह से रोक दी गई है। रमजान के महीने में आवाजाही को लेकर पाबंदी से दुकानदार काफी परेशान हैं। प्रमुख दैनिक डॉन के अनुसार, हमला देर रात पंजाब के भक्कर जिले में डेरा दरिया खान पुल के पास दाजिल चेकपोस्ट पर हुआ। आत्मघाती हमले के बाद खैबर पख्तूनख्वा को पंजाब से जोड़ने वाला मुख्य हाईवे बुधवार को भी बंद रहा। इससे अंतर-प्रांतीय सीमा के दोनों ओर आने-जाने वालों और व्यापारियों को मुश्किल हुई। हमले के बाद, डीआई खान और भक्कर दोनों जिलों में सुरक्षा व्यवस्था हाई अलर्ट पर कर दी गई। पंजाब पुलिस ने एहतियात के तौर पर डेरा दरिया खान पुल के पास सड़क को सील कर दिया और सभी ट्रैफिक रोक दिया, जबकि आसपास के इलाकों में सर्च ऑपरेशन शुरू किया गया। इस रूट के लगातार बंद रहने से यात्रियों और ट्रांसपोर्टरों को काफी परेशानी हुई है। गाड़ियां घंटों तक फंसी रहीं, और यात्रियों को ज्यादा खर्च करके दूसरे रास्ते ढूंढने पड़े।

## अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अवैध प्रवासियों के लाइसेंस पर प्रतिबंध लगाने की मांग की

**न्यूयॉर्क।** अमेरिकी राष्ट्रपति डोनाल्ड ट्रंप ने अवैध रूप से रहने वालों



को व्यावसायिक ड्राइवर लाइसेंस देने के खिलाफ एक संघीय कानून बनाने का आह्वान किया है, जिसमें उन्होंने भारत से आए एक अवैध प्रवासी से जुड़ी एक दुर्घटना का जिक्र किया, जिसमें एक बच्ची घायल हो गई थी। उन्होंने कहा कि मैं कांग्रेस से एक कानून पारित करने का आह्वान करता हूं जिसे हम 'डेलिला लॉ' कहेंगे, जो किसी भी राज्य को अवैध अप्रवासियों को व्यावसायिक चालक लाइसेंस जारी करने से रोकेगा। ये बातें उन्होंने बुधवार (भारतीय समय) को कांग्रेस को दिए अपने स्टेट ऑफ द यूनियन संबोधन में कहीं। वह बच्ची, डेलिला कोलमैन, जिसके नाम पर वह इस कानून का नाम रखना चाहते हैं, वो सार्वजनिक दीर्घा में मौजूद थी। जब ट्रंप ने उसे बोलने के लिए बुलाया तो सबने खड़े होकर तालियां बजाईं और उसके पिता, मार्कस कोलमैन ने उसे गोद में उठा लिया। ट्रंप ने अवैध अप्रवासन के खिलाफ बोलते हुए डेलिला के मामले का जिक्र किया, जिसके लिए उन्होंने अपने पूर्ववर्ती, जो बाइडेन को दोषी ठहराया और अवैध प्रवासियों से जुड़े कई मामलों का जिक्र किया। कैलिफोर्निया के खुले सीमा नीति समर्थकों द्वारा उसे कमर्शियल ड्राइविंग लाइसेंस दिया गया था।

## बांग्लादेश : अवामी लीग के नेताओं की जमानत पर कोर्ट में वकीलों का हंगामा

**पेरिस।** बांग्लादेश के बारिशाल जिले की एक अदालत में अवामी लीग



के कई नेताओं को जमानत दी गई। जिसके बाद कथित तौर पर परिसर में ही कुछ वकीलों ने बदसलूकी की। ऐसा एक प्रमुख अंतरराष्ट्रीय मानवाधिकार संगठन का कहना है और उसने इस व्यवहार की कड़ी आलोचना की है। पेरिस स्थित जस्टिस मेकर्स बांग्लादेश इन फ्रांस (जेएमबीएफ) ने इस घटना को लोकतंत्र, कानून के शासन और न्यायपालिका की स्वतंत्रता पर सीधा हमला बताया है। जेएमबीएफ ने आरोप लगाया कि सत्ताधारी बांग्लादेश नेशनलिस्ट पार्टी (बीएनपी) से जुड़े वकीलों का व्यवहार निंदनीय था। वे बेंच पर धक्का-मुक्की कर रहे थे, जबरदस्ती कोर्टरूम में प्रवेश कर रहे थे और जज के साथ भी उनका बर्ताव सराहनीय नहीं था। वकील उन पर चिल्ला रहे थे और उनकी ओर उंगली दिखा रहे थे। यह घटना मंगलवार को अतिरिक्त मुख्य मेट्रोपॉलिटन मजिस्ट्रेट एस.एम. शरियत उल्लाह की अदालत में हुई। जेएमबीएफ के संस्थापक अध्यक्ष शाहनूर इस्लाम ने बयान में कहा, "यह घटना न्यायपालिका की स्वतंत्रता, गरिमा और सुरक्षा पर सवाल उठाती है। उन्होंने कहा कि असहमति होने पर अपील या उच्च अदालत में चुनौती देने के बजाय कोर्ट को युद्ध का मैदान बनाना अवमानना है और इसे तुरंत रोका जाना चाहिए। ये वकील बिना अपील या किसी सही प्रक्रिया को अपनाए जज पर दबाव बनाने की कोशिश कर रहे थे।

### दो दिवसीय दौरे पर इजरायल पहुंचे प्रधानमंत्री मोदी

# पीएम नेतन्याहू ने बाहें फैलाकर किया 'अपने मित्र' का स्वागत

**एजेंसी। तेल अवीव**

प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी दो दिवसीय यात्रा पर इजरायल पहुंच गए हैं। बेन गुरियन हवाई अड्डे पर पीएम बेंजामिन नेतन्याहू ने पत्नी सारा नेतन्याहू के साथ उनका स्वागत किया। भारत के प्रधानमंत्री को गार्ड ऑफ ऑनर भी दिया गया। पीएम की बीते 9 साल में दूसरी इजरायल यात्रा है। इससे पहले वे जुलाई 2017 में यहां आए थे। पीएम नेतन्याहू ने एक्स पर प्रधानमंत्री मोदी का स्वागत करती वीडियो क्लिप साझा की। पीएम नेतन्याहू ने एक्स पर लिखा- स्वागत है मेरे मित्र पीएम नरेंद्र मोदी। इस क्लिप में बेंजामिन नेतन्याहू अपनी पत्नी सारा के साथ भारत के प्रधानमंत्री का बाहें फैलाकर स्वागत करते देखे जा सकते हैं। इजरायली पीएम के आधिकारिक एक्स पोस्ट के जरिए प्रधानमंत्री मोदी के दौरे को ऐतिहासिक बताया गया है। एक के बाद एक किए गए पोस्ट में पीएम मोदी का शेड्यूल बताया गया है। उनकी बीते 9 साल में दूसरी इजरायल यात्रा है। इससे पहले वे जुलाई 2017 में यहां आए थे। प्रधानमंत्री मोदी के तय शेड्यूल के अनुसार वे नेसेट को भी संबोधित करेंगे। ऐसा करने वाले वे पहले भारतीय प्रधानमंत्री होंगे। इसके अलावा वे भारतीय समुदाय के कार्यक्रम में भी शामिल होंगे और टेक्नोलॉजी प्रदर्शनी में भी शामिल होंगे। तय कार्यक्रमानुसार नेसेट (इजरायली संसद) में एक आधिकारिक अभिनंदन समारोह में पीएम मोदी का स्वागत किया जाएगा। शाम को प्रधानमंत्री मोदी के लिए किंग डेविड होटल में ऑफिशियल डिनर का आयोजन किया गया है। गुरुवार सुबह, पीएम मोदी और नेतन्याहू 'याद वाशेम होलोकॉस्ट मेमोरियल सेंटर' जाएंगे।



## पीएम के इजरायल दौरे पर विपक्ष की प्रतिक्रिया अफसोसजनक : नकवी

**नई दिल्ली।** भाजपा के राष्ट्रीय प्रवक्ता



मुख्तार अब्बास नकवी ने प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इजरायल दौरे को लेकर विपक्षी दलों की ओर से की जा रही प्रतिक्रियाओं की आलोचना की। कि जब हमारे प्रधानमंत्री विदेश दौरे पर जा रहे हैं, और विपक्ष की ओर से प्रतिक्रियाएं हो रही हैं। मैं इसे अनुचित समझता हूं। मेरा सीधा-सा सवाल है कि जब कांग्रेस के शासनकाल में उनका कोई प्रधानमंत्री किसी विदेश दौरे पर जाता था, तो क्या उस पर किसी भी प्रकार के सवाल उठाए जाते थे। लेकिन, आज यह अफसोस की बात है कि जब हमारे प्रधानमंत्री विदेश दौरे पर जा रहे हैं, तो उसे लेकर प्रतिक्रियाओं की बाढ़ आ गई है। मुख्तार अब्बास नकवी ने कहा कि अब अगर आपको प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के विदेश दौरे को लेकर सवाल ही करना है, तो संसद में कीजिएगा।

## भारत-इजरायल के रिश्ते पीएम मोदी के दौरे से मजबूत होंगे : नीरज कुमार

**पटना।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के दो



दिवसीय इजरायल दौरे को लेकर जदयू नेता नीरज कुमार ने बयान दिया। उन्होंने कहा कि पीएम मोदी के इस दौरे से दोनों देशों के रिश्ते मजबूत होंगे। पटना में आईएएनएस से बातचीत में जदयू प्रवक्ता नीरज कुमार ने कहा कि प्रधानमंत्री मोदी के दो दिन के दौरे से न सिर्फ भारत-इजरायल के रिश्ते मजबूत होंगे, बल्कि भारत को इजरायल की पारंपरिक एक्सपर्टीज और खेती के क्षेत्र में हुई तरक्की से भी फायदा होगा। मुझे विश्वास है कि इससे देश के लोगों को लाभ होगा। केरल का नाम बदलकर 'केरलम' करने की केंद्रीय कैबिनेट की मंजूरी पर जदयू नेता नीरज कुमार ने कहा कि वहां के लोगों की उम्मीदों को ध्यान में रखते हुए, केरल का नाम बदलकर केरलम करना प्रोसेस का हिस्सा है। नाम में बदलाव लोगों की भावना के हिसाब से किया गया है।

## पीएम मोदी के इजरायल दौरे पर भारतीय प्रवासियों में जबरदस्त उत्साह

**यरुशलम।** प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी के इजरायल दौरे को लेकर यरुशलम में भारतीय प्रवासी समुदाय में जबरदस्त उत्साह देखने को मिल रहा है। प्रवासियों ने इसे भारत और इजरायल के रिश्तों के लिए एक खास और ऐतिहासिक क्षण बताया। एक प्रवासी भारतीय ने आईएएनएस से कहा कि वे इस दौरे को लेकर बेहद उत्साहित और खुश हैं। यह यात्रा न केवल इजरायल में रह रहे भारतीयों के लिए बल्कि भारत के 1.5 अरब लोगों के लिए भी महत्वपूर्ण है, और उन्हें उम्मीद है कि इससे दोनों देशों के संबंधों को नई मजबूती मिलेगी। एक अन्य सदस्य (जो पिछले 12 वर्षों से इजरायल में रह रहे हैं) ने बताया कि 2017 में भी प्रधानमंत्री मोदी इजरायल आए थे और उस समय उन्हें संसद में उनसे मिलने का अवसर मिला था। उन्होंने कहा कि इस बार भी वे बेहद उत्साहित हैं। कुछ लोगों को विशेष अनुमति मिली है और वे स्वयंसेवक के रूप में स्वागत की तैयारियों में शामिल हुए हैं। उन्होंने बताया कि यह दिन उनके लिए बहुत खास और गर्व का क्षण है। एक प्रवासी ने कहा कि वे लंबे समय से इस दौरे का इंतजार कर रहे थे। उन्होंने बताया कि इजरायल में भारतीय समुदाय को केयरगिवर, निर्माण और कृषि क्षेत्रों से जुड़ी कुछ समस्याओं का सामना करना पड़ता है और उन्हें उम्मीद है कि इस यात्रा के दौरान इन मुद्दों पर भी सकारात्मक चर्चा होगी।



### बंगाल विस चुनाव को लेकर आयोग ने दिए संकेत

# अंतिम मतदाता सूची से पहले भी हो सकती है चुनाव तिथि की घोषणा



**एजेंसी। कोलकाता**

पश्चिम बंगाल विधानसभा चुनाव को लेकर निर्वाचन आयोग ने संकेत दिया है कि अंतिम और पूर्ण मतदाता सूची प्रकाशित होने से पहले भी चुनाव कार्यक्रम की घोषणा की जा सकती है, बशर्ते कि उच्चतम न्यायालय के निर्देशों का पालन किया जाए। भारत निर्वाचन आयोग के अनुसार, नामांकन की अंतिम तिथि तक प्रकाशित सभी मतदाता सूचियों को चुनाव प्रक्रिया के लिए मान्य माना जाएगा। आयोग ने स्पष्ट किया है कि यदि अंतिम मतदाता सूची चरणबद्ध तरीके से प्रकाशित हो रही हो, तब भी उपलब्ध सूचियों के आधार पर चुनाव संपन्न कराए जा सकते हैं। राज्य में अब तक प्रारूप मतदाता सूची से 58 लाख से अधिक नाम हटाए जा चुके हैं। हालांकि, अंतिम सूची शुक्रवार को प्रकाशित की जानी है, लेकिन अधिकारियों का कहना है कि हटाए गए नामों की समेकित गणना तत्काल संभव नहीं होगी। उच्चतम न्यायालय के आदेश के अनुसार, 28 फरवरी के बाद भी आयोग चरणबद्ध तरीके से सूचियां प्रकाशित कर सकेगा और उन्हें अंतिम सूची का हिस्सा माना जाएगा।

# राहुल गांधी सिर्फ देश को बदनाम करना चाहते हैं : मनीषा

**एजेंसी। मुंबई**

पीएम मोदी के दो दिवसीय इजरायल दौरे को लेकर शिवसेना नेता मनीषा कायंदे ने कहा कि वे जिन देशों का दौरा करते हैं, तो वहां से भारत के लिए कुछ जरूर लाते हैं। देश की लोकसभा में नेता प्रतिपक्ष के पद पर बैठे राहुल गांधी जब विदेश यात्रा पर जाते हैं, तो बस देश को बदनाम करना ही उनका मकसद होता है। मुंबई में आईएएनएस से बातचीत में शिवसेना नेता मनीषा कायंदे ने कहा कि एक तरफ पीएम मोदी देश के लिए कुछ करने, उसकी तरक्की में अच्छा योगदान देने निकलते हैं। दूसरी तरफ विपक्ष के नेता राहुल गांधी देश की इमेज खराब करने निकलते हैं। जनता अब समझ गई है कि राहुल गांधी की हरकतें पूरी तरह से देश को बदनाम करने के लिए हैं।



राहुल गांधी अब पूरी तरह से एक्सपोज हो चुके हैं। पीएम मोदी सिर्फ भारत तक सीमित नहीं हैं। वे अब विश्व के नेता हैं। अमेरिकी राष्ट्रपति ट्रंप के 'युद्ध नहीं रुकता तो पाकिस्तान के पीएम मर जाते' वाले बयान पर शिवसेना नेता मनीषा कायंदे ने कहा कि डोनाल्ड ट्रंप क्या कहेंगे या क्या करेंगे, इस बारे में कोई पक्का नहीं है। उन्हें दुनिया को गुमराह करने वाले धोखेबाज और बेबुनियाद बयान फैलाना बंद कर देना चाहिए। टी-20 विश्व कप में सिराज-शमी के खेलने पर शिवसेना नेता मनीषा कायंदे ने कहा कि मैं क्रिकेट के बारे में ज्यादा कुछ नहीं कहूंगी, क्योंकि मुझे इसमें कोई एक्सपर्टीज नहीं है। हालांकि, इसमें शामिल ऑर्गनाइजेशन, जैसे बीसीसीआई या कोई दूसरी एसोसिएशन, अगर अधिकारी इस बारे में बात करते हैं।

# कर्नाटक में दवा खरीद घोटाला, अस्पतालों में भारी कमी : बीवाई विजयेंद्र

**एजेंसी। बेंगलुरु**

कर्नाटक भाजपा अध्यक्ष और विधायक बीवाई विजयेंद्र ने बुधवार को दवाओं की खरीद में बड़े पैमाने पर गड़बड़ी का आरोप लगाते हुए सरकारी अस्पतालों में दवाओं की कमी के लिए राज्य सरकार को जिम्मेदार ठहराया। विजयेंद्र ने दावा किया कि सरकारी अस्पतालों और मेडिकल कॉलेजों में दवाओं की कमी के लिए राज्य सरकार और संबंधित मंत्री जिम्मेदार हैं। उन्होंने आरोप लगाया कि एक असरदार व्यक्ति के दबाव में खरीद में गड़बड़ियां हो रही थीं और भ्रष्टाचार को बढ़ावा देने के लिए कॉन्ट्रैक्ट बांटे जा रहे थे। उन्होंने यह भी आरोप लगाया कि कंपनियां 15-20 परसेंट कमीशन की मांग के कारण टेंडर में हिस्सा लेने से हिचकिचा रही थीं, जिससे सप्लाई में रुकावट आ रही थी। विजयेंद्र ने मंगलुरु के एक प्राइवेट व्यक्ति, वहाब खान पर राज्य के दवा खरीद सिस्टम को कंट्रोल करने का भी आरोप लगाया और दावा किया कि उसके असर के कारण यह सिस्टम खत्म हो गया और गरीब मरीज़ों को मुश्किल हो रही है। उन्होंने हेल्थ मिनिस्टर दिनेश गुंडू राव को यह बताने की चुनौती दी कि टेंडर कथित तौर पर एक ही व्यक्ति को क्यों दिए गए और दवाएं मार्केट रेट से तीन गुना ज्यादा कीमत पर क्यों खरीदी जा रही थीं। उन्होंने आरोप लगाया कि 108 एम्बुलेंस ड्राइवरों और हेल्परों को पिछले आठ से नौ महीनों से सैलरी नहीं दी गई है और सरकार से इस मुद्दे को तुरंत हल करने की अपील की। विजयेंद्र ने दावा किया कि एम्बुलेंस स्टाफ और डॉक्टरों को विरोध करने के लिए मजबूर होना पड़ा क्योंकि सरकार उनकी चिंताओं को दूर करने में नाकाम रही।




## एक नजर

### पटना 'मरीन ड्राइव' का बक्सर तक होगा विस्तार मंत्री दिलीप जायसवाल ने विस में किया ऐलान


**पटना।** बिहार की राजधानी पटना के मरीन ड्राइव यानी जेपी गंगा पथ का विस्तार अब बक्सर तक किया जाएगा।



बिहार के मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा कि बिहार सरकार का सपना इस पथ को बक्सर से लेकर फरक्का तक ले जाने का है। दरअसल, बिहार विधानसभा के बजट सत्र में बुधवार को भाजपा के विधायक मिथिलेश तिवारी ने प्रश्नकाल में इस मुद्दे को लेकर सवाल उठाया कि जेपी गंगा कॉरिडोर के तहत कोईलवर तक कार्य से लोगों में खुशी है, लेकिन कोईलवर से आगे बक्सर तक विस्तार की क्या योजना है? उन्होंने कहा कि बक्सर के लोगों की मांग है कि इसका विस्तार बक्सर तक किया जाए। इस प्रश्न के जवाब में मंत्री दिलीप जायसवाल ने कहा, "पहले यहां के लोग महाराष्ट्र मरीन ड्राइव देखने जाते थे, लेकिन बिहार के मुख्यमंत्री नीतीश कुमार की सोच का परिणाम है कि आज लोग गंगा पथ पर जाकर उसे मरीन ड्राइव बता रहे हैं। मंत्री जायसवाल ने कहा कि राज्य सरकार गंगा किनारे सड़क और जलमार्ग को जोड़कर एक बड़े विजन पर काम कर रही है।

### कांग्रेस ने भारत के सोलर पैनलों पर 126 फीसदी अमेरिकी शुल्क लगाने की आलोचना की

**नई दिल्ली।** अमेरिकी वाणिज्य विभाग द्वारा भारत से आयातित सोलर सेल्स और पैनलों पर 125.87 प्रतिशत शुल्क लगाने के निर्णय की कांग्रेस ने आलोचना की है।



महासचिव जयराम रमेश ने सोशल मीडिया प्लेटफॉर्म एक्स पर कहा कि भारत पर अमेरिका का यह कदम बेहद अजीब है। इससे भारत-अमेरिका व्यापार समझौते की वास्तविकता सामने आ गई है। प्रधानमंत्री नरेन्द्र मोदी ने जिस समझौते की सराहना की थी और कहा था कि इससे अमेरिका में भारत के निर्यात के लिए दरवाजे खुलेंगे, वह दरअसल पूरी तरह एकतरफा है। कांग्रेस नेता ने कहा कि इस समझौते के तहत भारत को अमेरिका से आयात की अनुमति तो मिल जाएगी लेकिन भारत से अमेरिका को निर्यात वहां के राष्ट्रपति की इच्छा पर निर्भर रहेगा। उन्होंने कहा कि आगे बढ़ने का एक ही रास्ता है- भारत को साहस दिखाना होगा और इस समझौते को रोक देना चाहिए। रमेश ने दावा किया कि यह समझौता जैसी स्थिति में है, उससे देशभर के लाखों किसानों पर प्रतिकूल असर पड़ेगा।

### अलका लांबा को दिल्ली हाईकोर्ट से बड़ी राहत एफआईआर पर पुलिस को नोटिस जारी

**नई दिल्ली।** दिल्ली हाईकोर्ट ने महिला कांग्रेस की राष्ट्रीय अध्यक्ष अलका लांबा के खिलाफ दर्ज एफआईआर को लेकर दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी किया है।



हाईकोर्ट ने दिल्ली पुलिस को नोटिस जारी कर पूरे मामले पर रिपोर्ट मांगी है। मामले की सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि यह जानना जरूरी है कि एफआईआर किन परिस्थितियों में दर्ज की गई और अब तक जांच की स्थिति क्या है। कोर्ट ने दिल्ली पुलिस को जल्द अपना जवाब प्रस्तुत करने का निर्देश दिया है। जानकारी के अनुसार, अलका लांबा ने अपने खिलाफ दर्ज एफआईआर को चुनौती देते हुए हाईकोर्ट का दरवाजा खटखटाया था। याचिका में कहा गया है कि उनके खिलाफ दर्ज मामला राजनीतिक दुर्भावना से प्रेरित है और इसे निरस्त किया जाना चाहिए। याचिकाकर्ता की ओर से दलील दी गई कि प्रथम दृष्टया लगाए गए आरोप तथ्यों पर आधारित नहीं हैं। सुनवाई के दौरान अदालत ने कहा कि वह सभी पक्षों को सुनने के बाद ही किसी निष्कर्ष पर पहुंचेगी। कोर्ट ने स्पष्ट किया कि फिलहाल वह केवल नोटिस जारी कर पुलिस से जवाब मांग रही है। इससे पहले राउज एवेन्यू कोर्ट ने अलका लांबा के खिलाफ मार्च 2024 में जंतर-मंतर पर विरोध-प्रदर्शन के दौरान पुलिस पर कथित हमले के संबंध में आरोप पत्र का संज्ञान लेते हुए अलका लांबा को समन जारी किया था।

### गारंटी कर्नाटक सरकार पर बोझ हैं, लेकिन लोगों को मेंटल स्ट्रेस नहीं देंगे : डीके शिवकुमार

**बेंगलुरु।** भाजपा की इस आलोचना के बीच कि कांग्रेस सरकार की पांच गारंटी कर्नाटक को दिवालिया होने की ओर धकेल रही हैं, डिप्टी चीफ मिनिस्टर डीके शिवकुमार ने 'कुसुमा संजीविनी' पहल को संबोधित करते हुए कहा कि यह पहल हीमोफीलिया के मरीजों को बचाव का इलाज देती है।



उन्होंने कहा कि हालांकि ये योजनाएं बोझ हैं, लेकिन सरकार यह पक्का करना चाहती है कि पैसे की दिक्कतों की वजह से लोगों को मेंटल स्ट्रेस न हो। डिप्टी सीएम शिवकुमार ने बुधवार को बेंगलुरु के नेहरू प्लेनेटेरियम में हेल्थ एंड फैमिली वेलफेयर डिपार्टमेंट के एक इवेंट में कुसुमा संजीविनी पहल के तहत हीमोफीलिया के मरीजों के लिए प्रिवेंटिव ट्रीटमेंट और 108 एम्बुलेंस सर्विस का उद्घाटन करने के बाद यह बयान दिया। लोगों को संबोधित करते हुए उन्होंने कहा कि हमने पांच गारंटी दी हैं, जिसमें महिलाओं के लिए फ्री बस सर्विस, फ्री बिजली और 2 हजार रुपए की फाइनेंशियल मदद शामिल है।

### किसानों के हितों के साथ किसी भी प्रकार का समझौता स्वीकार नहीं : शिवराज सिंह चौहान

**नई दिल्ली।** केंद्रीय कृषि मंत्री शिवराज सिंह चौहान ने कृषि क्षेत्र में केंद्र सरकार की ओर से किए गए कार्यों की तारीफ की।



उन्होंने कहा कि आज की तारीख में कृषि क्षेत्र में हालात सुधरे हैं। वहीं शेष विसंगतियों को दूर करने की दिशा में काम किया जा रहा है। हम यह सुनिश्चित कर रहे हैं कि इस दिशा में किसी भी प्रकार की कोताही ना बरती जाए। उन्होंने बुधवार को पत्रकारों से बातचीत में कहा कि यह प्रधानमंत्री नरेंद्र मोदी की कार्यशैली का ही नतीजा है कि आज हम चावल के उत्पादन में शीर्ष स्थान पर आ चुके हैं। गेहूं के उत्पादन की मात्रा में भी इजाफा देखने को मिला है। खाद्यान्न का 33 फीसद हिस्सा बढ़ा है और हमें पूरा विश्वास है कि आगामी दिनों में हम इसी दिशा में काम करते रहेंगे। हमने इस संबंध में पूरी रूपरेखा तैयार कर ली है। हम उसी के अनुरूप अभी काम कर रहे हैं।

### कांग्रेस को प्रदर्शन मर्यादा में रहकर करना चाहिए : गौरव गौतम

**चंडीगढ़।** हरियाणा सरकार में मंत्री गौरव गौतम ने कांग्रेस पार्टी पर तंज कसते हुए कहा कि उनको प्रदर्शन मर्यादा में रहकर करना चाहिए।



मंत्री गौरव गौतम का यह बयान उस वक्त आया है, जब हाल ही में एआई समिट के दौरान यूथ कांग्रेस के कार्यकर्ताओं ने शर्टलेस होकर विरोध प्रदर्शन किया। इस मामले में दिल्ली पुलिस द्वारा इंडियन यूथ कांग्रेस के राष्ट्रीय अध्यक्ष उदय भानु चिब की गिरफ्तारी भी हुई है। इस मामले में कांग्रेस लगातार भाजपा पर हमलावर है। बुधवार को हरियाणा कांग्रेस की ओर से विधानसभा घेराव का ऐलान भी किया गया। चंडीगढ़ में मंत्री गौरव गौतम ने कहा कि कांग्रेस ने हमेशा भारत और राज्यों में हो रही अच्छी चीजों का विरोध किया है। कांग्रेस का प्रदर्शन एक तरह से अराजक होता जा रहा है। मर्यादा में रहकर प्रदर्शन करना चाहिए, जनता के मुद्दे उठाने चाहिए, न कि अपनी स्वार्थ की राजनीति करनी चाहिए और मीडिया में सुर्खियों में रहने के लिए प्रोटेस्ट नहीं करना चाहिए।